रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 30.0° | अधिक. 30.6°
न्यून. 23.0° | न्यून. 23.6°
रांची, शुक्रवार
22 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-200, पृष्ठ-12

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

# रांची में आईएसबीटी के साथ राज्य का सबसे बड़ा मॉल बनाएगी सरकार

1. आईसीबीटी परिसर में 7.36 लाख स्क्वायर फीट में शहर का सबसे बड़ा मॉल बनेगा

2. भीड़भाड़ और ट्रैफिक से दूर, लोगों को आरामदायक खरीदारी का अनुभव मिलेगा



सांकेतिक तस्वीर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इससे संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार रांची के दुबलिया इलाके में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के साथ राज्य का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल बनाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इससे संबंधित प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इस प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने कर्नाटक की एजेंसी 'आइडेक' को मॉल और आईएसबीटी का प्लान तैयार करने के लिए परामर्शी नियुक्त किया है। गुरुवार को एजेंसी ने विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के समक्ष प्लान पर प्रेजेंटेशन पेश किया। विभाग की ओर से प्लान में थोड़ी तब्दीली की गई है और एजेंसी को इसे एक हफ्ते में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है। निर्माण कार्य का जिम्मा राज्य सरकार की एजेंसी झारखंड अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी (जुडको) को सौंपा गया है। विभाग की ओर से बताया गया है कि आईएसबीटी में यात्रियों के लिए आरामदायक शेड, साफ हवा, झारखंड की संस्कृति को दिखाने वाली सजावट, एलईडी स्क्रीन, पार्किंग और सुरक्षा कक्ष होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 211 बस पड़ाव, शौचालय, टिकट काउंटर, एटीएम और छोटी दुकानों की सुविधा रहेगी। फर्स्ट फ्लोर पर वातानुकूलित प्रतीक्षालय, खाने-पीने की जगह और डॉरमेट्री होगी। पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐसा होगा कि यात्रियों को एयरपोर्ट के स्तर की सुविधाएं मिल सकें।

आईसीबीटी परिसर में ही बेसमेंट के साथ 7.36 लाख स्क्वायर फीट में सबसे बड़े मॉल का निर्माण कराया जाएगा। मॉल में दो बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा छह फ्लोर होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 28 दुकानें और सात खुली जगहें (एट्रियम) होंगी। पहले, दूसरे और तीसरे फ्लोर पर 29-29 दुकानें और सात एट्रियम होंगे। चौथे फ्लोर पर 27 दुकानें और सात एट्रियम, पांचवे फ्लोर पर 18 दुकानें, सात एट्रियम और एक रेस्टोरेंट तथा छठे फ्लोर पर 11 दुकानें, सात एट्रियम, चार स्क्रीन मल्टीप्लेक्स और दो रेस्टोरेंट होंगे। यह इलाका शहर के रिंग रोड के किनारे स्थित है और यहां से आसपास के शहरों की बेहतर कनेक्टिविटी है, इसलिए ऐसा शॉपिंग मॉल बनाया जाएगा, जहां लोग भीड़भाड़ और जाम से दूर, आराम से खरीदारी कर सकें।



## राजधानी में सेना भर्ती रैली आज से

**रांची।** सेना में भर्ती होने का सपना देखने वाले झारखंड के लाखों युवकों के लिए एक बेहद सुनहरा अवसर है. राजधानी रांची के खेलगांव में ५'* 22 अगस्त से 4 सितंबर तक सेना भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है. इस भर्ती रैली में विभिन्न पदों के माध्यम से युवाओं को सेना में भर्ती होने का मौका मिलेगा. सेना भर्ती रैली के मद्देनजर प्रशासन ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। सेना भर्ती रैली में न्यूनतम 8वीं पास युवाओं को शामिल होने का मौका मिलेगा।

## रास में ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पारित मनी गेमिंग पर लगेगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 पेश किया। राज्यसभा में भारी हंगामे के बीच यह विधेयक गुरुवार को ही पारित भी हो गया। इस दौरान सदन में नारेबाजी होती रही, जिसके कारण बिना चर्चा के ही यह बिल पारित किया गया।

## उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी ने भरा पर्चा

**नई दिल्ली।** इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को शीर्ष विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के खिलाफ उतारा गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### जीएसटी के 5 और 18 फी सदी स्लैब को जीओएम की मंजूरी

# 12 और 28 प्रतिशत वाले स्लैब होंगे खत्म





एजेंसी । नई दिल्ली

देशभर में लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में जीएसटी रेट रेशनलाइजेशन पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, जिसमें दो टैक्स स्लैब — 12% और 28%- को हटाने की सिफारिश की गई थी। बैठक की अध्यक्षता बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि सरकार अब केवल 5%, 18% और विशेष वस्तुओं के लिए 40% की दर रखने की योजना पर आगे बढ़ेगी। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने वर्तमान चार स्लैब - 5%, 12%, 18% और 28% - की जगह एक नई दो-स्तरीय संरचना लाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के तहत, 5% और 18% दो प्रमुख टैक्स दरें होंगी। योजना के मुताबिक, जो वस्तुएं अब तक 12% टैक्स के दायरे में थीं, उनमें से करीब 99% सामानों को 5% स्लैब में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं 28% टैक्स वाले करीब 90% उत्पादों और सेवाओं को 18% स्लैब में लाने की बात कही गई है। हालांकि, कुछ खास वस्तुएं जैसे पान मसाला, तंबाकू और ऑनलाइन गेमिंग, जिन्हें सरकार 'हानिकारक वस्तुएं' (ऊीॄ१र* ऋङ्क्ष्ङ्क्ष२ी) की श्रेणी में रखती है, उन पर 40% का विशेष टैक्स स्लैब लागू करने का प्रस्ताव है।

## रोजाना इस्तेमाल की चीजें होंगी सस्ती

### कौन-कौन थे इस फैसले के पीछे?

बैठक की अध्यक्षता बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। इस 6-सदस्यीय समूह में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और केरल के मंत्री शामिल थे।

### निर्मला सीतारमण ने क्या कहा?

वित्त मंत्री ने कहा कि इस दर पुनर्गठन से आम जनता, किसानों, मध्यम वर्ग और टरटए2 को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा यह व्यवस्था सरल, पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी होगी।

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्या कहा? :** वित्त मंत्री ने कहा कि इस दर पुनर्गठन से आम जनता, किसानों, मध्यम वर्ग और टरटए2 को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अलावा यह व्यवस्था सरल, पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी होगी।

### किस चीज पर कितना असर पड़ेगा?





*सरकार का कहना है कि इससे जीएसटी प्रणाली ज्यादा सरल हो जाएगी और टैक्स अनुपालन में भी सुधार होगा*

### बीमा पर जीएसटी छूट की बात भी कही

बैठक में केंद्र के उस प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई जिसमें स्वास्थ्य और जीवन बीमा को जीएसटी से पूरी तरह छूट देने की बात कही गई थी। इस पर अधिकतर राज्यों ने सहमति जताई, लेकिन साथ ही ये भी कहा कि इसका लाभ पॉलिसीधारकों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना जरूरी है। इस छूट से सरकार को करीब ?9,700 करोड़ सालाना राजस्व का नुकसान हो सकता है। अब इस प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में पेश किया जाएगा, जहां अंतिम मुहर लगेगी। अगर यह पास होता है, तो यह देश के कर ढांचे में अब तक का सबसे बड़ा सुधार माना जाएगा।

### ये सामान सस्ते होंगे : इन पर टैक्स 12% से 5% होगा

एक्सपर्ट के मुताबिक सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, पेनकिलर दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड मिल्क, कुछ मोबाइल, कुछ कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती होंगी। इनके अलावा बिना बिजली वाले पानी के फिल्टर, इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1000 रुपए से ज्यादा के रेडीमेड कपड़े, 500-1000 रुपए की रेंज वाले जूते, ज्यादातर वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी कम टैक्स लगेगा। ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन शेष पेज 11 पर

**इन पर टैक्स 28% से 18% होगा :** सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कॉन्सेंट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कॉन्सेंट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट, डेंटल फ्लॉस।

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से, हंगामेदार होने के आसार

### अटल क्लिनिक व सूर्या हांसदा समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्ष खासकर भाजपा इस सत्र में आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए सरकार को घेरने की कोशिश करेगी। वहीं, विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष भी अपनी रणनीति बना लिया है। हाल के दिनों में जिस तरह से सूर्या हांसदा एनकाउंटर के मुद्दे को भाजपा लगातार उछाल रही है, उससे साफ है कि मानसून सत्र के दौरान भी यह मामला काफी जोर-शोर से उठाएगी।

इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से राज्य में चल रहे क्लिनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा के नाम से कर दिया गया है। इससे भी भाजपा काफी बौखलाई हुई है। इसके अलावा विधि व्यवस्था के मुद्दे पर भी सत्र में सरकार को घेरने का प्रयास करेगी है। वहीं, सीजीएल परीक्षा की जांच को लेकर भी भाजपा के तेवर अभी भी कड़े हैं। भाजपा ने 22 अगस्त को दोपहर एक बजे विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसमें यह तय होगा कि सत्र के दौरान किन-किन मुद्दों पर सरकार को घेरा जाएगा।



### पूर्व में गुरुजी के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया था विधानसभा का सत्र

मानसून सत्र पहले 1 से 7 अगस्त तक निर्धारित किया गया था। पहले दिन सत्र चला और फिर दो दिनों का अवकाश था। वहीं, 4 अगस्त को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण सत्र को तत्काल प्रभाव से अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

**27 अगस्त को रहेगा अवकाश :** मानसून सत्र अब 22 अगस्त से शुरू हो रहा है और 28 अगस्त तक चलेगा। इस बार कुल चार कार्यदिवस होंगे। 23 अगस्त को शनिवार और 24 अगस्त को रविवार होने के कारण दोनों दिनों सत्र नहीं चलेगा। 27 अगस्त को भी? अवकाश रहेगा। सत्र के दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण? विधायी कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेगी। पहले दिन वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश होगा। इसके बाद शोक प्रस्ताव होगा। 25 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल और दूसरी पाली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले अनुपूरक बजट पर वाद विवाद होगा। 26 अगस्त को प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य होंगे। 28 अगस्त को भी प्रश्नकाल के बाद राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य होंगे। साथ ही गैर सरकारी संकल्प लाए जाएंगे।

## 12,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ राजस्व कर्मचारी



**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल की एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रामकंडा प्रखंड में कार्यरत एक राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया।

**● भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू एसीबी टीम की बड़ी कार्रवाई**

गिरफ्तार कर्मचारी की पहचान अरुण कुमार यादव के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, अरुण कुमार यादव वादी से ?12,000 की रिश्वत मांग रहा था। इस बात की शिकायत पीड़ित ने एसीबी से की। शिकायत सत्य पाए जाने के बाद एसीबी की टीम ने छापेमारी की योजना बनाई। जैसे ही आरोपी ने वादी से रिश्वत की रकम ली, एसीबी ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय ले जाया गया। टीम अब उससे जुड़े अन्य लेन-देन और भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच कर रही है।

शेष पेज 11 पर

## उग्रवादियों का तांडव दो वाहनों में लगाई आग क्षेत्र में दहशत का माहौल



**चतरा/लावालौंग।** जिले में लंबे समय बाद भाकपा माओवादियों ने एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए बुधवार की देर रात लावालौंग थाना क्षेत्र के लेंबोडीह विशनपुर गांव में दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात बड़ी संख्या में हथियारबंद उग्रवादी संतन गंझू की तलाश में गांव पहुंचे थे। संतन के घर पर नहीं मिलने से नाराज होकर उन्होंने घर के बाहर खड़ी एक सवारी गाड़ी और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी। इतना ही नहीं, उग्रवादियों ने संतन गंझू और एक अन्य ग्रामीण के घर को बाहर से ताला जड़कर बंद कर दिया और नारेबाजी करते हुए वहां से निकल गए। सूत्रों के मुताबिक, उग्रवादी संतन गंझू पर पुलिस को सहयोग करने का आरोप लगाते रहे हैं।

**● संतन पर उग्रवादियों ने लगाया पुलिस के सहयोग का आरोप**

शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# ट्रंप टैरिफ कुत्ते और युद्ध विराम, चर्चा और समाधान

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि निश्चित समय-सीमा के अंदर एनसीआर क्षेत्र से सभी आवारा कुत्तों को हटाया जाए। अचानक कुत्तों के बजाय बड़ी संख्या में कुत्ता प्रेमी सड़कों पर उतर आए और टीवी स्टूडियो में दिखने लगे। बहस के दौरान आंसू बहाते हुए ये लोग टीवी एंकरों पर ऐसे टूट पड़े, जैसे उन्हें ही काट खाएंगे। किसी भी एंकर ने कुत्तों के अधिकारों के लिए लड़ने वालों से यह नहीं पूछा कि उनमें से कितनों का कुत्तों ने कभी पीछा किया, कितनों को बुरी तरह घायल किया या काटा गया है, क्या उन्हें अस्पताल में 20 टांके लगवाने पड़े क्योंकि सभी कारों से चलने वाले सामान्य लोग हैं। विभिन्न अनुमानों के अनुसार एनसीआर में आवारा कुत्तों की संख्या छह से दस लाख तक है और राष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या करीब छह से सात करोड़ है। आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार उनकी नसबंदी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार एक नसबंदी के लिए आम तौर पर विभिन्न एजेंसियों को आठ सौ से पंद्रह सौ रुपए देती है। यह राशि अपर्याप्त मानी जा रही है, क्योंकि सर्जरी, पशु चिकित्सकों की फीस, कम से कम तीन दिनों तक कुत्ते के भोजन और आवास का खर्च कहीं ज्यादा है। पशु अधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह राशि कम से कम 1,800-2,200 रुपये होनी चाहिए। सात करोड़ का दो हजार से गुणा करें, तो यह राशि बहुत अधिक हो जाएगी। लेकिन, नसबंदी करने भर से कुत्तों के काटने या 'कुत्तों के झुंड' के हमले नहीं रुकेंगे, क्योंकि नसबंदी के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया जाएगा। समस्या यह है कि लोग गला फाड़कर चिल्ला तो रहे हैं, पर समाधान किसी के पास नहीं है। कुछ लोग कहते हैं कि उन्हें ताजा हवा और खुशी के लिए जंगलों में छोड़ दो, उन्हें ऐसे आश्रय स्थलों में भेज दो, जिनका अस्तित्व ही नहीं हैं । यहां मर्फी का नियम सटीक बैठता है, 'किसी भी समस्या को बहुत जटिल बनाया जा सकता है, यदि उस पर खूब बहस हो!' हम बस बहसों में उलझे हुए हैं।पूरा देश बेरोजगारी, ट्रंप के टैरिफ, इस्राइल-हमास युद्ध, एसआइआर, पुतिन और ट्रंप, गाजा में मरते बच्चे, खाने की कमी या जीडीपी या यहां तक कि महंगाई को भूल गया है। बहस आवारा कुत्तों पर केंद्रित हो गई है। क्या हम कुत्तों को नौकरी पर नहीं रख सकते? ये संकर नस्ल के कुत्ते मजबूत और फुर्तीले होते हैं। इन्हें लाड़-प्यार की जरूरत नहीं होती और इनका रखरखाव भी बहुत कम है। इनके सुनने और सूंघने की क्षमता भी अच्छी होती है। गांवों की तरह घर में रखने पर वैक्सीन समेत एक कुत्ते का मासिक खर्च औसतन ढाई हजार रुपए आएगा। भारत में 6.3 करोड़ एमएसएमई और करीब तीन लाख कारखाने हैं। इसके अलावा, लाखों भंडारण गोदाम भी हैं। उनमें से प्रत्येक को सुरक्षा की जरूरत होती है। ऐसे में ये कुत्ते सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का बड़ा जरिया हो सकते हैं। आठ घंटे की शिफ्ट के लिए एक गार्ड को करीब 15,000 रुपये प्रतिमाह देने पड़ते हैं। इससे सुरक्षा मजबूत होगी और खर्च भी कम होगा। उन्हें जर्मन शेफर्ड होने की भी जरूरत नहीं है, कोई भी नस्ल घुसपैठिए को देखकर भौंक सकती है। इससे बेजुबानों को अच्छा जीवन मिल जाएगा और पेटा भी इससे खुश होगा। पेटा से तो इस योजना के क्रियान्वयन पर नजर रखने के लिए कहना चाहिए। कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा परिभाषित भारत में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधियों में गरीबी उन्मूलन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देना, पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति का समर्थन करना शामिल है। एक या कई कुत्तों के रखरखाव की लागत को सीएसआर ऑफसेट में शामिल किया जा सकता है। कुत्ता प्रेमी और एनजीओ इस उद्देश्य के लिए एक कोष बना सकते हैं-उन्हें 'कुत्तों को दान देकर' खुश होने दें। अगर आप बाल अधिकार, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, मानव अधिकार और आपदा राहत के लिए किसी भी एनजीओ को दान दे सकते हैं, तो कुत्तों के लिए क्यों नहीं? पूरे भारत में अनेक एनजीओ जानवरों के अधिकार संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक





एआई जेनरेटेड

## वज्रपात की चपेट में आने से स्कूल से लौट रही तीन छात्राओं की मौत

### नरकोपी थाना क्षेत्र के होंदपिढ़ी गांव की है घटना



नवीन मेल संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत नरकोपी थाना क्षेत्र के बेयासी पंचायत अंतर्गत होंदपिढ़ी गांव में हुई वज्रपात की घटना में तीन बच्चियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा गुरुवार शाम लगभग करीब साढ़े तीन बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार होदपीढ़ी के प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी होने के बाद सभी बच्चे अपने-अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। मृतकों में 12 वर्षीय अंजलिका उरांव, 5 वर्षीय परी उरांव और 6 वर्षीय अर्चना उरांव शामिल है मृतकों में 12 वर्षीय अंजली का स्कूल से छुट्टी होने के शेष पेज 11 पर

## 130वां संविधान संशोधन संवैधानिक नैतिकता के पक्ष में, भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध : अजय साह

● जेल से सरकार चलाने की परंपरा अब होगी समाप्त : भाजपा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि जेएमएम संवैधानिक प्रक्रिया का विरोध कर रही है। अजय साह ने स्पष्ट किया कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक, जिसे संसदीय प्रक्रिया के तहत संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया है, पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता है। उन्होंने कहा कि इसे असंवैधानिक कहना हास्यास्पद है और जेएमएम नेताओं की संवैधानिक समझ पर प्रश्न खड़ा करता है।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है जब एक कानून संवैधानिक नैतिकता के आधार पर बनाया जा रहा है, जो संविधान निमार्ताओं की सोच और दृष्टि के अनुरूप है। अजय साह ने कहा कि जिस नैतिक राजनीति की नींव पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने रखी थी, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आगे बढ़ा रही है प्रदेश प्रवक्ता ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि एक समय इंदिरा गांधी ने 39वें संविधान संशोधन के जरिए खुद को न्यायिक जांच प्रक्रिया से ऊपर रखने का प्रयास किया था, जबकि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विधेयक के अंतर्गत प्रधानमंत्री के पद को भी कानून के दायरे में लाकर एक ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अजय साह ने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद मुख्यमंत्री और मंत्री द्वारा जेल के अंदर से सरकार चलाने की परंपरा समाप्त हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी समेत वे सभी दल, जिन्होंने कभी ऐसे ही संशोधन का समर्थन किया था, आज इस पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि जिन नेताओं को अपने काले कारनामों के उजागर होने और सजा मिलने का डर है, वही इस कानून का विरोध कर रहे हैं। जबकि हर वह नागरिक जो एक स्वच्छ और जवाबदेह लोकतंत्र की परिकल्पना करता है, इस विधेयक का समर्थन कर रहा है।

### राज्यपाल ने 'स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025' का किया उद्घाटन, कहा

# एक्सपो कौशल विकास और आधुनिकता का जीवंत संगम है

● यह भारत की वैज्ञानिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन है

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मेगा प्रदर्शनी 'स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025' का उद्घाटन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंपे कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि ज्ञान, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिकता का जीवंत संगम है, जो युवाओं, शोधकर्ताओं, उद्यमियों और नीति-निर्माताओं को एक सूत्र में जोड़ने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में कौशल विकास, कृषि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प, पर्यटन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जो नए भारत की प्रगति की दिशा तय कर रहे हैं।

राज्यपाल ने विशेष रूप से इस तथ्य की सराहना की। इस प्रदर्शनी में डीआरडीओ, इसरो, सीएसआईआर और आईसीएमआर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों सहित विभिन्न विभाग एवं संगठन अपनी उपलब्धियां और नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की वैज्ञानिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन है। उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि चंद्रयान-3 तथा सूर्य मिशन आदित्य एल-1 ने पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के योगदान की भी सराहना की और उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा-पुंज बताया।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक्सपो वोकल फॉर लोकल की भावना को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 में युवाओं एवं शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। झारखंड की पावन भूमि अपनी प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और परिश्रमी मानव संसाधन के कारण राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान देती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह एक्सपो युवाओं को रचनात्मकता, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण की दिशा में प्रेरित करेगा। राज्यपाल महोदय ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं आगंतुकों को शुभकामनाएं देते हुए स्वर्णिम भारत और समृद्ध झारखंड के निर्माण के लिए सभी को निष्ठा और संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



## राज्यपाल से मिला संघ का शिष्टमंडल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय सहायक संघ का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।



## राज्यपाल से मिला अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय अनुबंध शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट किया। वहीं राज्यपाल को अवगत कराया कि वे पिछले 5 से 15 वर्षों तक राज्य के महाविद्यालयों में सेवाएं देते रहे हैं, किन्तु महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने के कारण गंभीर बेरोजगारी की समस्या हो गई है। शिष्टमंडल ने इस दिशा में राज्यपाल से पहल करने का आग्रह किया।

## झारखंड की ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री से मिले डॉ प्रदीप कुमार वर्मा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड बीजेपी के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य की गंभीर समस्याओं एवं चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ वर्मा ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण की वजह से झारखंड की जनसंख्या संरचना में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा है। कोयल चोरी और ध्वस्त कानून व्यवस्था ने राज्य को संकट की स्थिति में खड़ा कर दिया है। उभरते हुए संथाली आदिवासी आंदोलनकारी नेता सूर्य नारायण हाँसदा की पुलिस द्वारा सुनियोजित नृशंस हत्या की घटना ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार ने झारखंड की प्रगति और जनता के विश्वास दोनों को गहरी चोट पहुंचाई है। डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु किए जा रहे कार्य सराहनीय और ऐतिहासिक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से झारखंड की इन चुनौतियों का समाधान अवश्य होगा।

## 11 हजार वोल्ट का तार चुराकर चोर फरार, केस दर्ज



**रांची।** प्रमुख संवाददाता रांची के धुर्वा फिल्टर प्लांट के पास से चोर 11 हजार वोल्ट के तीन फेज का तार चुराकर फरार हो गए। घटना 11 अगस्त की है। इस संबंध में आरडीएसएस परियोजना के ठेकेदार अवधेश कुमार ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अवधेश कुमार ने पुलिस को बताया कि परियोजना के अंतर्गत उन्हें एनसीसी लिमिटेड कंपनी से विद्युतीकरण का कार्य कराने का ठेका मिला हुआ है। धुर्वा पावर सब स्टेशन से डैम गेट के पास काम हो चुका है। फिल्टर प्लांट से एक किलोमीटर तक कार्य किया जा रहा है। 11 अगस्त को चोर तार चुराकर फरार हो गए। जिसकी कीमत एक लाख रुपए के करीब है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

## रिम्स में जनसंख्या अनुसंधान केंद्र खोलने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात किया। उन्हें झारखंड की राजधानी रांची में स्थित रिम्स में जनसंख्या अनुसंधान केंद्र खोलने से संबंधित आग्रह पत्र सौंपा। उन्हें अवगत कराया कि रिम्स में प्रत्येक वर्ष झारखंड सहित बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से लाखों की संख्या में लोग उपचार कराने के लिए आते हैं। इतना बड़ा संस्थान होने के बावजूद यहां स्वास्थ्य, मातृ शिशु मृत्यु दर, जनसंख्या वृद्धि एवं परिवार कल्याण जैसे विषयों पर शोध और विश्लेषण की जानकारी का अत्याधिक अभाव होता है।

इस वजह से कई कामकाज प्रभावित भी होते हैं, ऐसे में यह आवश्यक है कि रिम्स, रांची में जनसंख्या अनुसंधान केंद्र आरंभ किया जाए ताकि झारखंड सहित आसपास के कई राज्यों को इसका लाभ मिल सके। इस मुद्दे पर माननीय मंत्री जी ने सार्थक कदम उठाने की बात कही है।

## यूरिया की कालाबाजारी करते पकड़े गए तो लाइसेंस होगा रद्द : कृषि मंत्री

● जनता दरबार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित जनता दरबार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने यूरिया की कालाबाजारी के मामले में साफ कहा कि जो भी ऐसा कर रहे हैं, वे सुधर जाएं। कालाबाजारी को लेकर लगातार छापेमारी होगी। ऐसा करते पकड़े गए तो लाइसेंस रद्द होगा। सरकार की पूरी निगाह है। पलामू में कालाबाजारी की शिकायत पर चार दुकानों का लाइसेंस निलंबित किया गया है। वहीं, किसानों की समस्याओं को देखते हुए अतिरिक्त यूरिया की आपूर्ति के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा गया है।

**यूरिया की समस्याओं को लेकर होलसेलरों के साथ बैठक आज**

कृषि मंत्री ने कहा कि यूरिया की समस्याओं को लेकर होलसेलरों के साथ शुक्रवार को बैठक होगी। इसके लिए विभागीय सचिव और निदेशक को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं को लेकर सरकार किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। लोकतंत्र में सारी व्यवस्था जनता को सुलभ सुविधा समय पर उपलब्ध कराने के लिए होती है।

**1.32 लाख रुपए आया बिजली बिल**

हिंदपीढ़ी निवासी मो शमीम जलील 1,32,000 रुपए का बिजली बिल आने पर परेशान दिखे। उन्होंने जनता दरबार में ध्यान आकृष्ट कराया, तो मंत्री ने मामले में संबंधित अधिकारी से बात कर इसमें सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अधिक बिजली बिल के अन्य मामलों को भी प्राथमिकता के आधार पर सुधार करें।

**74 लोगों ने रखीं समस्याएं**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि जनता दरबार में कुल 74 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें प्रमुख रूप से पेंशन, अधिक बिजली बिल, तालाब जीर्णोद्धार, यूरिया कालाबाजारी, जल संकट, मंईयां सम्मान योजना, जाति-आय प्रमाण पत्र व गंभीर बीमारी से जुड़े मामले आये। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि ऐसी व्यवस्था बनायें कि लोगों को कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। जनता दरबार में लाल झड़ी देवी, संतोष जायसवाल, जोशना एक्का, नवीन कुमार सिंह, रालहो कुजूर, भोला दास, शबनम परवीन, शिवाशीष कुमार, अजय मंडल, लकी कुमारी, हेमलाल तुरी, ममता तिर्की, ओमप्रकाश गोप, राम भंजन सिंह मुंडा, मुन्ना नायक, पंकज महतो, अनिल दास, प्रिय रंजन सिंह, फिरोज अंसारी, राजेश चौधरी, जय किशोर ठाकुर आदि समस्या लेकर पहुंचे थे। जनता दरबार में कांग्रेस पार्टी की ओर से अभिलाष साहू, राजन वर्मा, निरंजन पासवान, राकेश किरण महतो, नरेंद्र लाल गोपी, राजीव चौधरी आदि उपस्थित थे।

### स्वीकृति और राशि जारी होने के तीन साल बाद भी नहीं बनी सड़क

## देवलतांड़ के विकास को लेकर लापरवाही बरत रहे अधिकारी : संजय सेठ

● रक्षा राज्य मंत्री के आग्रह पर नितिन गडकरी ने दिए जांच के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के ईचागढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे देवलटांड़ में जैन धर्मावलंबियों के भगवान आदिनाथ का अति प्राचीन मंदिर स्थित है। लगभग 3000 वर्ष पुराने इस मंदिर तक जाने के लिए सड़क नहीं थी। इस मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने वर्ष 2022 में यहां सड़क निर्माण का आग्रह केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से किया था। इस क्षेत्र के विकास का मामला लोकसभा में भी उठाया था। इस आग्रह के आलोक में उन्होंने 2.1 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसके लिए राशि भी झारखंड सरकार के संबंधित विभाग को भेज दी गई। दुर्भाग्यवश उपरोक्त सड़क का निर्माण आजतक नहीं हो पाया। आज भी श्रद्धालुओं को उपरोक्त पवित्र स्थल तक जाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता है। इस मामले को लेकर संजय सेठ ने पुनः नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और पूरी वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराया। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उन्होंने इस मामले की जांच का निर्देश भी दिया है। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि लगभग 3000 वर्ष पुराने उपरोक्त स्थल तक जाने के लिए केंद्र सरकार ने सड़क बनाने की स्वीकृति दे दी। राशि भी निर्गत कर दी परंतु झारखंड के अधिकारियों ने सड़क बनाना जरू री नहीं समझा। यह बताने के लिए काफी है कि किस कदर झारखंड को विकास से दूर किया जा रहा है।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## शराब घोटाले की जांच और गिरफ्तारी जनता की आंखों में धूल झोंकना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। मुझे आशंका थी कि शराब घोटाले की जांच और गिरफ्तारी केवल जनता की आंखों में धूल झोंकना था। जिस प्रकार आनन-फानन में एसीबी ने एक बड़े अधिकारी को पूछताछ के लिए बुलाया और तुरन्त गिरफ्तार कर लिया, उस समय दिखाई गई तत्परता अब न जाने कहां गायब हो गई है। यह बात आम जनमानस को पच नहीं रही है कि आपकी सरकार तीन महीने के भीतर एक चार्जशीट तक दाखिल नहीं कर पाई, जिसके कारण एक-एक कर जेल में बंद सारे आरोपियों को जमानत मिल रही है।

भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर मामलों में जांच एजेंसियांअभियुक्तों से पूछताछ करती है तो उसके पूरे बयान को बाकायदा प्रमाणस्वरूप हूबहू रिकार्डिंग करा कर सुरक्षित रखती है। खासकर बडे अधिकारियों या दूसरे प्रभावशाली अभियुक्तों के मामले में तो यह किया ही जाता है। मुझे पता चला है कि एसीबी ने जिन अधिकारियों व पदाधिकारियों को गिरफ़्तार कर पूछताछ किया है उनमें से किसी के भी पूरे पूछताछ की रिकॉर्डिंग नहीं रखी गयी है ताकि जाँच अधिकारी को जो मन मुताबिक लगे वही बयान दर्ज करे, जिसको चाहे उसको फं सा दें और जिसको चाहे उसको बचा ले। यह मेरे समझ से परे है कि ये सब गोरखधंधा, समय पर चार्जशीट न करने की योजना पर काम आप की सहमति से हुआ है या नहीं? मुझे तो नहीं लगता कि इतना बड़ा गोरखधंधा और डील बिना आपकी इजाजत के करने की हिम्मत कोई अधिकारी कर सकता है? विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री के नाते अगर ये सब आपकी जानकारी और सहमति से हुआ है और हो रहा है तब तो भगवान ही मालिक हैं। लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो बिना विलंब दोषी अफसरों पर कार्रवाई करें ताकि जाँच की आंच देर सबेर आप तक न पहुँच जाय।

मैंने पूर्व में भी कई पत्रों के माध्यम से आपको इस तथाकथित शराब नीति की खामियों और एक बड़े घोटाले के प्रति सचेत किया था। लेकिन आपने उन पर कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझा। आपकी निष्क्रियता से यह स्पष्ट होता है कि यह घोटाला हुआ नहीं, बल्कि साजिशन करवाया गया जिस अपराध के लिये आप भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा का तृतीय (मानसून) सत्र आज शुक्रवार से 28 अगस्त तक आहूत है। इसे लेकर विधानसभा परिसर के 1000 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 1000 मीटर के दायरे में (उच्च न्यायालय को छोड़कर) निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 22 अगस्त के सुबह 08:00 बजे से 28 अगस्त के रात्रि 10:00 तक के लिए तक प्रभावी रहेगा।

### झारखंड के एनडीए सांसदों ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का किया सम्मान




**रांची।** नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के आवास पर झारखंड एवं बिहार के एनडीए सांसदों ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का अभिनंदन एवं स्वागत किया व जीत की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर झारखंड से भाजपा, आजसू, जदयू के सांसदगण उपस्थित थे। इसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, निशिकांत दुबे, बीडी राम, विद्युत वरण महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण सिंह, ढुल्लू महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी, खीरू महतो शामिल रहे।

### आजसू ने विवि प्रशासन का जलाया पुतला



**रांची।** आजसू ने रांची विश्वविद्यालय में व्याप्त समस्या को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से विश्विद्यालय प्रशासन का शव यात्रा के रूप में आक्रोश मार्च करते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुंचा। वहीं प्रदर्शन व नारेबाजी और शव का दाह संस्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया। कुलपति के अनुपस्थिति पर रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव, परिक्षा नियंत्रक ,प्रॉक्टर, सीसीडीसी एवं अन्य अधिकारियों को लगातार 5-6 घंटों बंदी बना कर रखा । तत्पशाचत कुलपति को विवश होकर आजसू के कार्यकर्ताओं से वार्ता के लिए आना पड़ा। उसके बाद कुलपति को भी आधे घंटे तक घेर कर रखा। कुलपति के बार बारआग्रह करने के बाद आक्रोशित आजसू कार्यकता वार्ता के लिए राजी हुए और अपनी 10 सूत्री मांगों को उनके समक्ष रखा। मौके कपर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो,प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शाहदेव देव, प्रताप सिंह गौरभ सिंह , राजेश सिंह, सक्षम झा, रोशन नायक, योगेश ,मोहन,राज दुबे,पीयूष सिंह, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बच्ची से दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार, सजा 26 को

**रांची।** स्कूल छोड़ने के बहाने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त पौलुस तिर्की को पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 26 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। घटना को 12 सितंबर 2022 को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने दूसरे दिन नामकुम थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें अभियुक्त पर आरोप है कि 12 सितंबर 2022 की सुबह आठ बजे बच्ची के घर आया और बच्ची को स्कूल भेजने के बहाने ले गया और करीब 10 बजे बच्ची रोते हुए घर वापस आई।

# बाल विवाह मुक्त झारखंड के लिए आगे आना होगा : मुख्य सचिव

● मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 'बाल विवाह मुक्त झारखंड' का सपना को साकार बनाने की दिशा में यह कायार्शाल एक महत्वपूर्ण कदम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, अन्तर्गत झारखंड महिला विकास समिति एवं समाज कल्याण निदेशालय, द्वारा न्यायिक अकादमी रांची में बाल विवाह मुक्त झारखंड विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। यह झारखंड में पहली बार सभी एसडीओ और डीएसडब्ल्यूओ को बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें बाल विवाह निषेध अधिनियम (पी.सी.एमए) 2006 और राज्य नियम 2015 के अनुसार बाल विवाह निषेध अधिकारियों के रूप में 2023 में झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य के सभी एसडीओ और डीएसडब्ल्यूओ को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के संदर्भ में उन्मुख करना है और बाल विवाह समाप्त करने के लिए राज्य कार्य योजना 2025-2030 तैयार करने की शुरूआत भी की है।

## मुख्य सचिव ने बाल विवाह उन्मूलन पर जताई चिंता



अबुआ सरकार झारखंड के किशोरियों और महिलाओं को कई पहलुओं में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 'बाल विवाह मुक्त झारखंड' का सपना को साकार बनाने की दिशा में यह कायार्शाल एक महत्वपूर्ण कदम है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य सचिव अलका तिवारी मुख्य अतिथि थी। मौके पर मुख्य सचिव ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के 79 वर्षों के बाद भी हम अपने राज्य में बाल विवाह को समाप्त करने पर चर्चा कर रहे हैं। भारत एक प्रगतिशील देश है जिसने सभी प्रमुख बाल संरक्षण संबंधी अंतर्राष्ट्रीय संधियों की पुष्टि की है। हमारे पास बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 एवं राज्य सरकार की नियमावली 2015 जैसी मजबूत कानून मौजूद है। फिर भी हम सही तरीके से इन कानूनों के कार्यान्वयन में संघर्ष कर रहे हैं। उनके द्वारा बताया गया कि हमारे समुदाय में इस बात की कमी है कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने अधिकारियों और मीडिया के साथ-साथ नागरिक समाज संगठन से बाल विवाह रोकने में सह भागिता निभाने की अपील की। उन्होंने किशोरों एवं किशोरियों को यौन, प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिक्षा पर जोर देने का सुझावा दिया।

इस अवसर पर मनोज कुमार, सचिव, महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने बेटियों की शिक्षा, जीवन कौशल रोजगारपरक शिक्षा पर जोर देने का सुझाव दिया गया। ताकि वे अपने जीवन में स्वयं निर्णय ले सके। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम से बालिकाओं को सशक्त करने और समय के साथ विवाह में सहयोग करता है। बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) का यह एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला कानूनी प्रवाधानों को समझ कर क्षेत्र में लागू करने में मददगार होगा।

# शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजे झारखंड विधानसभा : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिवंगत शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग उठाई है। पार्टी के महासचिव और प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने 22 अगस्त से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में इस आशय का प्रस्ताव पारित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का यह सत्र ऐतिहासिक बन सकता है, अगर सदन से शिबू सोरेन को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। पांडेय ने कहा कि 22 अगस्त को जहां अनुपूरक बजट पेश होगा और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी, वहीं 26 अगस्त को अतिवृष्टि और किसानों की समस्याओं पर चर्चा होगी। ऐसे में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन की आवाज गुरुजी के सम्मान में एकजुट होकर दिल्ली तक पहुंचे। पांडेय ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने नशाखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन छेड़ा, आदिवासी समाज को शिक्षा व सामाजिक चेतना से जोड़ा और अलग राज्य निर्माण आंदोलन को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया। झारखंड राज्य निर्माण के संघर्ष से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरुजी का योगदान केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी सामाजिक न्याय और हक-हकूक की लड़ाई लड़ी। ऐसे महापुरुष को भारत रत्न देने की पहल अब तक केंद्र सरकार को खुद करनी चाहिए थी। भाजपा के सांसद और विधायकगण को भी इस मांग के समर्थन में आगे आना चाहिए क्योंकि शिबू सोरेन एक सर्वमान्य नेता थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर झारखंड विधानसभा से यह प्रस्ताव पारित होकर केंद्र तक जाएगा तो यह न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों को गौरवान्वित करेगा। उन्होंने सत्ताधारी दल से आग्रह किया कि इस प्रस्ताव को प्राथमिकता से सदन में लाकर पारित कराया जाए।

# रांची में दुर्गा पूजा पंडालों को तैयार करने का काम जोरों पर

नवीन मेल संवाददाता। रांची



रांची में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं और शहर के कोने-कोने में पंडाल आकार लेने लगा है. इस बार भी राजधानी के कई प्रमुख पूजा समितियां अपने अनोखे थीम और विशालकाय पंडालों से लोगों को आकर्षित करने की तैयारी कर रही हैं.

हर साल की तरह इस बार भी बकरी बाजार का पंडाल खास आकर्षण का केंद्र रहेगा. पूजा समिति के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस बार पंडाल का थीम कंबोडिया के विश्वप्रसिद्ध अंकोर वट मंदिर पर आधारित होगा. 14,500 वर्ग फीट क्षेत्र में फैले इस पंडाल को अब तक का सबसे विशाल पंडाल बताया जा रहा है. यहां स्थापित की जाने वाली मां दुर्गा की प्रतिमा लगभग 26 से 27 फीट ऊंची होगी।हरमू का पंडाल भी इस बार बेहद खास होने वाला है. ये पंडाल लगभग 70 लाख रुपये की लागत में बनाया जा रहा है. इसे उत्तर प्रदेश के वृंदावन स्थित प्रेम मंदिर की झलक पर तैयार किया जा रहा है. समिति ने बताया कि प्रतिमा का निर्माण कोलकाता के मूर्तिकारों द्वारा किया जा रहा है और इसे रांची लाकर स्थापित किया जाएगा. खास बात यह है कि दुर्गा पूजा के दौरान यहा कृष्ण लीला का आयोजन भी किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण होगा। रांची रेलवे स्टेशन का पंडाल इस बार दक्षिण भारत के तिरुपति बालाजी मंदिर की झलक पेश करेगा. यहां मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी, जिससे पंडाल और भी भव्य दिखाई देगा। पूरे शहर में अलग-अलग थीम पर पंडाल बनाए जा रहे हैं. ऐसे में इस बार रांची की दुर्गा पूजा श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए बेहद खास और यादगार साबित होने वाली है।

## हाईकोर्ट से संजय सेठ को बड़ी राहत अदालत ने दर्ज एफआईआर की जांच पर लगाई रोक

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट ने संजय सेठ पर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए संजय सेठ को अंतरिम राहत प्रदान की और मामले की जांच पर रोक लगाई. साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने कोर्ट में बहस की. बहस के दौरान उन्होंने कोर्ट को बताया कि बीजेपी नेता अनिल टाईगर की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में संजय सेठ सहित अन्य नेताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था. जिसके बाद संजय सेठ सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था. कोर्ट को बताया गया कि ये प्राथमिकी उचित नहीं है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए।

## हरमू सड़क हादसे के आरोपी की जमानत पर सुनवाई 25 को

**रांची।** अरगोड़ा-हरमू मार्ग पर 10 अगस्त को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गिरफ्तार आरोपी आदर्श राज उर्फ मोहित राज ने दूसरी बार जमानत की गुहार लगाते हुए न्यायायुक्त की अदालत में याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर न्यायायुक्त एके मिश्रा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 25 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। इसी मामले में घटना के दूसरे दिन न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दाखिल जमानत याचिका को सुनवाई पश्चात 13 अगस्त को खारिज कर दिया गया था। सड़क हादसे में एक महिला और दो बच्चियों की मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से जख्मी दो लोग इलाजरत हैं। हादसे के बाद एसयूवी चालक आदर्श राज को मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, तब से वह जेल में है। घटना को लेकर चालक के खिलाफ अरगोड़ा थाना में हत्या, साक्ष्य मिटाने समेत अन्य आरोप में कांड संख्या 164/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ आज केंद्र सरकार का पुतला फूंकेगा झामुमो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ झामुमो शुक्रवार को पूरे राज्य में केंद्र सरकार का पुतला फूंकेगा। झामुमो कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इसकी आशंका उन्हें 2019 से ही थी। शायद इसीलिए मैं इस पूरे प्रकरण को इंड ऑफ डेमोक्रेसी कहता हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश से लोकतंत्र को समाप्त करने के लिए भाजपा सरकार ने पहले अपने विरोधियों के खिलाफ इडी व सीबीआइ का इस्तेमाल किया। बाद में चुनाव आयोग को भी इसमें शामिल कर लिया। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में एसआइआर में गड़बड़ी पकड़ी गयी, तो अब नया पैंतरा अपनाया गया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की वर्तमान 240 सीटों में से 100 सीटें चोरी करके प्राप्त की गयी हैं। असल में उनके पास केवल 140 सीटें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नानी यानी नायडू व नीतीश रूठे नहीं, इसकी तैयारी चल रही है। सुप्रियो ने बताया कि हाल में लोकसभा में सरकार ने कहा कि 1029 राजनीतिक विरोधियों पर इडी-सीबीआइ की कार्रवाई हुई, जिसमें केवल दो दोषी पाये गये, जो झारखंड से हैं- एनोस एक्का और हरिनारायण राय। जबकि डीएमके, आप, सपा, राजद, कांग्रेस, एनसीपी, टीएमसी जैसे दलों के राजनीतिज्ञों को निशाना बनाया गया, लेकिन कुछ नहीं मिला। सुप्रियो ने कहा कि विधेयक के माध्यम से ये तैयारी चल रही है कि विरोधियों को पहले पकड़ा जायेगा। 30 दिन जेल में रखा जाएगा।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम कार्यसमिति की बैठक 31 को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र 2025- 27 की प्रथम कार्यसमिति सदस्यों की एक बैठक 31 अगस्त को सुबह 11 बजे से पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आतिथ्य में रीवा रिसोर्ट एंड वेंक्वेट हॉल मानगो जमशेदपुर में रखी गई है।झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल द्वारा स्वागत एवं संबोधन, महामंत्री का प्रतिवेदन, प्रांतीय व प्रमंडलीय उपाध्यक्ष मंत्री का रिपोर्ट, पूर्व प्रांतीय अध्यक्षगण के उद्गार, संविधान संसोधन पर विचार, ट्रस्ट द्वारा लिए गए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नए कार्यालय पर विचार, सदस्यता विस्तार पर परिचर्चा, आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन की परिचर्चा, नई उमंग प्रांतीय अधिवेशन की रिपोर्ट, तथा मारवाड़ी सम्मेलन के भावी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कार्यसमिति के सभी सम्मानित सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

## सस्पीशियस ट्रांसफर वाहनों का रखा जाता हैं अलग रिकॉर्ड

नवीन मेल संवाददाता। रांची



वाहनों की खरीद बिक्री में वाहनों के मालिकों का नाम ट्रांसफर होता है। इसमें बीच बीच में कई मामले आते हैं जिसमें एक ही वाहन का अल्प समय में दो से तीन बार ट्रांसफर हुआ होता है। ऐसे मामले को ही वाहनों का सस्पीशियस ट्रांसफर माना जाता है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने जिले के डीटीओ अखिलेश कुमार से सवाल पूछे तो उन्होंने बताया कि एक ही वाहन को सप्ताह दो सप्ताह में बेच दिया जाता है और ऐसा कई बार होता है। ऐसे मामले सस्पीशियस ट्रांसफर में आते हैं और यह आशंका उत्पन्न होती है कि वाहन का अपराध में प्रयोग हो सकता है। हालांकि लोग अपनी जरूरत के हिसाब से ही गाड़ियों का ट्रांसफर कराते हैं लेकिन इसका अलग रिकॉर्ड रखा जाता है।

## ब्रह्माकुमारी का रक्तदान शिविर 24 अगस्त को

नवीन मेल संवाददाता। रांची



ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणी जी के स्मृति दिवस पर एक लाख यूनिट ब्लड जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बगान में 24 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में प्रसिद्ध अधिवक्ता व समाजसेवी आनन्द पसारी भी उपस्थित रहेंगे जिन्होंने अबतक 139 बार रक्त दान किया हैं। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान दिल्ली एनसीआर में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी रक्तदान किया। रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देते हुए निर्मला बहन ने कहा कि रक्त दान करने से मानव जीवन बचाने की खुशी होती है। रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, हार्ट अटैक, कोलेस्ट्रोल, कैन्सर जैसी बीमारियों से बचाव होता है।

**आज / कल**




## भादो बदी अमावस्या महोत्सव आज से शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्री राणी सती मंदिर कमेटी 22 एवं 23 अगस्त को श्री राणी सती मंदिर परिसर में दादी जी का भादो बदी अमावस्या महोत्सव 2025 बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। स्थानीय मंदिर प्रांगण में 22 अगस्त को प्रातः 6.30 बजे महोत्सव संयोजक श्याम अग्रवाल सपत्नीक द्वारा गणेश पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा एवं 8:00 बजे अखण्ड ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा। इसके बाद 501 सुहागन महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेश भूषा में दादी जी का मंगल पाठ किया जाएगा। अपराह्न 1:00 बजे से सुंदरकांड पाठ श्री हरि सत्संग समिति द्वारा किया जाएगा, संध्या 5:00 बजे से भजन संकीर्तन एवं मेहंदी उत्सव का कार्यक्रम है, 7:00 बजे से चुनरी उत्सव, रात्रि 8:30 बजे अखंड ज्योत पूणार्हुति एवं 9:00 बजे से 1:00 बजे तक चतुर्दशी जागरण किया जाएगा।

23 अगस्त को प्रातः 5:00 बजे से मंगला आरती, भव्य श्रृंगार, पूजा अर्चना एवं छप्पन भोग दादी जी को चढ़ाया जाएगा उसके बाद सवामणि का भोग प्रातः 6:00 बजे से दिनभर लगाया जाएगा। रात्रि 8:00 बजे महाआरती एवं 9:00 बजे समापन आरती कर कार्यक्रम का समापन होगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया ने बताया कि जो भी भक्त छप्पन भोग एवं सवामनी का भोग लगाना चाहते हैं वह मंदिर परिसर से आकर अपना कार्ड प्राप्त कर सकते हैं एवं सभी दादी भक्तों से आग्रह किया है कि दो दिवसीय भादो बदी अमावस्या में सहपरिवार सम्मिलित हो कर दादी जी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं भक्ति के पावन अवसर का लाभ उठाएं।

# बीएयू : छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण पर देहरादून पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता। रांची



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के 25 छात्र-छात्राओं का दल शैक्षणिक भ्रमण पर बृहस्पतिवार को वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून पहुंचा। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ज्योतिष कुमार केरकेट्टा और डॉ अनिल कुमार मार्गदर्शन के लिए उनके साथ गये हैं।

ये विद्यार्थी बीएससी ऑनर्स (वानिकी) सत्र 2021-22 के अन्तिम वर्ष के हैं। भ्रमण दल की देहरादून रवानगी के समय बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ एससी दुबे ने शैक्षणिक भ्रमण से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील विद्यार्थियों से की। इस अवसर पर वानिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक और निदेशक, छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल भी उपस्थित थे और उन्होंने दल को शुभकामनाएँ दी। भ्रमण पर गये वानिकी विद्यार्थी वनों उच्च पर्वतीय पाईन वनों के साथ तराई क्षेत्रों के वनों का तुलनात्मक एवं भौतिक अध्ययन करेंगे। साथ ही, वन आधारित प्लाई, पेपर, कत्था, रेजिन-टरपेनटाईन और पॉपलर तथा युकलिपटस आधारित कृषि-वानिकी प्रणाली से निकट से अवगत होंगे। वे मृदा एवं जल संरक्षण तथा वन्यजीव संरक्षण के तरीकों से भी वाकिफ होंगे। इस क्रम में छात्र-छात्राओं का दल देहरादून के समीपवर्ती इलाकों के अलावे वन अनुसंधान संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय वन्यजीव संस्थान, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान और वन आधारित औद्योगिक ईकाईयों का भ्रमण करेगा।



## बांस से हो रहा गणपति के पंडाल का निर्माण

# श्रद्धालुओं को रात्रि में पंडाल का कलर बदलता हुआ नजर आएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** श्री राधे कृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा समिति बेड़ो की ओर से इस वर्ष भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है ।पूरे पूजा पंडाल को टेराकोटा के घोड़ो जिसे बांकुड़ा घोड़ा भी कहते हैं जो अपनी लंबी गर्दन, सुंदर मुद्रा, और अनूठी अमूर्तता के लिए जाना जाता है का प्रारूप दिया जा रहा है। बप्पा का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को पूरे पूजा पंडाल में पारंपरिक टेराकोटा हस्तशिल्प, लोक कला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा पूजा पंडाल के निर्माण में विशेष रूप से असम से मगाये गए बांस जिसे फराठा बांस कहा जाता है उसे विभिन्न प्रकार के आकृति, डिजाइन, बनाया जा रहा है इसके साथ ही पंडाल के निर्माण में झोला, मिट्टी के बर्तन, कुल्हड़ का उपयोग भी किया जा रहा है , साथ ही पंडाल में विशेष प्रकार की लाइटिंग की जा रही है जिससे पंडाल का कलर रात्रि में श्रद्धालुओं को लगातार बदलता हुआ नजर आएगा जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा जिसकी भव्यता रात्रि में देखते ही बनेगी। पूजा पंडाल की लंबाई 90फीट व चौड़ाई 55 फीट होगी इसके निर्माण कार्य में बांकुड़ा के 45 कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर गणपति बप्पा का दर्शन करने के बाद, श्रद्धालु चलित मूर्ति का अवलोकन कर सकेंगे। समिति की ओर से इस वर्ष भव्य विद्युत सज्जा भी की जा रही है पूजा पंडाल आने वाले मार्गों पर कई तोरण द्वार जिसमें एफिल टावर, ड्रैगन, तितली द्वार, लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगाऔर साथ ही रंग बिरंगे लाइटों से विद्युत सज्जा भी की जा रही है। बप्पा की भव्य मूर्ति का निर्माण पंकज पाल और बिल्टन पाल कर रहे हैं।

## हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, युवती घायल

**नामकुम।** प्रशासन की लापरवाही से दो घरों का चिराग बुझ गया। हादसा सदाबहार चौक रावेल प्लेस के समीप हुई। जहां लगातार हो रही बारिश की वजह से शाम 7.30 बजे सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। जिससे नामकुम-खरसीदाग लिंक रोड पर आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना के चार घंटे बाद भी पेड़ नहीं हटाया गया। वहीं देर रात बाइक सवार पेड़ से टकरा कर मौत हो गई। बाइक सवार बसंत हेंब्रोम व प्रकाश हेंब्रोम शामिल थे। दोनों चचेरे भाई थे। वहीं बाइक सवार युवती मेघा खुशबू टोपनो का इलाज चल रहा है। मृतक खूंटी के तोरपा के मनमनी गांव व युवती खूंटी टाउन की रहनेवाली है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात 11 बजे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे पेड़ में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को रिम्स पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बसंत व प्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

## खेलो झारखंड महोत्सव अड़की में धूमधाम से समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

अड़की में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड महोत्सव का समापन हुआ। इस आयोजन में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फेक, जैब्रलिन थ्रो, कबड्डी, खो-खो और विभिन्न दूरी की दौड़ शामिल थीं। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रमुख कृष्णा मुंडा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल और एथलेटिक्स में भी छात्र अपना भविष्य बना सकते हैं। विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को खेल के क्षेत्र में निखार सकते हैं। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार दिया गया। सबसे अधिक पुरस्कार लेने वाले विद्यालय उच्च विद्यालय सिंदरी, कस्तूरबा बालिका विद्यालय अड़की, उच्च विद्यालय डोरेया और उच्च विद्यालय अड़की रहे। विजेता प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरपी राज किशोर प्रसाद, विपुल हालदार, मुकेश जायसवाल और अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज बॉक्स

### गौरव सम्मान समारोह आयोजित



**चान्हो।** प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी में गुरुवार को पहली बार पूर्व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दो होनहार पूर्व विद्यार्थी राहुल कुमार महली , एजीबी 32 विंग एयर फोर्स स्टेशन जोधपुर, एम-6 हेलीकॉप्टर यूनिट टैंक बूस्टर एवं अजय कुमार सिंह, सी-1 गनर यूनिट, आईएनएस तलवार, तमिलनाडु को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ, मोमेंटो और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। निदेशक अशोक बाघवार ने कहा कि माता-पिता और शिक्षक व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की नींव रखते हैं। ईमानदारी, दृढ़ इच्छाशक्ति और सच्ची लगन से किया गया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। दोनों पूर्व विद्यार्थियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा परिधि सहदेव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य अजय उरांव ने किया।

### बैंक आफ इंडिया खलारी ने ग्राहकों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी



**खलारी।** बैंक आफ इंडिया खलारी शाखा की ओर से गुरुवार को बुकबुका पंचायत भवन में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्राहक एवं आमजन उपस्थित थे। शाखा प्रबंधक शशिभूषण प्रसाद ने उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एवं अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं आमजन के सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं। शिविर के दौरान ग्राहकों से अपील की गई कि वे समय पर अपने बैंक खातों का केवाईसी पूरा करें तथा खातों को आधार से लिंक कर बैंकिंग सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करें। मौके पर इच्छुक लाभार्थियों का विभिन्न योजनाओं में एनरोलमेंट भी किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक के अलावा ब्रांच एडमिन इंचार्ज रजत कश्यप, बैंक के बिजनेस करेस्पान्डेंट स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद थे।

### किचन शेड में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने गैस सिलेंडर की चोरी की



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के ताबेर खुर्द गांव में ताला तोड़कर स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी कर ली गई। घटना बुधवार की रात की है। अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ताबेर खुर्द में गुरुवार की सुबह जब प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने किचन शेड का ताला टूटा हुआ पाया। ताला भी गायब था। अंदर प्रवेश करने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने देखा कि बच्चों के लिए पीएम पोषण योजना के तहत बनाई जाने वाली भोजन के लिए किचन शेड में रखे गैस सिलेंडर गायब था। लेकिन अन्य सामान को चोरों ने जैसा का तैसा छोड़ दिया था। लेकिन चोर गैस सिलेंडर ले गए और अपने साथ ताला भी लेते गए। इस संबंध में गुरुवार की शाम तक लापुंग थाना में मामला दर्ज नहीं किया गया था। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लापुंग थाना में मामला दर्ज कराया जाएगा। गुरुवार को ट्रेनिंग होने के कारण उन्हें समय नहीं मिल पाया। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड में अब तक कई विद्यालयों के किचन शेड में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है।

### ठनका की चपेट में आने से दुधारू मवेशी की मौत



**पिठौरिया।** गुरुवार शाम को ठनका की चपेट मे आने से इचापिडी पंचायत के पिरूटोला निवासी किसान जफर अंसारी का एक दुधारू मावेशी की मौत हो गई. किसान जफर अंसारी ने बताया की इस गाय पर उनके परिवार के जीविका चल रही थी. दुध का व्यवसाय कर घर का खर्चा का बोझ कम होता था. ठनका की चपेट मे आने से घर मे बंधे मावेशी की गठनास्थल पर ही मौत हो गई. किसान जफर अंसारी ने सरकार से मदत की गुहार लगाई है. उन्होंने कहा की प्राकृतिक आपदा के तहद उन्हें मुआवजा मिलनी चाहिए।

### रिनपास में संविदा नियुक्ति परीक्षा पर विवाद जांच की मांग




**पिठौरिया।** कांग्रेस कमेटी कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव और रिनपास निदेशक को पत्र लिखकर रिनपास में 24 अगस्त को होने वाली संविदा नियुक्ति परीक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि साइकियाट्रिक, नर्स, मेल-फीमेल वार्डर, ईसीजी टेक्नीशियन, लाइब्रेरियन, रिकार्ड कीपर, साइकोलॉजी लेबोरेटरी असिस्टेंट और अकाउंट क्लर्क समेत कई पदों पर भर्ती प्रक्रिया आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कराई जा रही है। यह परीक्षा पहले से तय कर ली गई है और चयनित उम्मीदवारों की सूची एजेंसी को सौंप दी गई है। इसमें रिनपास कर्मियों और स्वास्थ्य विभाग के परिजनों को शामिल कर भारी राशि लेने की तैयारी है। संजर खान ने कहा कि इस भर्ती विज्ञापन की प्रक्रिया केवल खानापूर्ति थी, जिसके चलते आदिवासी, अनुसूचित जाति और अल्पसंख्यक वर्ग के कई योग्य अभ्यर्थी आवेदन से वंचित रह गए। उनका कहना है कि रिनपास प्रबंधकारिणी समिति और निदेशक स्थायी नियुक्ति करने में सक्षम हैं, फिर भी आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से परीक्षा कराना स्थानीय लोगों के साथ अन्याय है।उन्होंने पूर्व निदेशक डॉ. जयति सिमलई पर मनमानी नियुक्तियों, वित्तीय घोटाले का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

## भगवान कृष्ण की छठी पर महिलाओं ने मनाया भव्य उत्सव



**खलारी।** श्रीजानकी रमण मंदिर परिसर में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति-भाव से किया गया। जन्माष्टमी के छह दिन बाद मनाया जाने वाला यह पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत और कृष्ण भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव में उपस्थित महिलाओं ने भगवान कृष्ण की छठी पर विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। सभी ने अंत में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप की भव्य आरती हुई और श्रद्धालुओं के बीच पारंपरिक प्रसाद तथा खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मीरा देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, मुन्ना देवी, लता देवी और संगीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी। आयोजन को सफल बनाने में पुजारी सर्वानंद दुबे के मार्गदर्शन में बिट्टू सिंह, अमरदीप राय, नागेंद्रप्रसाद सिन्हा, अवधेश यादव, बजरंगी केशरी और तुलसी राणा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मौसम बदलते ही खलारी में बीमारियों ने पकड़ी रफ्तार

# अस्पतालों में पहुंच रहे वायरल बुखार के मरीज लोग भयभीत



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** मौसम के बदलते मिजाज ने लोगों की सेहत बिगाड़ दी है। खलारी प्रखंड में वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रखंड के सरकारी व निजी अस्पतालों में इन दिनों मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। बारिश के बाद उमस और तेज धूप से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बीते एक सप्ताह में वायरल बुखार के मामलों में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। यह बीमारी बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी को अपनी चपेट में ले रही है। तेज बुखार उतरने के बाद भी मरीजों को कमजोरी, गले में दर्द, खांसी और सर्दी जैसी दिक्कतें बनी रहती हैं। साथ ही सिरदर्द, बदन दर्द, सांस और पेट की शिकायत लेकर भी बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इस मौसम में चिकित्सकों का कहना है कि हर लोगों को सचेत होना चाहिए और बासी खाना कभी नहीं खाना चाहिए। अभी बरसात का मौसम है सभी को अपने घरों के पास पानी नहीं जमा होने दें क्योंकि इससे मछरों की संख्या बढ़ जाती है जिससे बीमारियों की आशंक ज्यादा बढ़ जाती है।

### पीएचसी खलारी में रोज पहुंच रहे करीब 50 मरीज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलारी में प्रतिदिन करीब 50 मरीज वायरल बुखार के इलाज के लिए आ रहे हैं। वहीं, पीएचसी राय और मैकलुस्कीगंज में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रखंड के लगभग हर गांव और कस्बे में लोग प्रभावित हैं। लगातार बारिश और जलजमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है, जिससे डेंगू और मलेरिया का खतरा भी मंडराने लगा है। वहीं मौसम में हो रहे बदलाव से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ रही है।

### लक्षणों पर ध्यान दें, लापरवाही न बरतें: डा इरशाद

पीएचसी खलारी के चिकित्सक डा इरशाद ने बताया कि वायरल बुखार के लक्षणों में शरीर में तेज दर्द, गले में खराश, खांसी, त्वचा पर हल्के धब्बे, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, कमजोरी और सिरदर्द प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का बुखार होने पर लापरवाही न करें और तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। यह वायरस हवा में मौजूद है और नजदीकी संपर्क से तेजी से फैल रहा है। इसलिए संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, छींकने या पास रहने से बचना चाहिए। डा इरशाद ने अपील की कि लक्षण दिखते ही तुरंत जांच कराएं और डॉक्टर की सलाह पर ही दवा लें।

## चूरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सोनू पांडेय विशाल पासवान सचिव



**खलारी।** चूरी में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर मिथिलेशकुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से चूरी दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया और पदाधिकारियों की घोषणा की गई। समिति में कुबेरनाथ सिंह, रामसागर सिंह, आरके सिंह, लल्लू सिंह, शिव पासवान, सचिन सिंह, सुनील सिंह और सुदेश पासवान को संरक्षक बनाया गया है। वहीं सोनू पांडेय को समिति का अध्यक्ष चुना गया। बबन चौहान, भोला पांडेय, बिरेंची और अजयकुमार सिंह उपाध्यक्ष होंगे। विशाल पासवान को सचिव तथा मनोज स्वाई, रामप्रताप सिंह, कुलदीप कुमार व अनिल विश्वकर्मा को सहसचिव बनाया गया। मनीष पांडेय को कोषाध्यक्ष और मनोज स्वाई को सह कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इसके अलावा कन्हैयाकुमार सिंह और शिवकुमार पासवान को भंडारपाल नियुक्त किया गया है।

### हाईकोर्ट ने मांगी वन विभाग में रिक्त पदों की जानकारी

**रांची।** गुरुवार को स्वत: संज्ञान से दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने सरकार से वन विभाग के रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि वन विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरु की गयी है, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? इसके साथ ही अदालत ने यह भी जानना चाहा है कि रिक्त पदों को भरने के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गयी है। अब अदालत इस मामले में 26 अगस्त को सुनवाई करेगा। तब तक सरकार को शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट ने जानकारी देना है।

### दुष्कर्म मामले में दोषी संदीप लोहरा को 10 साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने गुरुवार को पांच साले पुराने दुष्कर्म के जुर्म में दोषी करार अभियुक्त संदीप लोहरा को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उस पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने उक्त आरोप में 20 अगस्त को दोषी ठहराया था। मामले में एपीपी मनोज कुमार सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस गवाही दर्ज कराई थी। अभियुक्त ने घटना को अंजाम उस समय दिया, जब पीड़िता किसी के घर से दूध लेकर शाम में लौट रही थी। रास्ते में सुनसान जगह पर मुंह दबाकर पटक कर दुष्कर्म किया गया था।
साथ ही धमकी दी कि घटना के बारे में किसी को नहीं बोलना नहीं तो जान से मार देंगे। घटना 29 दिसंबर 2020 की है। मामले को लेकर पीड़िता ने नामकुम थाना में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## करम इंद जतरा व 21 पड़हा सोहराई जतरा को लेकर लोगों ने की बैठक

# पड़हा सोहराई हमारी पहचान है : पूर्व मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कमड़े पंचायत के बनहोरा जतरा मैदान मे 21 पड़हा सोहराई जतरा कमिटी दहिसोत बनहोरा के तत्वावधान में करम इंद जतरा महोत्सव 2025 एवं 21 पड़हा सोहराई जतरा महोत्सव 2025 की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक मे पंचायत के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व ग्रामीणों के साथ आगामी जतरा महोत्सव की तैयारी की रूप रेखा तय की गई। मौके पर मुखिया नीलम तिर्की ने कहा कि पूर्व में करम इंद जतरा को लेकर अच्छी तैयारी की गई थी लेकिन मौसम खराब होने के कारण लगातार बारिश से गांव का खोड़हा जतरा स्थल पर प्रवेश नहीं कर पाई थी। फिर भी बनहोरा बड़का टोली की खोड़हा ने भारी बारिश मे भी जतरा स्थल पर अपने नृत्य मंडली व ढोल नगाड़े के साथ पहुंची और जतरा के मान को बचाया। पूर्व मुखिया पंडरा सुनील तिर्की ने आगामी जतरा के संदर्भ अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जतरा से पूर्व ही जतरा स्थल का निरीक्षण कर वहां कि स्थिति को जान लें। पूर्व मुखिया ने कहा कि पड़हा सोहराई हमारी पहचान है। इसको लेकर वहां की साफ सफाई जतरा से पहले करा दें। साथ ही साथ मंच का लोकेशन एवं बनावट क्या रहेगा? उसका निर्णय मिलकर सभी ले ले। पूर्व मुखिया ने जतरा स्थल मे मेहमान व ग्रामीणों के लिए चना - गुड़ व पानी की व्यवस्था कराने के बारे मे भी अपनी राय दी। मौके पर कमड़े पंचायत की मुखिया नीलम तिर्की, वर्तमान पार्षद पुष्पा टोप्पो, पूर्व मुखिया पंडरा सुनील तिर्की, हटिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह बड़े भाई अलबिन लकड़ा, गांव के बड़े भाई एवं बधु आवासीय स्कूल डायरेक्टर अभिजीत तिर्की, कमड़े पंचायत समिति सदस्य शिल्पा कच्छप, सुनील जी, कुलदीप केरकेट्टा, रवि तिर्की, जॉन लकड़ा एवं अन्य उपस्थित रहे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने बच्चों को गुड टच और बैड् टच की दी जानकारी

**राची।** इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची जिला 325 ने मारिया डोमिनिका चाइल्ड डेवलपमेंट हेल्थ केयर सेंटर में बच्चों को गुड टच और बैड् टच की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के तहत क्लब की अध्यक्षा सोमा भादुड़ी और सचिव अर्चना त्रिवेदी ने बच्चों से सवाल पूछे और बच्चों ने उसकी सही जवाब दिए। यह सेंटर एक एन जी ओ है जहां आस पास के सभी कामगार अपने बच्चों को वहां छोड़कर सुरक्षित महसूस करते है। क्लब की तरफ से बच्चों के बीच टॉफी ,बिस्कुट, ड्राइंग कॉपी और अन्य सामग्री बांटी गई इस सेंटर में बच्चों के हेल्थ ओर सेफ्टी का खयाल रखा जाता हैं।

## लूट की घटना
## हथियार के बल पर धान व्यापारी से 41 हजार की लूट

# तीन फरार अपराधियों की फुटेज सीसीटीवी में हुई कैद



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के विनय बगीचा के पास धान की खरीददारी करने वाले विष्णु साहु पिता शंकर साहु ग्राम दिघिया से तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने हथियार के बल पर 41 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। सूचना मिलने पर बेड़ो पुलिस ने कई जगहों पर घेराबंदी की और सीसीटीवी कैमरे के फूटेज खंगाले। भुक्तभोगी विष्णु साहु ने बताया कि एक ही बाईक पर सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने हथियार के बल पर उनके झोले में रखे रूपए लूट ली। घटना को अंजाम देने के बाद एक ही बाइक में सवार तीनों अपराधकर्मी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन हरकत में आई। प्रभारी थाना प्रभारी अनिल टोप्पो ने बताया कि मामले की गहराई से पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी भी खंगाली गई है जिसमें एक ही बाइक में तीन अपराधकर्मी लूट की घटना को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी में बाइक से फरार होते दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में तीन युवकों को एक ही बाइक में सवार होकर फरार होते देखा जा सकता है। भुक्तभोगी विष्णु साहु ने बेड़ो थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। इसके तुरंत बाद पुलिस प्रशासन में सड़कों पर घेराबंदी की। लेकिन घेराबंदी से पहले ही अपराधकर्मी भाग चुके थे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि अपराध कर्मियों की बहुत जल्द गिरफ्तारी होगी पुलिस के पदाधिकारी और पुलिसकर्मी मामले की तहकीकात कर रहे हैं।

## राड़हा में अज्ञात लोगों ने की बेरहमी से अधेड़ की हत्या प्रेम प्रसंग का शक



**पिठौरिया।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के राडहा मौनजारा ग्राम मे सड़क किनारे झाड़ियां पर एक शव बरामद किया गया। शव की पहचान मौना जारा के ही 50 वर्षीय लुम्बा उरांव पिता सुधु उरांव के रूप में हुई है। जैसे ही शव का पता जब ग्रामीणों को चला तो पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिठोरिया पुलिस को दी। पिठौरिया पुलिस सूचना पाकर थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र बल पहुंची और शव अपने कब्जे में कर पंचनामा कराने के पश्चात शव को अंत- -परीक्षण के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक के शरीर में कई जगह गहरी चोट के निशान देखे गए।जानकारी के अनुसार लुम्बा उरांव बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में दैनिक भोगी मजदूरी का काम करता था, वहीं इसकी पत्नी गीता देवी रिनपास कांके में काम करती थी, दोनों काफी समय से कांके में ही रहते थे जहां से लुबा उरांव बुधवार शाम अकेले अपने पैतृक गांव मौनजारा जाने के लिए निकला था, जो घर नही पहुचा। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लुबा उरांव की पत्नी गीता देवी का अपने पति से हमेशा नोक झोक हुआ करता था गीता देवी का कांके का ही किसी युवक के साथ कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसका विरोध हमेशा लूंगा उरांव किया करता था ।घटनास्थल पर कई ग्रामीणों ने दबी जुबान इस हत्या को प्रेम प्रसंग के तहत हत्या करने की बात कह रहे थे । जो भी हो मामला का उद्घभेदन के लिए पिठौरिया पुलिस काफी मशक्कत कर रही है।

### सर्विस रोड का धंसी सड़क दुर्घटना को दे रही है दावत

# स्थायी मरम्मती की आवश्यकता फैक्ट्री संचालकों को करनी होगी पहल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जियाडा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र स्थित सर्विस रोड में बने पेट्रोल पंप के आगे बना पुलिया के पास सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह धंस कर खाई बन चुका है. जहां कभी भी कोई बड़े हादसे हो सकते है. कुछ दिन पूर्व एसडीओ व एसडीपीओ ने उक्त क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर अस्थाई रूप से धंसे क्षेत्र को सड़क के धंसान वाले एरिया को कंक्रीट इत्यादि से छेक देने का निर्देश फैक्ट्री संचालकों को दी थी. जिससे कोई भी वाहन या पशु अथवा व्यक्ति उस क्षेत्र में प्रवेश नहीं करे. निर्देशानुसार फैक्ट्री संचालकों ने धंसान क्षेत्र को डस्ट से छेंकने का काम किया था. परंतु लगातार हो रहे वर्षा से वह डस्ट पूरी तरह बह गया और सड़क का धंसान एरिया फिर से असुरक्षित हो गया है. जहां भविष्य में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है. इस धंसान क्षेत्र ने आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित करने या स्थाई रूप से निर्माण करने की आवश्यकता है. ग्रामीणों ने कहा कि इसके लिए फैक्ट्री संचालकों को पहल करनी चाहिए क्योंकि ज्यादातर वाहने फैक्ट्री कार्य से ही आवागमन करते है.

## पूर्व मुखिया ने जलजमाव को लेकर एसडीओ को लिखा पत्र

**हजारीबा।** हजारीबाग के सिलावार कलां के पूर्व मुखिया ने लाखे मजार के पास महीनों से जल जमाव की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने कहा है की कई बार छपने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लाखे मजार के पास जलजमाव के कारण अनेकों बार दुर्घटना भी हो चुका है। उन्होने आगे बताया की नगर निगम के अधिकारियों से भी मिल कर इस जल निकासी के संबंध में बात किए परन्तु आज तक हल नही निकला। रोड पर गंदा पानी स्थानीय निवासियों के लिए नारकीय स्थिति पैदा कर दिया है। इस सड़क से गुजरने वाले हर लोग मजार के पास आकर परेशान हो जाते है। सड़क किनारे नाली बनने के कारण पानी का निकासी ठीक से नहीं हो पा रहा है।आगे उन्होंने पत्र में चेताया है की अगर एक सप्ताह के अंदर जल निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती है तो लाखे मजार के पास एनएच-522 को जाम किया जाएगा।

## बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।इस निमित "पोषण भी पढ़ाई भी "कार्यक्रम पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी की देखरेख में प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। विदित हो कि प्रशिक्षण 21 अगस्त से 23 अगस्त तक चलेगी । प्रशिक्षिका के रूप में महिला पर्यवेक्षिका रंजीता कुमारी एवं इचाक की महिला पर्यवेक्षिका संध्या कुमारी के द्वारा प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका किरण कुमारी ,कलावती देवी, मालती देवी, अवंती देवी, उर्मिला कुमारी, यशोदा कुमारी , रिंकी देवी, नविता पांडे, सुभद्रा देवी समेत अन्य सेविकाएं उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### अज्ञात या संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें, सतर्क रहें : इंस्पेक्टर



**बरही।** ठगी, चोरी व छिनतई जैसे घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने आम लोगों से सहयोग की अपेक्षा किया है. इंस्पेक्टर ने आम लोगो से अपने क्षेत्र या आस पास में कोई भी संदिग्ध या अपरिचित व्यक्ति के रहने की सूचना पुलिस को देने की कही है. उन्होंने कहा की अनजान व्यक्तियों को पनाह नहीं दें और न हीं उनकी चिकनी चुपड़ी या धार्मिक अथवा आर्थिक मदद जैसे बातो पर ध्यान नहीं देने की अपील किया है. उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे अपराधियों के धर पकड़ के लिए करवाई प्रारंभ कर दी है. पूर्ण विश्वास है कि अपराधी शीघ्र ही पुलिस के हत्थे चढ़ेंगे. उन्होंने आमलोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील किया है. विदित हो कि 15 अगस्त से बरही में लगातार चोरी, ठगी और छिनतई की घटनाओं में हुई बढ़ोतरी हुई है. लोग असहज और असुरक्षित महसूस कर रहे है. पुलिस संदिग्धों व अपराधियों के पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है.

### डॉ0 एस राधाकृष्णन संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय को मिली मान्यता

**रामगढ़।** सुकरीगढ़ा, लारी स्थित डॉ० एस० राधाकृष्णन संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से चार वर्षीय स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2025-29 के लिए मान्यता प्रदान की गयी है। झारखण्ड सरकार द्वारा संध्याकालीन महाविद्यालय के नाम को चांसलर पोर्टल पर दर्ज कर दिया गया है। इच्छुक छात्र चांसलर पोर्टल के माध्यम से महाविद्यालय को चयनित कर सत्र 2025-29 चार वर्षीय कला स्नातक (बीए विषय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, खोरठा, इतिहास, भूगोल, राजनीतिकशास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, मानवशास्त्र, समाजशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र) में प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने दी है। महाविद्यालय को स्नातक पाठ्यक्रम संचालन हेतु नव सम्बन्धन प्राप्त होने पर सभी सहायक प्राध्यापकों एवं व्याख्याताओं सहित कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त की है। इसपर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार उपाध्याय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह संध्याकालीन स्नातक महाविद्यालय रामगढ़ जिले के ऐसे लोगो को जो स्नातक शिक्षा से किसी कारणवश वंचित रह गए हैं, उनके लिए एक अच्छा सुअवसर साबित होगा।

## बिजली विभाग ने चलाया छापामारी अभियान 11 पर प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली विभाग ने विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया। इस बाबत कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें शिलाडीह निवासी किशुन पंडित पिता स्व० डमर कुम्हार पर क्षतिपूर्ति राशि 13110, नारायण ठाकुर पिता स्व० तुलसी ठाकुर पर 13110, दशरथ ठाकुर पिता रामेश्वर ठाकुर पर 17480, गयासुद्दीन अंसारी पिता रफीक अंसारी पर 13110, मुंशी भुइयां पिता स्व० बारी भुइयां, गोविंद भुइयां स्व० गणेश भुइयां, संतोष भुइयां पिता महेंद्र भुइयां पर 8740, पप्पू पांडेय पिता सुरेंद्र पांडेय पर 13110, टेकलाल भुइयां पिता इतवारी भुइयां पर 8740, सलमा खातून पति शेखावत अंसारी पर 17480, सकुर मियां पिता लीलो मियां पर 13110 की क्षतिपूर्ति राशि लगाई गई हैं। इन सभी पर मीटर बाईपास, बिजली बकाया रहने के बाद विद्युत ऊर्जा की चोरी, कनेक्शन के बाद मीटर बाईपास, नव निर्मित भवन में बिना किसी वैध विद्युत के बाद विद्युत ऊर्जा की चोरी समेत अन्य आरोप लगाए गया है।

### जिला स्तरीय पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर कार्यशाला का हुआ आयोजित

# डीडीसी ने कार्यों को रैंकिंग डेटाबेस में अपडेट करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय परिसर स्थित टाउन हॉल में गुरुवारको पंचायती राज विभाग द्वारा उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी द्वारा उप विकास आयुक्त एवं जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जन प्रतिनिधियों को पौधा एवं शॉल देकर स्वागत किया गया साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सूचकांक के मानकों से अवगत कराया गया साथ ही पंचायतों के समग्र विकास की दिशा में कार्य योजना की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने पंचायत उन्नति सूचकांक प्रशिक्षण शिविर में आए सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव सहित अन्य को दिए जा रहे हैं प्रशिक्षण को अच्छे से समझ कर अपने-अपने पंचायत में पंचायत स्तर पर हो रही कार्यों को रैंकिंग डेटाबेस में अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तरीय कार्यों को गंभीरता से लेने की बात कही वहीं उन्होंने मुखिया पंचायत सचिव जन प्रतिनिधियों को अपने कार्यों से पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए कार्य योजना तैयार करें साथ ही बेहतर कार्यों को पोर्टल में अपलोड करें।

### बालूघाटों के नीलामी को लेकर उपायुक्त की जिला स्तरीय समिति की बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत कैटिगरी 2 के बालूघाटों के ई नीलामी हेतु गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा यह बताया गया कि झारखण्ड बालू खनन नियमावली, 2025 झारखण्ड राज्य अंतर्गत स्थित संबंधित जिलों के डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (सेंड) में उल्लिखित सभी बालू धारित भूमि / नदियों हेतु लागू है। उक्त नियमावली के अनुसार बिना वैध खनन पट्टा प्राप्त किये बालू खनिज का उत्खनन करना प्रतिबंधित है, साथ ही किसी व्यक्ति को राज्य में कुल 1000 हेक्टेयर से अधिक भूमि क्षेत्र पर बालू खनन पट्टा प्रदान नहीं किया जाएगा। रामगढ़ जिलान्तर्ग डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (सेंड) फॉर सेंड में उल्लिखित 06 केटेगरी ।। बालूघाटों लइयो, पैंकि, टोकीसुद 1, हेसापोड़ा, टोकीसूद 2 सिरका की विवरणी जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा दी गई। जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ यह बताया गया कि खान एवं भूतत्व से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार रामगढ़ जिलान्तर्गत स्थित सभी 06 केटेगरी ।। बालूघाटों को एक इकाई मानते हुए नियमावली के तहत नीलामी किया जाना है।

### स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन



**रामगढ़।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में उन्नत भारत अभियान के तत्वाधान में स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षुओं को सुकरीगढ़ा गांव की ओर रवाना किया। उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ० अशोक राम की देखरेख में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिक्षकों के साथ-साथ विशेष रूप से बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा गांव भ्रमण में कुओं में ब्लीचिंग पाउडर, नालियों एवं घरों में छिडकाव किया गया। साथ ही साथ बरसात के पानी को उबाल कर, छान कर पीने की बात ग्रामीणों को बताया गया। प्रशिक्षुओं द्वारा श्लोगन- सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई एवं स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, नुक्कड नाटक तथा नारों के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में सहायक प्राध्यापक मो० परवेज अखतर, नयन कुमार मिश्रा, इंदु कुमारी झा, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया बर्मन, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार, दिनेश कुमार, दीप्ति लकड़ा, पवन कुमार, पंकज करमाली, वायरलेस मुण्डा, उमेश कुमार, निर्मल महतो, कपिल कुमार आदि उपस्थित थे ।

## बिजुलिया तालाब रोड को बनवाने के लिए सांसद प्रतिनिधि ने सीईओ से की मुलाकात



**रामगढ़।** छावनी परिषद क्षेत्र के बिजुलिया तालाब रोड की बदहाल स्थिति को गंभीरता से लेकर भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जर्जर सड़क से प्रतिदिन आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण को प्राथमिकता में रखते हुए शीघ्र निर्माण कराने की अपील की। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनता की समस्या हमारी प्राथमिकता है। इस जर्जर सड़क से हो रही कठिनाइयों की जानकारी जनता की समस्या के समाधान के लिए हमेशा खड़े रहने वाले हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को भी दूंगा ताकि इस कार्य को और तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सके। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने बताया कि की इस पहल को सकारात्मक रूप से लेते हुए छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश ने आश्वस्त किया कि बिजुलिया तालाब रोड का निर्माण कार्य प्राथमिकता में रखते हुए इसे शीघ्र बनवाने का प्रयास किया जाएगा और लोगों की समस्या का समाधान होगा। इस मुलाकात से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से उपेक्षित यह महत्वपूर्ण मार्ग जल्द ही दुरुस्त होगा और आम लोगों को राहत मिलेगी।

### विशेष प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री सारथि योजना के अंतर्गत विशेष प्लेसमेंट ड्राइव एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को आइसेक्ट विश्वविद्यालय कैंप हजारीबाग में किया गया। स्वरोज़गार को बढ़ावा देने की दिशा में आइसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, हजारीबाग के पांच प्रशिक्षार्थियों और साई ब्यूटी के तीन प्रशिक्षार्थियों को टूलकिट भी प्रदान किए गए। प्लेसमेंट ड्राइव में रॉयल क्लासिक, केपीआर मिल और 2050 हेल्थकेयर सहित स्थानीय नियोक्ताओं ने भाग लिया। इन कंपनियों ने प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कूल में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## फाईलेरिया एक लाईलाज बीमारी सजगता व जागरूकता ही इसका समाधान : डॉ ज्ञानी



**नवीन मेल संवाददाता**

- **घरों के आस पास बने पानी युक्त गड्ढे में फिनायल व ब्लीचिंग के नियमित छिड़काव करने की सलाह दिया. जिससे घरों के आस पास मच्छर**

**बरही ।** 10 से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल की टीम देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशल पब्लिक स्कूल पहुंची. टीम में एसडीएच उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, सुपरवाइजर मो इरफान सहित एएनएम शामिल थे. जिनका विद्यालय प्राचार्य के कुमार ने बुके देकर स्वागत किया. डॉ ज्ञानी ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया उर्फ हाथी पांव की जानकारी दी. इसके कारणों व समाधान की जानकारी दिया. उन्होंने बताया फाइलेरिया को एक लाईलाज बीमारी बताया. इसके बचाव के लिए उन्होंने सजगता, सतर्कता व जागरूकता पर जोर दिया. उन्होंने घरों के आस पास साफ रखने व गंदे या बरसाती पानी के जमाव नही होने देने की बात कही. साथ हीं घरों के आस पास बने पानी युक्त गड्ढे में फिनायल व ब्लीचिंग के नियमित छिड़काव करने की सलाह दिया. जिससे घरों के आस पास मच्छर नही बैठे. मच्छरों के काटने से ही फाइलेरिया होते हैं, मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए मच्छरदानी लगाकर ही सोने की सलाह दिया. अंत में सभी बच्चों तथा शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई. प्राचार्य के कुमार ने डॉ ज्ञानी सहित अस्पताल की टीम का अभार जताया और 10 से 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में श्रीदस स्कूल के द्वारा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया. उन्होंने बच्चो को अपने क्षेत्र में फाइलेरिया की जानकारी देने की बात कही. इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षा के विद्यार्थी सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे.

### कोनहरा खुर्द के समीप अज्ञात व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित कोनहारा खुर्द के समीप एक अज्ञात व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस निमित बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने सोशल मीडिया पर व्यक्ति की फोटो शेयर कर शिनाख्त करने में मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात ट्रक द्वारा व्यक्ति को मार कर भाग गया है। वहीं पीछे से आ रही दूसरी कंटेनर ड्राइवर उक्त व्यक्ति को सड़क पर मृत्यु देखकर हड़बड़ी में गाड़ी को डिवाइडर से टकरा दिया। जिसके बाद कंटेनर (डब्लूबी 23जे 7969) को पुलिस पकड़ कर थाने ले आई है। उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने देते हुए बताया कि इस दुर्घटना की खोजबीन गहराई से की जा रही है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 43 छात्रों के बीच किया गया साइकिलों का वितरण



बरकट्ठा।- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चेचकपी में मंगलवार को अष्टम वर्ग के 43 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया।इस क्रम में मुखिया रीता देवी ने विद्यालय में अध्ययनरत कुल 43 छात्रों के बीच साइकिल वितरित कर उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुखिया रीता देवी ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत गरीब एवं वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि हमारे पंचायत का अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी और सुदूरवर्ती इलाकों में है, जहाँ बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने में काफी सुविधा होगी। इस मौके पर मुखिया ने बच्चों के अभिभावकों से अपील की कि वे समय पर अपने बच्चों को विद्यालय भेजें, ताकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य जासो देवी, प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, सहायक शिक्षक रामचंद्र साव, प्रदीप मेहता, राजेंद्र गुप्ता, सुखदेव हांसदा, अध्यक्ष दशरथ सिंह, राजेश साव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### हादसा

### सीसीएल कर्मी का शव कार सहित तालाब से हुआ बरामद

# काफी मशक्कत के बाद कार को तालाब से बाहर निकाला



**नवीन मेल संवाददाता**

- **11 बजे घर लौटने के दौरान सड़क हादसे का शिकार होकर कार समेत तालाब में जा गिरे। रात्रि होने की वजह से किसी को इसकी भनक न लगने के कारण करीब 5 दिनों तक मंशु साव का शव कार में ही फंसा रहा**

**रामगढ़ ।** पांच दिनों से लापता सीसीएल कर्मी का शव कार सहित कुजू ओपी क्षेत्र के नयामोड़-आरा हिरक मार्ग के पेट्रोल पंप के समीप तालाब से कुजू पुलिस ने बरामद किया। शव को तालाब से निकालने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार बड़गांव निवासी सीसीएल कर्मी मंशु साव (55 वर्ष) गत 16 अगस्त को कुजू कोलियरी में डयूटी करने के बाद रात्रि करीब 11 बजे घर लौटने के दौरान एक सड़क हादसे का शिकार होकर कार समेत तालाब में जा गिरे। रात्रि होने की वजह से किसी को इसकी भनक न लगने के कारण करीब 5 दिनों तक मंशु साव का शव कार में ही फंसा रहा। इधर परिजनों द्वारा लगातार उनकी खोजबीन को लेकर तलाश किया जा रहा था। परिजनों के अनुसार मंशु साव के मोबाइल का आखिरी लोकेशन पेट्रोल पंप के पास ही था। जिसको लेकर परिजन पास के तालाब में ही कार होने का अनुमान लगा रहे थे। जिसके बाद दोबारा गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे मंशु साव का एक रिश्तेदार तालाब के अंदर प्रवेश कर कार होने की संभावना जतायी। इस पर परिजनों द्वारा तत्काल कुजू पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना के बाद ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में क्रेन मशीन के सहारे करीब 10 बजे से कार निकालने की प्रक्रिया शुरू हुई। 4 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद कार को बाहर निकाला गया। जहां पर कार के अंदर मंशु साव का शव मिला। इधर परिजनों का रो रो कर बुराहाल था। ज्ञात हो कि गत 16 अगस्त को मंशु साव वैगनआर कार संख्या जेएच24ए-9030 से डयूटी करने के लिए कुजू कोलियरी आये थे। इस दौरान रात्रि करीब 11 बजे के बाद से वह लापता हो गये थे। जिसको लेकर परिजनों द्वारा कुजू ओपी में गुमशुदगी व अपहरण को लेकर मामला दर्ज कराया गया था।

## 52वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में जिलास्तर पर प्रखंड के चार विद्यालय होंगे शामिल



**बरही ।** प्रखंडस्तरीय 52वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में आयोजित हुई. जिसमें प्रखंड के 14 विद्यालय के 6 से 12 कक्षा के बाल वैज्ञानिक हिस्सा लिए. सबों ने अपने मॉडल प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को अपने थीम से अवगत कराया. इस प्रदर्शनी में बेहतर मॉडल प्रस्तुत करनेवाले मध्य विद्यालय बरहिडीह, बालक मध्य विद्यालय बरही, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही और प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर को विजेता घोषित किया गया. यह सभी विजयी टीम हजारीबाग में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शनी में अपने मॉडल की प्रदर्शनी करेगे. जिला में श्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाली टीम क्रमशः राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में हिस्सा लेगा. प्रदर्शनी के निर्णायक मंडली में विज्ञान शिक्षक सुरेश विश्वकर्मा, विक्रम प्रजापति, सोनी कुमारी और निधि कुमारी शामिल थे.

### विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



बरकट्ठा। थाना क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। इस सबंध में कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें प्रकाश साव पिता जीबलाल साव, समसूदीन अंसारी पिता शहादत अंसारी दोनों ग्राम चेचकपी, डूमरचंद सिंह पिता रामधन सिंह, वकील सिंह पिता भेखलाल सिंह दोनों ग्राम खरियो, काली सिंह पिता धुजा सिंह दोनों ग्राम सोढाखाप, सैरा बानो पिता फारूक अंसारी कोनहारा खुर्द निवासी शामिल हैं।

# खाद्य आपूर्ति विभाग का प्रचार रथ रवाना आमजन को मिलेगी योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड के दिशा-निर्देशन में जिला आपूर्ति शाखा सिमडेगा द्वारा आमजन तक राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी समय पर पहुँचाने हेतु विशेष प्रचार रथ को रवाना किया गया। इस कड़ी में उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने संयुक्त रूप से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर उपविकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अंत्योदय अन्न योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारकों को मिलने वाले खाद्यान्न—चावल, चना, दाल, नमक, चीनी, धोती-साड़ी आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा, ताकि लाभुक समय पर अपने निर्धारित कोटे की सामग्री प्राप्त कर सकें।उक्त अवसर ऑडियो मैसेज के अनुसार नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें मनोरंजक ढंग से आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम आगामी दिनों में विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत स्तर तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में नाट्य रूपांतरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। इन नाटकों के जरिए खाद्यान्न की मात्रा, वितरण प्रक्रिया, लाभुकों के अधिकार तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने संबंधी जानकारियाँ दी जाएँगी।जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक ने कहा कि आम नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी दर्जनों समस्याए



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने समाहरणालय, भवन में जनता दरबार का आयोजन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है। सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक आवेदन की भौतिक जांच शीघ्र पूरी करें और समाधान की प्रगति की जानकारी उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएँ सामने आईं। इनमें भूमि विवाद, जमीन का सीमांकन, आवास योजना एवं पेंशन योजना का लाभ दिलाने, लंबित मानदेय का भुगतान, पीसीसी निर्माण, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मति, विद्यालय में नामांकन से जुड़ी समस्या, नगर परिषद सफाई कर्मियों के बकाया भुगतान, झारखंड आंदोलनकारियों को पेंशन का लाभ, सड़क दुर्घटना पीड़ित आश्रितों को मुआवजा राशि, आंगनबाड़ी सेविका चयन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, विद्युत बिल माफी तथा जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर पेंशन बंद किए जाने जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं। जनता दरबार में कुल 20 लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएँ रखीं। उपायुक्त ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



## सेंट जॉन्स स्कूल फरसाबेड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम स्कूल बसों की भी हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सेंट जॉन्स स्कूल फरसाबेड़ा में गुरुवार को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला और सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजित कुमार रवि उपस्थित रहे।इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, सड़क पार करने से पहले दोनों ओर देखकर आगे बढ़ने की आदत डालने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजित कुमार रवि ने बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल, पैदल चलने के नियम और वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे घर जाकर अपने परिवार और समाज को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में खड़ी स्कूल बसों की जांच भी की गई। अधिकारियों ने बसों के फिटनेस, कागजात और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की और वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विद्यालय प्रबंधन ने जिला परिवहन विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों को यातायात के प्रति जागरूक बनाते हैं और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होते हैं।

# सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता को लेकर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

## 32 वाहनों से वसूला 89,650 रुपये का जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** हाल के दिनों में सिमडेगा जिला के शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में भी सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है।लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं का कारण मुख्यतः चालकों के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना करना है।खासकर दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते देखे जाते हैं।जिसको मद्देनजर रखते हुए डीसी कंचन सिंह एवं एसपी एम अर्शी के निर्देश पर परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी के तहत गुरुवार को सिमडेगा पुलिस लाइन के समीप एमवीआई प्रकाश रंजन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया,तीन पहिया एवं व्यावसायिक वाहनों की जांच की गई।इस दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े गए,जिनपर जुर्माना किया गया।वहीं कई वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए,उनपर भी जुर्माना किया गया।जांच के दौरान कुल 39 वाहनों की जांच की गई।जिसमें 32 वाहनों से 89,650 रुपये का जुर्माना वसूला गया।इस दौरान सभी चालकों को एमवीआई के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।मौके पर परिवहन विभाग के शिद्धार्थ राज एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद थे।

### नाबालिग बच्चों के बाइक से आने की सूचना मिलने पर चला वाहन जांच अभियान



**बानो।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार में बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को देखते हुए थाना गेट व एस एस प्लस टू विद्यालय के पास एएसआई सत्यनारायण कुमार द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान वाहनों का बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं कागजों की जांच की गई।एक वाहन का चालान कटा गया।वहीं मौके पर टेम्पु चालकों को आगे की सीट पर महिला पैसेंजर को नहीं बैठाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया।सत्यनारायण कुमार ने बताया कि एस एस प्लस टू के प्रधानाचार्य के अनुरोध पर विद्यालय के पास वाहन जांच चलाया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों को बाइक से आने पर पूरीतरह से रोक लगाई है। स्कूल छुट्टी के बाद सड़क नियमों का पालन करते हुए सभी बच्चों को उतर बद्ध होकर चलने को कहा गया।वहीं नाबालिक बच्चों को बाइक से स्कूल आने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।जांच के दौरान पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा की खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

### खिलाड़ियों को डीसी ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** काकीनाड़ा (आंध्र प्रदेश) में आयोजित 15वीं महिला जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 2–1 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत में सिमडेगा का योगदान विशेष रहा, हॉकी ट्रेनिंग सेंटर सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बालिका, सिमडेगा से छह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाई थी। इनमें स्वीटी डुंगडुंग, रीना कुल्लू, सुशीला कुजूर, सीता कुमारी, अनुप्रिया सोरेंग एवं गांगी बारला शामिल थीं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से झारखंड की जीत में अहम भूमिका निभाई।झारखंड की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जीत सिमडेगा और पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और समर्पण से वे न केवल राज्य बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। उपायुक्त ने जिला खेलकूद विभाग और प्रशिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की तथा आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में सिमडेगा से और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराएंगे।मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार एवं कोच तरणी कुमारी मौजूद रहे।

## पैसे की रिकवरी पर जेएसएलपीएस की दीदियों ने जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड में पलाश, जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित लचरागढ़ आजीविका महिला संकुल संगठन से 01 मई 2025 से आठ मई 2025 के बीच अवैध रूप से 61,97,300 रुपये की निकासी कर ली गयी थी। इसके बाद संकुल की दीदियों ने कोलेबिरा थाना, जिला उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक, विधायक एवं जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को पत्र के माध्यम से इस विषय से अवगत कराते हुए प्रशासनिक कार्रवाई करने की मांग करते हुए अवैध रूप से निकासी की गयी राशि की वापसी व घटना में शामिल अपराधी को सजा दिलवाने की अपील की गयी थी।इसके बाद लचरागढ़ महिला आजीविका संकुल संगठन, कोलेबिरा से हुए लाखों रुपये की निकासी के मामले में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की तत्परता से संकुल संगठन के बैंक खाते में संपूर्ण राशि वापसी करा ली गयी।इस कार्रवाई के बाद लचरागढ़ संकुल की दीदियां जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जेएसएलपीएस जिला कार्यालय का आभार जताया है।आभार व्यक्त करने वालों में संकुल की अध्यक्ष ब्रिजिट कंडुलना, सचिव सपना देवी, कोषाध्यक्ष रोहिणी देवी सहित अन्य दीदियां शामिल हैं।जेएसएलपीएस जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी ने भी उपायुक्त व एसपी को उक्त मामले को फास्ट ट्रैक में रख कर त्वरित निष्पादन व राशि की रिकवरी हेतु आभार प्रकट किया है।

## डीएवी के बच्चे राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीएवी सिमडेगा से राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तीन टीमें बुधवार दोपहर विद्यालय से रवाना हुईं। ये टीमें क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होकर राज्य स्तरीय खेलों में पहुँचने में सफल रहीं।फुटबॉल टीम डीएवी बोकारो, वेटलिफ्टिंग टीम डीएवी रजरप्पा और वूसू टीम अग्रसेन डीएवी भरेच नगर, रामगढ़ में आयोजित प्रतियोगिताओं में अपना कौशल दिखाएँगी।विद्यालय परिवार की ओर से सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर विदा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करें और विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन करें।

**गोष्ठी आयोजन** एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया

# पुलिस अधीक्षक ने बैठक में दिए सख्त दिशा-निर्देश

- त्वरित कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और न्यायिक समन्वय पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में, अपराध गोष्ठी तथा पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी थानों के विगत माह जुलाई में प्रतिवेदित और निष्पादित काण्डों की समीक्षा की गयी। काण्डों के निष्पादन और उद्भेदन हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस सभा में पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों से संबंधित शिकायतों/समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए विभिन्न प्रकार से आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।जिसमें जिले में किसी भी प्रकार के तस्करी - अवैध मादक पदार्थो (अवैध गांजा, चरस, ब्राउन सुगर आदि), मानव तस्करी, पशु तस्करी आदि पर सीमावर्ती जिलों/थानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूर्णतः अंकुश/रोक लगाना।किसी भी प्रकार के जुआ/ हब्बा-डब्बा/ ताश आदि पर पूर्णतः रोक लगाना एवं कार्रवाई करना।किसी भी प्रकार के खनिज संपदा के अवैध उत्खनन तथा परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाना तथा विधिसम्मत कार्रवाई करना।सभी स्थायी (लाल) वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर कार्रवाई करना।जिले में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करना, तथा सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से वाहन चेकिंग करना एवं एम0भी0आई एक्ट के विभिन्न धाराओं में यथोचित कार्रवाई करना।अपराध नियंत्रण की दिशा में साकारात्मक कार्रवाई करना तथा अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से रोड फेसिंग सी.सी.टी.भी कैमरा का अधिष्ठापन, सक्रिय अपराधकर्मियों/नक्सलियों का सत्यापन, सम्पति मूलक अपराधों पर नियंत्रण एवं उनका उद्भेदन, जमानतदारों का सत्यापन करना।

### अवैध शराब के विरुद्ध अभियान तेज

काण्ड के निष्पादन एवं उद्भेदन में सक्रियता दिखाते हुए तेजी लाना और गुणवतापूर्ण अनुसंधान करना। अनुसंधान के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए कोर्ट के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सही समय पर सम्मन/वारंट का तामिला करना तथा गवाहों को न्यायालयउपस्थित कराना।क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों/विकास कार्यों पर निरंतर निगरानी एवं सुरक्षा।अवैध शराब के विरुद्ध लगातार प्रभावी छापामारी अभियान चलाना। कम्यूनिटि पुलिसिंग से संबंधित कार्य करना।

## न्यूज बॉक्स

### विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**बानो।** झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में लीगल लिट्रेसी क्लब एस एस प्लस टू विद्यालय बानो में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।विधिक शिविर में वरिष्ठ नागरिक अधिनयम 2007 के तहत उनके अधिकार जैसे उनके भरण पोषण, संपत्ति वापस लेने के अधिकार, सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार , कानूनी सहायता प्राप्त करने के अधिकार , स्वास्थ्य सुविधाएं ,सामाजिक सुरक्षा उनके साथ होनेवाले भेद भाव मुक्ति के अधिकार सहित मिलने वाली अन्य सरकारी सहायता के विषय में जानकारी पीएलवी अशोक तिवारी द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की गई । डीएलएसए द्वारा जारी सहायता के लिए क्यू आर कोड, नालसा हेल्प लाइन 15100, महिला हेल्प लाइन 181,एम्बुलेंस के लिए टॉल फ्री 108,तत्काल सहायता के लिए 112 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के लिए 1098 के विषय में विस्तृति जानकारी पीएलवी द्वारा दी गई । बच्चों को मानव तस्करी,डायन प्रथा ,निषेध अधिनयम के विषय में जानकारी दी गई।

### नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में जीत हासिल कर लौटीं खिलाड़ियों का किया स्वागत

**सिमडेगा।** राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिला का प्रतिनिधित्व कर रही सीएम सोए गर्ल्स सिमडेगा की छात्राओं ने सीएम सोए गर्ल्स बरियातू को पराजित कर राज्य स्तर पर जीत हासिल की। सिमडेगा की टीम ने सीएम सोए गर्ल्स बरियातू को 3 गोल से मात दी।जिसमें सोनाली तिर्की को बेस्ट गोल कीपर के तौर पर पुरस्कृत किया गया एवं बर्तिला केरकेट्टा को बेस्ट डिफेंडर के तौर पर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में प्रधानाध्यापिका की अगवाई में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अध्यनरत छात्राओं के द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया एवं हॉकी कोच सुश्री तारिणी कुमारी को भी उनके मेहनत के लिए आभार दिया गया। सभी को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई एवं आने वाले समय में भी राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में होने वाले मैच में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर जीत हासिल करने और मेहनत करने का संदेश दिया गया।

### कोलेबिरा में 15 दिवसीय चावर पाइक लोकनृत्य कार्यशाला का समापन आज

**कोलेबिरा।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से आदिकला मंच कोलेबिरा सिमडेगा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय चावर पाइक लोकनृत्य कार्यशाला का समापन आज नवाटोली कॉलोनी फुटबॉल मैदान में होगा। इस दौरान विगत 15 दिनों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नए प्रतिभागी सीखी हुई विधाओं का मंचन करेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथियों में मनोज कुमार, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला संस्कृति नोडल पदाधिकारी, दुतामि हेमरोम प्रखंड प्रमुख कोलेबिरा, वीरेंद्र किंडो प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा, सुनील खड़िया सांसद प्रतिनिधि, श्यामलाल प्रसाद विधायक प्रतिनिधि, सुलभ नेशनल डुंगडुंग विधायक प्रतिनिधि और कल्पना देवी मुखिया नवाटोली पंचायत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार शाम 4 बजे से किया जाएगा।

### डोमटोली पंचायत में चार माह से अंधेरा ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत डोमटोली पंचायत में बीते चार माह से अंधेरा पसरा हुआ है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पंचायत भवन, स्कूल, अस्पताल सहित पूरे गाँव की बिजली गुल है। ग्रामीणों को पढ़ाई, स्वास्थ्य और दैनिक कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मर को जमा किए हुए एक माह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया गया। स्थानीय बिजली विभाग से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।लोगों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से अविलंब नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है।

### वज्रपात से दो मवेशियों की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के घोड़ी टोली गांव में गुरुवार दोपहर 2:30 बजे हुए वज्रपात में झिरमइत देवी पति स्वर्गीय विष्णु बड़ाईक का दो बैलों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही दोनों बैलों की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दिया।सूचना मिलते ही वह तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया की हर संभव मदद किया जाएगा।साथ ही पोस्टमार्टम के लिए संबंधित पशु डॉक्टर को कॉल किया की जल्दी आकर इसका पोस्टमार्टम किया जाए ताकि समय पर मुआवजा राशि दिलवाया जा सके।मौके पर मुखिया संगीता मिंज,हाबिल टेटे, बिनित सोरेंग बिजय टेटे,आसित डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

### भारतीय हॉकी टीम में झारखंड की चार सिमडेगा की तीन खिलाड़ी शामिल

**सिमडेगा।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को चीन के हांग्जो में 5 से 14 सितंबर तक होने वाले महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस टीम की कप्तानी सिमडेगा की सलीमा टेटे करेंगी। टीम में सिमडेगा जिले से संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग भी जगह बनाने में सफल रही हैं, जबकि खूंटी जिले से निक्की प्रधान का चयन हुआ है। इस तरह झारखंड से कुल चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें तीन सिमडेगा से हैं।विशेष बात यह है कि निक्की प्रधान और संगीता कुमारी छह माह से अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मैदान में उतरेंगी। टीम की अगुवाई कर रही सलीमा टेटे लगातार शानदार प्रदर्शन से भारतीय हॉकी की धुरी बनी हुई हैं।महिला एशिया कप 2025 का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि विजेता टीम को सीधे एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 का टिकट मिलेगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जहाँ उसका पहला मुकाबला 5 सितंबर को थाईलैंड से होगा।

### अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल आज

**ठेठईटांगर।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 4 के चौथे दिन का पहला मैच सलगाबहार फुटबॉल क्लब( ओडिशा ) बनाम कमांडो ब्रदर्स रांची( झारखण्ड ) के बीच खेला गया। जिसमें कमांडो ब्रदर्स ने सलगाबहार फुटबॉल क्लब( ओडिशा ) को 3-0 से हरा कर दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि के तौर पर कोनपाला पंचायत के पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी दीपक लकड़ा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी रवि कुमार तेजा रहे।जिन्हें टूर्नामेंट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र बड़ाइक ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।साथ ही दूसरा मैच लोडेड गन रांची( झारखण्ड ) बनाम एसए ब्रदर्स सबडेगा( ओडिशा ) के बीच खेला गया। जिसमें लोडेड गन रांची( झारखण्ड ) ने एसए ब्रदर्स सबडेगा( ओडिशा ) को 1-0 से हरा कर दूसरे चरण में प्रवेश कर लिया। इस मैच के मुख्य अतिथि इंडियन गैस ठेठईटांगर के डीलर सह समाजसेवी मेनोन लकड़ा रहे। जिन्हें टूर्नामेंट के उपसचिव विक्रम सिंह ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।आज शुक्रवार को सीजन का पहला क्वार्टर फाइनल सिमडेगा टाइगर बनाम लोडेड गन रांची के बीच दोपहर 3:00 बजे से प्रखंड मैदान पर खेला जाएगा।

### छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय बानो में प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय बानो के छात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने बच्चों से कहा कि शिक्षा के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। आपके हाथों में विकास का पहिया है। समय पर स्कूल पहुँचे।उन्होंने बच्चों से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री के नाम भी पूछे जिसका बच्चों ने एक स्वर में उत्तर दिया।मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी प्रसाद ,बीपीएम विकास शरण ,घनश्याम साहू उपस्थित थे। वहीं बानो प्रखण्ड के केवेटाँग संकुल के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं का आंख स्क्रीनिंग किया गया। नेत्र जांच शिविर में 75 छात्र छात्राओं का आँख जांच की गई।मौके पर चिकित्सा प्रभारी मनोरंजन कुमार,गुलशन केरकेट्टा, बालगोबिद पटेल ,जॉन बा ,राजेश सिंह ,नूतन कंडुलना, ओमप्रकाश दास सहित विभिन्न स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

## एनडीएमए टीम ने की आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

# कई बिंदुओं पर की गई विशेष चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), नई दिल्ली की टीम गुरुवार को हजारीबाग जिला का दौरा किया। टीम में श्री अंबुज बाजपेयी (उप सचिव), सरोज कुजूर (अवर सचिव, सामान्य), डॉ. वसीम इकबाल (कान्सल्टेंट डीएम) शामिल थे। टीम ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में हजारीबाग, रामगढ़, दुमका एवं साहेबगंज जिलों के आपदा मित्रों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में डॉ. वसीम द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के कार्यों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के दृष्टिकोण से विस्तारपूर्वक बताया गया। जिलों को आपदा तैयारी एवं रिस्पॉन्स सिस्टम मजबूत करने, राज्य एवं जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं (एसडीएमची/ डीडीएमपीऐ) की समीक्षा एवं अद्यतन से संबंधित दिशा-निर्देश साझा किए गए। बैठक में जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन किया गया तथा कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। अर्ली वार्निंग एवं अर्ली एक्शन प्लान की स्थिति, अंतर-विभागीय समन्वय एवं सिविल-मिलिट्री कॉन्फ्रेंस की संरचना एवं कार्यप्रणाली एवं कम्युनिटी वॉलंटियर्स (आपदा मित्र, आपदा सखी, दिदी) का प्रशिक्षण एवं सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की संरचना की जानकारी दी गई। साथ ही हाथियों का प्रकोप, स्नेक बाइट, हीट वेव, लाइटनिंग, अग्निकांड, भारी वर्षा एवं बिजली से संबंधित घटनाओं से निपटने की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बल देते हुए कहा गया कि राज्य स्तर पर मल्टी-हैजर्ड एक्सरसाइज एवं सीबीआरएन (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर) ड्रिल्स आयोजित की जा सकती हैं। क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे एविएशन, रेलवे, सी-पोर्ट, पावर सेक्टर, रिफाइनरी एवं न्यूक्लियर फैसिलिटी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। धार्मिक आयोजनों के दौरान भी मॉक एक्सरसाइज को आवश्यक बताया गया। इन अभ्यासों में एमडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

## सूर्या हांसदा के परिजनों से मिलने गोड्डा पहुंचे बाबूलाल



**गोड्डा।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में गोड्डा के ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता गांव में नेताओं का आना-जाना जारी है. इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात करने उनके घर पहुंचे. इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर असल में हत्या है. अगर राज्य सरकार और सीएम हेमंत सोरेन को लगता है कि कुछ भी गलत नहीं है, तो उन्हें बिना समय गंवाए सीबीआई जांच की मंजूरी दे देनी चाहिए. अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो यह समझा जाएगा कि सरकार इस घटना में शामिल है. बाबूलाल मरांडी यहीं नहीं रुके और आगे उन्होंने कहा कि यह सारी घटना हेमंत सोरेन की जानकारी में अंजाम दी गई. उन्होंने कहा कि उन्होंने सूर्या हांसदा के कई वीडियो क्लिप देखे हैं, जिसमें उन्होंने लगातार खनन माफिया या अवैध तरीके से दूसरे राज्यों में पहुंचाए जा रहे बालू, गिट्टी, छर्री आदि का विरोध किया है. उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में झामुमो के प्रदेश सचिव की भूमिका संदिग्ध है.

## न्यूज बॉक्स

### जतरा टाना भगत जयंती समारोह की तैयारी बैठक का समापन, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि




**बिशुनपुर (गुमला)।** सुविख्यात टाना भगत आंदोलन के प्रणेता एवं स्वतंत्रता सेनानी महानायक जतरा टाना भगत की जयंती समारोह को लेकर तैयारी बैठक जौरा टाना भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समारोह को सफल बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार जयंती समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल होंगे। साथ ही यह भी तय हुआ कि समारोह से पूर्व विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, आदिवासी समाज के बीच निःस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले भाई-बहनों को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। तैयारियों को लेकर जोर-शोर से कार्य शुरू कर दिया गया है। अगली बैठक 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्य विभाजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से टाना भगत विकास प्राधिकार के राज्य प्रतिनिधि बहादुर टाना भगत, राजेश टाना भगत, बालेश्वर टाना भगत, विनय टाना भगत, सूर्यकांत टाना भगत, दिनेश टाना भगत, सिकंदर उरांव, सुरेश टाना भगत, बिदेश्वर उरांव, लहरू उरांव, पवित्रा टाना भगत, रामकेश्वर टाना भगत, महाबीर उरांव, विशवा टाना भगत, संजय उरांव, महात्मा उरांव, बुद्धिमान उरांव, सुनीत उरांव, बाबूलाल उरांव, डॉ. सुशील उरांव, संतोष महतो, सिद्धेश्वर महतो, वीणा भगत, हीरामुनी टाना भगत, दिलेश्वर उरांव, विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### इंद्रदेव यादव को प्रशासन ने प्रदान की ई ट्राई साइकिल झारखंड प्रदेश सीओ कोऑर्डिनेटर ब्यूटी मॉडल ने लगाई थी मदद की गुहार



**जमशेदपुर।** रामधनी बागन के निवासी इंद्रदेव यादव और उनकी दिव्यांग पत्नी की समस्या को लेकर झारखंड कांग्रेस प्रदेश सीओ को-ऑर्डिनेटर ब्यूटी मंडल ने 20 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिला प्रशासन से ट्विटर के माध्यम से मदद की अपील की थी ब्यूटी मंडल ने टीयूट में लिखा मुख्यमंत्री महोदय रामधनी बागान निवासी इंद्रदेव देव यादव व उनकी दिव्यांग पत्नी परेशानी में है टूटे-फूटे घर में जीवन यापन कर रहे हैं प्रशासन से मदद की गुहार है कृपया संज्ञान ले इस अपील के साथ उन्होंने संबंधित अधिकारी को ट्रैग किया इसके जवाब में में पूर्वी सिंहभूम के के डीसी East Singhbhum ने कार्रवाई करते हुए जानकारी दी की इंद्रदेव जी को ई ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दिया गया है इस पहल से दिव्यांग दंपति को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद हालांकि उनके आवासीय स्थित की समस्या अभी बनी हुई है जिसे लेकर आगे और सहायता की आवश्यकता हो सकती है यह मामला सोशल मीडिया की भूमिका और प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया का उदाहरण है जहां नागरिकों की आवाजें सीधे सरकार तक पहुंच रही हैं और उस पर कार्रवाई भी हो रही है।

### कंपोजिट यूजर्स शुल्क के खिलाफ जनहित याचिका दायर



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इस मामले का फाइलिंग नंबर WPC/9293/2025 है। याचिका में राज्य सरकार, सचिव सह आयुक्त परिवहन विभाग, उप परिवहन आयुक्त तथा डीटीओ लोहरदगा को प्रतिवादी बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रति चालान 1200 का कंपोजिट यूजर्स शुल्क लगाए जाने का निर्देश पूरी तरह से अवैध है। एसोसिएशन का कहना है कि जिम्मस पोर्टल पर यह शुल्क जोड़ा गया, जिसके कारण चालान तभी निकल रहा था जब 1200 का भुगतान किया जाता था। कई दिनों तक चालान निर्गत भी नहीं हुआ।कवलजीत सिंह ने तर्क दिया है कि खनन कार्यों से संबंधित परमिट के लिए लगाए गए इस शुल्क की न तो कोई वैध अधिसूचना जारी हुई है और न ही राज्य सरकार को इसका अधिकार है। इसके अलावा बड़े वाहन (45–48 टन क्षमता) और छोटे वाहन (9.5 टन क्षमता) दोनों पर समान शुल्क 1200 लगाना भी अनुचित है। उन्होंने उच्च न्यायालय से आग्रह किया है कि इस अवैध शुल्क को लागू होने से रोका जाए। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 15 वर्ष से पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटा नागपुर एवं उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल में रोड परमिट नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में भी आगामी सप्ताह में एसोसिएशन हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगा।

## बहुरेंगे स्वास्थ्य विभाग के जर्जर भवनों के दिन 24 घंटे में मांगी गई रिपोर्ट प्रशासन सख्त



**कुडू/लोहरदगा।** जिले के जर्जर स्वास्थ्य भवनों की दशा जल्द बदलने वाली है। जिला प्रशासन ने इस मामले पर सख़्ती दिखाते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में निर्देश दिया गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की वर्तमान स्थिति का विवरण फोटो सहित जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए, ताकि आगे विभागीय कार्रवाई की जा सके। गौरतलब है कि कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। बरसात के दिनों में छत टपकना, दीवारों से सीलन झरना, ओपीडी, पर्ची काउंटर और वैक्सीन हाउस में अव्यवस्था आम बात हो गई है। स्वास्थ्यकर्मियों के आवास भी खस्ताहाल हैं। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जगी है कि रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही जीर्णोद्धार या नए भवनों का निर्माण शुरू होगा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

### गिरिडीह में साइबर थाना की टीम पर हमला

**गिरिडीह।** कुख्यात साइबर क्रिमिनल को पकड़ने पहुंची साइबर थाना की टीम पर हमला हो गया. यह घटना मुफस्सिल थाना इलाके के मंडाटांड की हैं. घटना बुधवार की देर शाम की हैं. जानकारी के अनुसार साइबर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत को यह सूचना मिली थी कि कुख्यात प्रदीप मंडल इन दिनों गांव में ही है और यहीं से साइबर क्राइम कर रहा है.

## विभावि ने नामांकन में एक साथ तीन कीर्तिमान स्थापित किया

# राज्य में सर्वाधिक नामांकन व 'कन्वर्जन' में प्रथम स्थान

### 40992 में एक भी नामांकन पीछे के दरवाजे से नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

- **एक भी ऐसा नामांकन नहीं लिया गया है जहां पर अधिक अंक वाले को नहीं लेकर उससे कम अंक वाले का नामांकन हुआ हो**



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में पैरवी मुक्त नामांकन लेकर झारखंड राज्य में एक नया कीर्तिमान को स्थापित किया है। कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने सख्त निर्देश दिए थे कि किसी भी कीमत पर नामांकन प्रक्रिया को अंत तक पारदर्शी और विवाद मुक्त रखना है। विश्वविद्यालय के नामांकन कोषांग तथा चांसलर पोर्टल के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि कुलपति के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होने दी गई है। परिणाम स्वरूप पीछे के दरवाजे से एक भी नामांकन नहीं लिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पूरी नामांकन प्रक्रिया राज्य सरकार के आरक्षण रोस्टर के अनुसार एवं मेधा को आधार बनाकर संपन्न किया गया है। एक भी ऐसा नामांकन नहीं लिया गया है जहां पर अधिक अंक वाले को नहीं लेकर उससे कम अंक वाले का नामांकन हुआ हो। डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पूरे नामांकन प्रक्रिया को कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर के द्वारा संचालित किया गया है जिसमें उनके संभाग के सहयोगी दीपू कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। समय से पहले किसी बाहरी व्यक्ति से डेटा को साझा नहीं किया गया है।। इसके साथ ही तीसरी मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन, अर्थात 20 अगस्त के शाम 5:00 बजे के आंकड़ों के अनुसार, विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने सर्वाधिक नामांकन सुनिश्चित कर झारखंड में सर्वाधिक ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (GER) प्राप्त किया है। इसके साथ ही झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों में विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने अपने अव्वल स्थान को बरकरार रखा है। डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि विभावि में अभी तक कुल 40992 विद्यार्थियों ने नामांकन लिया है। राज्य में 33009 नामांकन के साथ रांची विश्वविद्यालय, रांची दूसरे स्थान पर है तथा 29861 नामांकन लेकर सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका तीसरे स्थान पर है। डॉ इंद्रजीत कुमार ने यह भी जानकारी दी।

कुल फॉर्म जमा के आलोक में कुल नामांकन का प्रतिशत' अर्थात 'कन्वर्जन' के मामले में भी विश्वविद्यालय झारखंड में प्रथम स्थान पर है। नामांकन संबंधी आवेदन सर्वाधिक रांची विश्वविद्यालय को 68774 प्राप्त हुए थे। विभावि को 67028 तथा सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय को 54699 आवेदन प्राप्त हुए थे।

## कामडारा में खाद्य सुरक्षा व तंबाकू नियंत्रण को लेकर छापेमारी, पनीर का सैंपल जांच के लिए भेजा गया



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देश एवं अनुमंडल पदाधिकारी बसिया के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में गुरुवार को कामडारा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा व तंबाकू नियंत्रण को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सूर्या लाइन होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट (बाकू टोली, कामडारा), साहू जनरल स्टोर, संतोष साहू, प्रकाश स्टोर, कृष्ण कुमार साहू और तिवारी मिष्ठान भंडार गिरीश चंद्र गुप्ता समेत कई प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई।**मुख्य कार्रवाई:** सूर्या लाइन होटल से पनीर का सैंपल लेकर जांच हेतु भेजा गया। कई दुकानों में अखाद्य रंग मिले खाद्य पदार्थ पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। सभी प्रतिष्ठानों को स्वच्छता बनाए रखने और एक सप्ताह के भीतर फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन कराने का सख्त निर्देश दिया गया। कोटपा एक्ट (COTPA) के तहत तंबाकू नियंत्रण की कार्रवाई की गई और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू सेवन करने वालों पर रोक लगाई गई। इस अभियान में जिला तंबाकू नियंत्रण निदेशक सलाहकार वंदना स्मिता, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवं सूरज कुमार की विशेष भूमिका रही।

## डीडीसी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का हुआ समापन

# 25 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए विशेष अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** समाहरणालय सभाकक्ष में आज उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के स्वास्थ्य तंत्र से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्ययोजना के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, NCD स्क्रीनिंग रिपोर्ट, आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अपने-अपने केंद्रों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें, सहिया व एएनएम की नियमित बैठक लें तथा उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से संस्थागत प्रसव के घटते आंकड़ों पर चिंता जताई और संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। बिशुनपुर प्रखंड में संस्थागत प्रसव दर कम होने पर उन्होंने वहां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि दर में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बैठक में सिकल सेल जांच, आयुष्मान योजना के अंतर्गत कैम्प मोड में कार्य, टीबी मुक्त भारत अभियान और मलेरिया-फाइलेरिया नियंत्रण पर भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि जिले में अभी भी टीबी जैसी बीमारियां चिंता का विषय बनी हुई हैं, जिसके उन्मूलन हेतु अधिक प्रयास की आवश्यकता है। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 25 अगस्त से 10 सितंबर 2025 तक विशेष फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही नागरिकों को मलेरिया और फाइलेरिया से मुक्त करने के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन, जिला एवं प्रखंड स्तरीय चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भरनो प्रखंड-अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों का प्रदर्शन

# राज्यपाल और सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**




**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा अपने हक और अधिकार की मांग को लेकर गुरुवार को मारासीली पंचायत के मुखिया सुकेश उरांव की अगुवाई में दर्जनों गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष गोलबंद होकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पारंपरिक हथियारों और तख्तियों के साथ ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी सबसे पहले प्लस टू हाई स्कूल मैदान में एकत्र हुए और वहां से रैली के रूप में प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए मुखिया सुकेश उरांव और पूर्व जिला परिषद सदस्य चंद्रशेखर उरांव ने ब्लॉक और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पर सीआई शाहिद अनवर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य मांगें रखी गई : भरनो अंचल में हाल में हुए 1994 खतियान आधारित भूमि ऑनलाइन प्रक्रिया को रद्द कर 1932 खतियान से भूमि को ऑनलाइन किया जाए, अनुसूचित जनजाति अनुच्छेद 244(1) का पूर्ण पालन हो, पेसा कानून 1996 शीघ्र लागू किया जाए, गरीब किसान-मजदूरों पर अत्याचार और शोषण बंद हो, किसानों की उपज का उचित मूल्य निर्धारण किया जाए, आदिवासियों की धार्मिक व्यवस्था और जमीन की रक्षा सुनिश्चित की जाए, गरीब किसान-मजदूरों का गैर-बैंकिंग संस्थाओं में फंसा पैसा वापस किया जाए, ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आने वाले दिनों में और वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर चिलगु उरांव, लधूवा उरांव, ललित उरांव, करमचंद उरांव, बप्पी उरांव, बुदला उरांव, मंगरा उरांव, जतरु उरांव, बिरसा उरांव, सुखदेव उरांव, स्मॉल उरांव, फागु उरांव, शनिका उरांव, बिमल टोप्पो, लक्ष्मण उरांव, संदीप गोप, दिना केरकेट्टा, मंजू उरांव, संगीता उरांव, अनुपा उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वच्छ जल और स्वच्छता से ही बरसात में रहेंगे सुरक्षित : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत होन्हे पंचायत के बोगासौरी गांव में स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देश पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई कुओं में गुरुवार को ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इस कार्य का नेतृत्व दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने किया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ पानी के महत्व एवं जलजनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। सुधीर मंगलेश ने कहा कि बरसात के मौसम में दूषित पानी से हैजा, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में कुओं एवं जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखना अति आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बरसात के दिनों में उबला हुआ पानी (गरम पानी) ही पिएं और अपने घर के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 08/RE-2/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 21.08.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समापित की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/15/2024-25 | बरही | कुटमा सिताराम हांसदा के घर से कुरहरिया तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.050 कि0मी0) | 2,68,66,900/- | दो करोड़ अरसठ लाख छियासठ हजार नौ सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–08.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–09.09.2029 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 360117 (Rural Work Department)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

सामाजिक न्याय, समानता, और मानव मूल्यों पर आधारित थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में गरीबी, उत्पीड़न, और सामाजिक विषमता जैसे मुद्दों को उठाया। उनके विचारों में ईमानदारी, मेहनत, और सहानुभूति जैसे गुण महत्वपूर्ण थे। **- मुंशी प्रेमचंद**

## संपादकीय

### चीनी धूर्तता और अमेरिकी टैरिफ

वैश्विक उठापटक के बीच भारत हिंदी चीनी भाई भाई के नाम पर दगाबाजी करने वाले चीन से बात कर रहा है।अमेरिका की टैरिफ नीति ने वैश्विक व्यापार में हलचल मचाई हुई है और दूसरे शीतयुद्ध की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय राजनीति खेमों में बंटी दिख रही है, तब ऐसे माहौल में चीन के विदेश मंत्री वांग यी का भारत दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों की दिशा को समझने का अवसर तो देता ही है, साथ ही यह वैश्विक भू-राजनीति के बदलते समीकरणों को भी दर्शाता है। सीमा विवादों, पाकिस्तान की स्थिति और एशिया में सर्वोच्चता को लेकर दोनों देशों में चल रही प्रतिस्पर्धा के बावजूद अमेरिकी टैरिफ ने भारत और चीन, दोनों पर अपने रिश्तों को व्यावहारिक ढंग से पुनर्संयोजित करने के लिए दबाव बनाया है। अगर दोनों देश नजदीक आते हैं, तो चीन को भारत के विशाल बाजार का फायदा उठाने का मौका मिलेगा, वहीं भारत को दुर्लभ खनिजों तक आसान पहुंच मिलेगी, जिनके लिए फिलहाल वह ज्यादातर आयात पर ही निर्भर है। सीमा विवाद और गलवान की कड़वी स्मृतियों को भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन रूस-भारत-चीन त्रिकोण अमेरिका के खिलाफ एक ध्रुव बन सके, इसके लिए जरूरी है कि भारत और चीन के संबंधों में नरमी आए। वर्तमान वैश्विक हालात में यह तय है कि चीन को भी भारत की जरूरत है। इसकी पुष्टि चीनी विदेश मंत्री की भारत की ताजा यात्रा से भी होती है, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक बयानों में सख्ती से परहेज किया और सहयोग की भाषा अपनाई। दूसरी ओर, भारत ने सीमा पर शांति बनाए रखने और सीमा विवाद के निष्पक्ष और परस्पर स्वीकार्य समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। उल्लेखनीय है कि भारत और चीन के रिश्ते दशकों से कुछ पेचीदा ही रहे हैं। हालांकि, पिछले वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की कजान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद से रिश्तों में कुछ नरमी आनी शुरू हुई। यह तथ्य है कि चीन भारत के शीर्ष व्यापारिक भागीदारों में है, लेकिन चीन के साथ अब तक का अनुभव बताता है कि उस पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं कर सकते। यही कारण है कि चीन के विदेश मंत्री की यात्रा का नई दिल्ली ने स्वागत तो किया, लेकिन इसे संबंधों में किसी बड़े मोड़ के रूप में पेश करने से परहेज ही किया। इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में शामिल होने का चीन का आमंत्रण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्वीकार किया जाना द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है, लेकिन अपनी रणनीतिक और आर्थिक प्राथमिकताओं को बीजिंग और वाशिंगटन के बीच संतुलित करने की चुनौती भारत के सामने निश्चित ही होगी। चीन और ट्रंप दोनों को मालूम है कि मोदी इस कूटनीतिक कुश्ती के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और और आसानी से काबू पाना संभव नहीं है।

*सीमा विवाद और गलवान की कड़वी स्मृतियों को भुलाया नहीं जा सकता, लेकिन रूस-भारत-चीन त्रिकोण अमेरिका के खिलाफ एक ध्रुव बन सके, इसके लिए जरूरी है कि भारत और चीन के संबंधों में नरमी आए।*

# लोगों के पशु प्रेमी होने पर एक विचार?

दिल्ली की सड़कों पर हाल ही में हजारों लोग कुत्तों को बचाने के लिए उतर आए। यह दृश्य निश्चित ही मानवीय करुणा का प्रतीक है। लेकिन यही समाज जब रोज़ाना करोड़ों बकरियों, मुर्गियों, गायों और मछलियों के कत्ल को नज़रअंदाज़ करता है, तो यह एक गहरी विडम्बना और दोहरे मापदंड को उजागर करता है। क्या सिर्फ इसलिए कि कुत्ता हमारे घर के पास रहता है, उसकी जान कीमती है, और जो जानवर हमारी थाली में परोसे जाते हैं उनकी कोई कीमत नहीं?



### संस्कृति के नाम पर पाखंड

**हमारे समाज में एक विचित्र विरोधाभास देखने को मिलता है:**

- कोई व्यक्ति अपने कुत्ते को परिवार का सदस्य मानता है, उसके लिए विलासिता के सामान खरीदता है
- वही व्यक्ति अन्य जानवरों की हत्या करवाकर उनका मांस खाता है
- भारत में कुत्तों के प्रति प्रेम औपनिवेशिक प्रभाव है, जबकि गायों को धार्मिक कारणों से पूजा जाता है
- क्या यह नैतिकता नहीं, बल्कि सामाजिक संस्कार है?

### भगवद गीता की दृष्टि

**गीता में तीन प्रकार की चेतना का वर्णन है:**

1. **सात्विक:** ज्ञान और विनम्रता से परिपूर्ण व्यक्ति
2. **तामसिक:** निम्न चेतना वाले व्यक्ति (जो मांस खाते हैं)
3. **पशु:** जिनके पास चेतना का विकल्प नहीं होता

गीता 'समदर्शिता' की बात करती है - सभी प्राणियों को समान दृष्टि से देखना। जब आप वास्तव में आत्मज्ञान प्राप्त कर लेते हैं, तो आप किसी निर्दोष प्राणी को हानि पहुँचाना असंभव पाएंगे।

### संख्याओं की कहानी: एक भयावह सच्चाई

**विश्व में प्रतिदिन:**

- 10 करोड़ जानवरों को भोजन के लिए मारा जाता है
- प्रति मिनट 7 लाख जानवर कत्ल किए जाते हैं
- हमारी इस चर्चा के पहले 10 मिनट में 70 लाख जानवर मारे गए

### कल्पना कीजिए

- चाकू गर्दन पर चलता है
- खून की धारा बहती है
- आँखों से जीवन ओझल होता है और यह सब केवल इसलिए क्योंकि हमें "स्वाद" पसंद है?

### सामान्य तर्कों का वैज्ञानिक विश्लेषण

- **तर्क 1: "शेर भी तो मांस खाते हैं"**
- शेर के पास कोई विकल्प नहीं होता, हमारे पास है
- शेर अपनी प्रकृति के अनुसार कार्य करता है, मनुष्य नैतिक विकल्प चुन सकता है
- यदि शेर मनुष्य को मारता है तो वह हिंसा नहीं, प्रकृति है। मनुष्य द्वारा शेर को मारना हिंसा है
- **तर्क 2: "हमारे पूर्वज भी मांस खाते थे"**
- क्या हम आज भी गुफाओं में रहते हैं?
- क्या हमने दास प्रथा, सती प्रथा जैसी पुरानी प्रथाओं को नहीं बदला?
- आधुनिक फैक्ट्री फार्मिंग और प्राचीन शिकार में कोई तुलना नहीं
- **तर्क 3: "पौधे भी तो जीवित हैं"**
- एक किलो मांस उत्पादन के लिए 17 किलो वनस्पति की आवश्यकता होती है
- मांसाहार वास्तव में अधिक पौधों की हत्या है
- पौधों में केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र नहीं होता, वे दर्द नहीं महसूस करते

### स्वास्थ्य और पोषण: तथ्य बनाम मिथक

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार:

- प्लांट-बेस्ड डाइट से सभी आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त किए जा सकते हैं
- लाल मांस को ग्रुप 1 कार्सिनोजन (कैंसरकारक) माना गया है
- शाकाहारी एथलीट्स जैसे नोवाक जोकोविच, लुईस हैमिल्टन और पैट्रिक बाबूमियन ने साबित किया है कि शाकाहार में भी शीर्ष प्रदर्शन संभव है

### पर्यावरणीय प्रभाव: एक गंभीर संकट

- पशु कृषि से 18% ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन होता है (सभी परिवहन से अधिक)
- एक किलो गोमांस के उत्पादन में 15,000 लीटर पानी खर्च होता है
- अमेज़न वनों की कटाई का 91% पशु चारा उत्पादन के लिए होता है

आज की **बात**



**वीणा देवांगन**
लेखिका

### नैतिकता का मूल प्रश्न

**हमें स्वयं से पूछना चाहिए:**

- क्या मेरा थोड़े से स्वाद के लिए किसी प्राणी का जीवन लेना उचित है?
- क्या मैं अपने हाथों से किसी जानवर की गर्दन काट सकता हूँ?
- यदि नहीं, तो किसी और से यह काम करवाना क्या उचित है?

विकल्प और समाधान

### आज के युग में

- प्लांट-बेस्ड मीट के विकल्प उपलब्ध हैं (बियॉन्ड मीट, इम्पॉसिबल बर्गर)
- पोषक तत्वों के लिए सप्लीमेंट उपलब्ध हैं
- शाकाहारी भोजन विविधतापूर्ण और स्वादिष्ट हो सकता है

जिस प्रकार हमने दास प्रथा, सती प्रथा और अस्पृश्यता को इतिहास का हिस्सा बना दिया, उसी प्रकार मांसाहार भी एक दिन अतीत की बात होगी। एक सभ्य समाज की पहचान उसके सबसे कमजोर सदस्यों के प्रति व्यवहार से होती है।

### महात्मा गांधी का यह कथन याद रखें

किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम इस बात से लगा सकते हैं कि वहाँ के जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है।

जब आप मांस खरीदते हैं, तो आप सिर्फ एक उत्पाद नहीं खरीद रहे - आप एक निर्णय खरीद रहे हैं कि किसी प्राणी का जीवन आपके स्वाद से कम मूल्यवान है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का अद्भुत उद्गम स्थल काशी

भारत की धरती पर बसे अनगिनत नगरों में यदि किसी एक नगरी का नाम बार-बार लिया जाता है, तो वह है काशी। काशी यानी वाराणसी, काशी यानी बनारस। यह केवल एक शहर नहीं, बल्कि हजारों सालों की आस्था, संस्कृति, दर्शन और विद्या का जीता-जागता प्रतीक है। कहा जाता है कि दुनिया की सबसे पुरानी आबाद बस्तियों में से एक यह नगरी आज भी अपने उसी तेज, उसी रौनक और उसी आध्यात्मिक महक को संभाले हुए है। गंगा के किनारे बसी यह नगरी भगवान शिव की नगरी है। मान्यता है कि स्वयं महादेव यहाँ विराजते हैं और अपने भक्तों को मोक्ष का वरदान देते हैं। यही कारण है कि इसे "अविमुक्त क्षेत्र" कहा गया है, यानी वह जगह जिसे कभी छोड़ा नहीं जाता। इस नगर के नाम को लेकर कई कहानियाँ और मान्यताएँ प्रचलित हैं। संस्कृत में "काश" का अर्थ होता है, प्रकाश। इसीलिए इसे काशी कहा गया यानी प्रकाश की नगरी। वाराणसी नाम पड़ा दो नदियों वरुणा और अस्सी के कारण। इन दोनों के बीच का क्षेत्र वाराणसी कहलाया। अंग्रेजी हुकूमत और स्थानीय बोलचाल के चलते वाराणसी का अपभ्रंश रूप बनारस प्रचलित हो गया। तीनों नाम अलग-अलग समय और संदर्भ में इस नगर की पहचान बने, लेकिन तीनों नामों में एक ही बात छिपी है। यह नगरी हमेशा से विशेष रही है। यदि हम इतिहास की ओर देखें तो काशी की जड़ें पाँच हजार साल से भी ज्यादा पुरानी मानी जाती हैं। ऋग्वेद से लेकर पुराणों तक में काशी का उल्लेख मिलता है। महाकाव्यों महाभारत और रामायण में भी काशी की महत्ता का विस्तार से वर्णन है। यहाँ न केवल हिंदू धर्म बल्कि बौद्ध और जैन परंपरा ने भी अपनी जड़ें जमाईं। महात्मा बुद्ध ने सारनाथ (काशी से कुछ ही दूरी पर) में अपना पहला उपदेश दिया, वहीं भगवान महावीर ने भी काशी क्षेत्र में धर्म का प्रचार-प्रसार किया। इतिहास गवाह है कि चाहे गुप्तकाल हो या मुगलकाल, काशी हमेशा से विद्या और आस्था का प्रमुख केंद्र रही है। कहा जाता है कि काशी की रचना खुद भगवान शिव ने की। काशी खंड में यह लिखा है कि जब प्रलय के समय सारी सृष्टि जल में समा जाएगी तब भी काशी नष्ट नहीं होगी, क्योंकि यह शिव के त्रिशूल पर टिकी है। काशी विश्वनाथ मंदिर इस आस्था का केंद्र है। यहाँ विश्वनाथ यानी पूरे जगत के नाथ विराजमान हैं। यह मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं बल्कि ऊर्जा और अध्यात्म का केंद्र है। हर साल लाखों श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं और गंगा स्नान के बाद बाबा के दर्शन कर जीवन को सफल मानते हैं।

देश की **बात**



**डॉ दीपक प्रसाद**

# जाम और गरीब

कौन नहीं जानता ,सरकार और प्रशासन के पास बड़ी ताकत है, क्षमता है,धन है,पुलिस फोर्स है,कुछ भी कर सकती है । लेकिन ऐसा है सरकार विभाग के पास योग्य लोग भी हैं अयोग्य भी, ईमानदार भी हैं भ्रष्ट भी, निर्भर करता है कौन सी ताकत मजबूत है ,भ्रष्ट या ईमानदार। उच्च न्यायालय लगातार बहुत से विषयों पर अपने निर्देशन आदेश देते रहता है।पर यह सरकार और प्रशासन पर निर्भर करता है कि किसको पालन करवाना है और किसकी खानापूर्ति कर देनी है। उच्च न्यायालय ने कुछ महीने पहले आदेश दिया था किसी को उजाड़ने के पहले उसे बसाने की व्यवस्था हो. उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने की बात की और सबसे आसान तरीका लगा जो छोटे-छोटे दुकानदार सब्जी फल वालों को उजाड़ दिया जाए और इस काम में उन्होंने बहुत तत्परता बरती ।किसी को कोई समय नहीं दिया और सबको बेरोजगार कर दिया। यह समस्या का समाधान नहीं है ,यह समस्या को कुछ समय के लिए शिफ्ट करने की बात है । सड़क के दुकानदार, ठेले कुछ गलियों में चले गए।कुछ रोते हुए अपने घरों को लौट गए । गलियों में जो ठेले गए वहां मोहल्ले वाले की परेशानी बढ़ेगी । वे शिकायत करेंगे और फिर से उनको उजाड़ा जाएगा।सरकार में कार्य क्षमता इतनी है कि मंत्रियों की आवास समय के पहले बन गए। यह अलग बात है कि वे ग्यारह ग्यारह करोड़ के बंगले अधिकांश खाली पड़े हैं,कुछ मंत्री वहां गए नहीं। आमतौर पर अतिक्रमण शब्द सड़क पर अतिक्रमण को लेकर माना जाता है लेकिन यहां तो सड़क के बहुत अंदर भी कोई अपनी रोजी-रोटी ठेला लगा कर चला रहा है तो उसे भी अतिक्रमण मानकर उजाड़ दिया जाता है ।मैं इस विषय पर बहुत से वीडियो फोटो प्रभात खबर एवं अन्य सोशल मीडिया पर भी शेयर किए हैं। अभी 3 महीने पहले पूरा मोराबादी मैदान जहां फल सब्जी बिकती थी, रात में 1:00 बजे इस ढंग से उजादा गया कि लगा कि किसी आतंकी देश ने उन पर हमला कर दिया है। धन्यवाद देता हूं सांसद एवं राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ जी को, जिन्होंने तुरंत वहां का निरीक्षण किया और प्रशासन से अपनी आपत्ति दर्ज करवाई।

लेकिन लगता है उन लोगों को भी कुछ समय के लिए ही रिलीफ दी हुई है। मुख्य मुद्दे पर सरकार या विभाग का कोई सकारात्मक उपाय सामने नहीं है।नतीजा अपराध बढ़ेंगे , हत्या ,आत्महत्या बढ़ेगी।सरकार प्रशासन को चाहिए कि तेजी से इन लोगों के लिए हर वार्ड में वेंडर मार्केट की व्यवस्था करें। शहर बहुत दूर तक फैल गया है। दूर-दूर तक सब्जी फल वाले कुछ नाश्ता बेचने वाले सड़क किनारे ठेले लगते हैं, दुकान लगाते हैं । प्रशासन उजड़ते रहता है लेकिन ये स्वरोजगारी मजबूर लोग फिर डरते हुए कहीं ना कहीं कुछ बेचने की सामग्री रखते हैं, इस चिंता से कि परिवार को तो पालना ही पड़ेगा ।छोटे-छोटे बच्चों को जाकर वह नहीं बोल सकते हैं कि प्रशासन ने उनको उजाड़ दिया है,तुम भूखे मरो। मैं कुछ निगम के कुछ लोगों से बात करता हूं, उनका कहना होता है ऊपर से आदेश है। इस तरह उजड़ना उनको भी अच्छा नहीं लगता। नौकरी के पहले उन लोगों ने भी अपने मां-बाप की गरीबी देखी थी। उनके नीचे पुलिस वाले कहते हैं कि हम तो बहुत नीचे टपके के हैं, आदेश का पालन करना मजबूरी है, उसी तरह जिस तरह अंग्रेजों के समय हम हिंदुस्तानी ही उनकी पुलिस थी और उनके आदेश पर अपने ही देशवासियों पर लाठी गोली चलाते थे ।तो क्या अब स्वतंत्र भारत में भी इस तरह की हुकूमत चलेगी? एक दूसरा पहलू और सोचिए जब ट्रैफिक इतनी जाम रहती है तो बूटी मोड़ को कर नामकुम कांके रोड रातू रोड दूर-दूर तक बसे हुए लोग सब्जी फल कहां से खरीदेंगे? स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे सस्ते दर पर नाश्ता पानी कहां करेंगे?

आपकी **बात**



**संतोष अग्रवाल**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अंगारों की सेज पर, लिपटे हुए भुजंग।
ता ऊपर राजा चढ़ा, गाते हुए अभंग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# ये आपदा क्यों आयी ?

देश के विभिन्न हिस्सों में आई आपदा ने गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है। निस्संदेह, हादसो से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी। सली सवाल यह है कि ये आपदा क्यों आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ, लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो। दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफ ऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी।

दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग का था। साथ मलबा स्लेटी रंग का था। तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है।

ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फ के पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है। सामान्यतः तीन चार हजार मीटर की ऊंचाई पर पहले बर्फबारी होती थी, बारिश नहीं। लेकिन अब लगातार होती बारिश से ग्लेशियर टूट रहे हैं। जो कालांतर अस्थायी झील पर गिरते हैं तो झील का पानी पहाड़ों के तीव्र ढलान पर तेजी से बहता है। जब उसके साथ मलबा, पत्थर व मिट्टी मिल जाती है तो उसकी धार मारक हो जाती है। बहरहाल, वास्तविक स्थिति सेटेलाइट इमेज से ही स्पष्ट हो पाएगी।

अलग **बात**



**राकेश दुबे**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### असम सरकार का बड़ा फैसला

# 18 साल से ऊपर वालों को नहीं मिलेगा नया आधार कार्ड

**एजेंसी। असम**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से रोकने के लिए एहतियाती उपाय के तहत, 18 वर्ष से अधिक की आयु के व्यक्ति राज्य में पहली बार आधार कार्ड नहीं बनवा पाएंगे।



उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि 18 साल से अधिक की आयु के व्यक्तियों को आधार कार्ड का आवेदन करने के लिए केवल एक महीने का समय दिया जाएगा, बशर्ते कि अभी तक आधार कार्ड नहीं बनवाया हो। हालांकि, उन्होंने कहा कि चाय बागानों में रहने वाले आदिवासी, 18 वर्ष से अधिक आयु के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को अगले एक साल तक आधार कार्ड जारी किये जाएंगे। शर्मा ने कहा, ''आधार कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को नागरिकों की पहचान की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा माना जा रहा है। यह कदम पिछले एक साल में बांग्लादेश से संभावित घुसपैठ से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के प्रति सरकार द्वारा ध्यान दिये जाने को प्रदर्शित करता है।

# राज्यसभा में पेश हुआ गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला बिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा ने गुरुवार को संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 को एक संयुक्त समिति को भेजने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें 21 लोकसभा सदस्य और 10 राज्यसभा सदस्य शामिल होंगे, जिन्हें क्रमशः अध्यक्ष और उपसभापति द्वारा नामित किया जाएगा। समिति को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की लगातार नारेबाजी और हंगामे के बीच उच्च सदन में प्रस्ताव रखा कि तीनों विधेयकों को एक संयुक्त समिति को भेजा जाए। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करने वाले विधेयक के अलावा केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 को लोकसभा में पेश किया था।विपक्षी नेताओं ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों को "कठोर" और "असंवैधानिक" करार दिया है। विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर तीनों विधेयकों की प्रतियां फाड़कर फेंकी। इन विधेयकों में भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहे प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है।

### गंभीर अपराध में फंसे मंत्रियों को हटाने का रास्ता साफ



संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और कम से कम 30 दिनों तक हिरासत में रहे किसी केंद्रीय या राज्य मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करता है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में यह विधेयक पेश किया। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है ताकि गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तारी या हिरासत में लिए जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान किया जा सके।

# श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी, 1 की मौत, 40 घायल

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



जम्मू-कश्मीर के सांबा ज़िले के जटवाल इलाके में गुरुवार सुबह माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही एक बस का एक टायर फटने से 20 फीट गहरे नाले में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। यह भीषण हादसा सांबा ज़िले के जटवाल गांव में हुआ। उत्तर प्रदेश से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी आ रही बस में 65 से 70 श्रद्धालु सवार थे। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 40 अन्य घायल हो गए। आपातकालीन सेवाएं और स्थानीय निवासी फंसे हुए यात्रियों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को पहले सांबा जिला अस्पताल ले जाया गया, और गंभीर हालत में उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स विजयपुर रेफर कर दिया गया। यह दुर्घटना जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जिससे यातायात अस्थायी रूप से बाधित हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# अंतरिक्ष मिशन के हीरो शुभांशु शुक्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के सफल मिशन के बाद गुरुवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इससे पहले सोमवार को शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। शुक्ला, ISS के लिए एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट थे। नासा मिशन पूरा करने के बाद वह 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे और रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी पहुँचे।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर एक मिशन पूरा करने में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उपलब्धियों के महत्व और 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बिरला ने लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा, "इस अवसर पर, (निचला) सदन वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का भारत में स्वागत करता है। उनका अंतरिक्ष मिशन और सफल वापसी केवल मिशन की सफलता नहीं है, बल्कि भारतीय नागरिकों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। शुक्ला की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा है।"लोकसभा में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - '2047 तक विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर संक्षिप्त चर्चा हुई। अध्यक्ष ओम बिरला ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच अपनी बात रखी। उन्होंने सोमवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए इसे "आश्चर्यजनक" बताया कि विपक्ष अंतरिक्ष में देश की उपलब्धियों की प्रशंसा भी नहीं कर सकता। जितेंद्र सिंह ने विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच लोकसभा में कहा कि विपक्ष हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों के लिए अंतरिक्ष विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को बधाई देने में विफल रहा है। आपका गुस्सा सरकार से हो सकता है।

### राजनाथ और फडणवीस ने किया फोन

# उपराष्ट्रपति चुनाव में किसका समर्थन करेंगे उद्धव ठाकरे?

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को फोन किया और एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन के लिए समर्थन मांगा। पार्टी नेता संजय राउत ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है, जबकि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि राजनाथ सिंह और देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे को फोन किया और उनसे राधाकृष्णन के पक्ष में वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने दूसरों से भी ऐसा किया होगा। यह उनका काम है। हालाँकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ठाकरे को फ़ोन कब किया गया। आरएसएस पृष्ठभूमि वाले तमिलनाडु के अनुभवी भाजपा नेता राधाकृष्णन ने बुधवार को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार रेड्डी ने गुरुवार को ऐसा किया। रेड्डी को विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में चुनने के कदम ने उपराष्ट्रपति चुनाव को दक्षिण बनाम दक्षिण का मुकाबला बना दिया है। दूसरे सबसे बड़े पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होने हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। संसद के उच्च सदन के मनोनीत सदस्य भी मतदान के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है और बहुमत का आंकड़ा 391 है।

### स्पीकर की चाय पार्टी

# बोले प्रधानमंत्री - कांग्रेस के युवा नेताओं से घबरा गए हैं राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद, अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने कक्ष में एक अनौपचारिक चाय पार्टी का आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वरिष्ठ मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह, तथा एनडीए के सहयोगी दलों के सदन के नेता शामिल हुए। पिछले सत्र की तरह, विपक्ष के नेताओं ने इस बैठक से दूर रहने का फैसला किया, जिससे एक बार फिर उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस में, कई युवा नेता बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन पारिवारिक असुरक्षा के कारण उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने आगे कहा कि ऐसे युवा नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी असुरक्षित और घबराए हुए महसूस कर रहे होंगे। उपस्थित लोगों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सत्र को एक उत्पादक सत्र बताया और कहा कि कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें से, उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पर विशेष ज़ोर दिया और इसके दूरगामी परिणामों और नागरिकों के जीवन पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर वर्तमान में जितनी गंभीरता से राजनीतिक चर्चा होती है, उससे कहीं अधिक गंभीरता से विचार-विमर्श की आवश्यकता है।सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रमुख विधेयकों पर बहस से दूर रहने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा, "वे केवल व्यवधान पैदा करने में लगे रहे।" संसद ने 20 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया, जो ऑनलाइन मनी गेमिंग कंपनियों, उनके प्रवर्तकों और यहाँ तक कि उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के लिए कड़े नियम और दंड का प्रावधान करता है। यह विधेयक पैसे पर आधारित ऑनलाइन खेलों पर प्रतिबंध लगाकर और अपराधियों के लिए कठोर दंड निर्धारित करके तेज़ी से बढ़ते लेकिन विवादास्पद ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को विनियमित करने का प्रयास करता है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने इमारतों को लेकर दाखिल याचिका पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में भूकंप आने की स्थिति में न्यूनतम नुकसान के लिए भूकंपरोधी इमारतें बनाने की दिशा में कदम उठाने का निर्देश संबंधी याचिका पर बुधवार को दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार और नगर निगमों को याचिका पर वस्तुस्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिका में ''भूकंप के दुष्प्रभावों से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए'' नीतियां और दिशानिर्देश बनाने का भी अनुरोध किया गया है।अधिवक्ता अर्पित भार्गव द्वारा दायर याचिका में न्यायालय से यह भी आग्रह किया गया है कि भूकंप जैसी आपदा से आम जनता को बचाने के लिए उपचारात्मक उपाय करने में देरी होने पर सरकार और अन्य संबंधित प्राधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

### सीएसडीएस अधिकारी पर नहीं, चुनाव आयोग पर एफआईआर दर्ज हो : नाना पटोले

**नागपुर।** महाराष्ट्र चुनाव से संबंधित विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सीएसडीएस के संजय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज होने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग पर तीखी प्रतिक्रिया दी। नाना पटोले ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि राज्य सरकार छह महीने देर से जागी है। चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आयोग वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जानकारी और पांच बजे के बाद का वोटिंग फुटेज नहीं दे रहा है। वास्तव में एफआईआर चुनाव आयोग के ऊपर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दल की तरह से काम कर रहा है। आयोग को सवाल का जवाब देना ही होगा। चुनाव आयोग तुरंत दखल दे और वास्तविकता लोगों के सामने बताए। सीएसडीएस ही नहीं, आने वाले समय में कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि सीएसडीएस पर दबाव बनाकर केस दर्ज किया गया है। उसके प्रमुख को डराया गया है, जिसकी वजह से उन्होंने माफी मांगी है। राहुल गांधी सच बोलने वाले व्यक्ति हैं। देवेंद्र फडणवीस को राहुल गांधी से माफी मांगनी पड़ेगी क्योंकि आप चुनाव आयोग की गलत वकालत कर रहे हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी जाने का समय आ गया है, इसलिए डराने के लिए इस तरह का बिल लाया गया है। मनमोहन सिंह के समय में कानून पारित किया गया था, उसमें जो लोग गुनहगार प्रवृत्ति के हैं।

# अनुसंधान की नैतिकता पर कार्यशाला का आयोजन



**एजेंसी। वाराणसी**

ज्ञान की नगरी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन एवं इन्फॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर, गांधीनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम "रिसर्च एथिक्स एंड एकेडेमिक इंटीग्रिटीः लीवरेजिंग डिजिटल टूल्स" निरंतर अकादमिक विमर्श और नवाचार का मंच सिद्ध हो रहा है। कार्यशाला का तीसरा दिन नवाचार और तकनीकी विमर्श को समर्पित रहा। सत्रों में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अनुसंधान का औपचारिक सत्यापन, अनुसंधान की सीमाएँ और अनुसंधान में डिजिटल उपकरणों का उपयोग विषयों पर गहन चर्चा की। प्रतिभागियों को बताया गया कि आधुनिक शोध में प्लैगरिज़्म डिटेक्शन सॉफ्टवेयर, रेफरेंस मैनेजमेंट सिस्टम, डिजिटल लाइब्रेरी और डेटा एनालिसिस टूल्स जैसे डिजिटल उपकरण किस प्रकार शोध की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और अद्यतनता को सुनिश्चित करते हैं। उद्घाटन सत्र में निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "शोध का उद्देश्य केवल अकादमिक मान्यता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह समाज को नई दृष्टि और समाधान प्रदान करने का साधन होना चाहिए।" दिनभर चले संवादात्मक सत्रों ने शोधार्थियों और शिक्षकों को न केवल शोध की तकनीकी समझ से समृद्ध किया बल्कि उनमें नए विचारों और दृष्टिकोण को आत्मसात करने की प्रवृत्ति भी विकसित की। चौथे दिन की शुरुआत डॉ. सुरभि, इनफ्लिबनेट, गांधीनगर के व्याख्यान से हुई, जिन्होंने "शोध में ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज" विषय पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि मुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन शोध प्रक्रिया को कैसे अधिक प्रभावी बना सकते हैं। इसके बाद श्री हितेश सोलंकी, इनफ्लिबनेट, गांधीनगर ने "आर और जमोवी सॉफ्टवेयर द्वारा सांख्यिकीय विश्लेषण" पर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया, जिससे प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण के आधुनिक टूल्स की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई। डॉ. मितेश कुमार पांड्या (नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर) ने "प्रामाणिक और विश्वसनीय शोध पत्रिकाओं की पहचानः उपकरण और रणनीतियाँ" विषय पर व्याख्यान देते हुए जालसाजी से बचने और प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं की पहचान करने की रणनीतियां बताईं। वहीं अगले सत्र में डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने "डेटा संग्रहण और विश्लेषण हेतु नैतिक डिजिटल उपकरण" विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को ऐसे डिजिटल टूल्स से परिचित कराया जो शोध में पारदर्शिता और नैतिकता को सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं। दिन के अंतिम वक्ता डॉ. राज सिंह जिन्होंने "स्टाइल मैनुअल्सः ए.पी.ए., एम.एल.ए., शिकागो, आई.ई.ई.ई." पर ज्ञानवर्द्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक लेखन शैलियों, उद्धरण विधियों और संदर्भ प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की और प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी दिया। इस पाँच दिवसीय कार्यशाला में बिहार, दिल्ली, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों से 48 प्रतिभागी सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. चक्रधर राणा और श्री मनोज कुमार के. द्वारा किया जा रहा है। तकनीकी सहायता विकास जानू एवं संस्थान के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### 2047 का भारत | मोदी ने अमित शाह और राजनाथ सिंह को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

# आने वाले दिनों में देश में दिखेंगे कई बड़े बदलाव

- **उद्देश्य: "2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने" की दिशा में सुधार**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत सरकार ने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में व्यापक सुधारों की दिशा में दो नए अनौपचारिक मंत्रियों के समूह का गठन किया है। इन समूहों का नेतृत्व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। हम आपको बता दें कि इन समितियों का गठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण के बाद हुआ है जिसमें उन्होंने "2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने" के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 21वीं सदी के अनुरूप नए कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं की आवश्यकता पर बल दिया था। हम आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाले 13 सदस्यीय समूह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव (समूह के संयोजक) जैसे वरिष्ठ मंत्री सम्मिलित किये गये हैं। इस समूह का कार्यक्षेत्र वित्त, उद्योग, वाणिज्य, अवसंरचना, लॉजिस्टिक्स, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और सुशासन जैसे क्षेत्रों में विधायी और नीतिगत सुधारों की रूपरेखा तैयार करना होगा। इस मंत्री समूह का विशेष ध्यान अनुपालन भार कम करने, रोजगार सृजन, उत्पादकता वृद्धि और पुराने अवरोधक ढांचों को हटाने पर होगा। देखा जाये तो पिछले कुछ वर्षों में गृहमंत्री अमित शाह की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रही है, बल्कि वह कई बार आर्थिक मामलों में भी निर्णायक भूमिका निभा चुके हैं। जीएसटी सुधार में राज्यों व केंद्र के बीच सहमति बनाने में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। मुद्रास्फीति और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर बैठकों की अध्यक्षता भी उन्होंने की है। ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध संबंधी विधेयक तैयार करने में भी गृह मंत्रालय को प्रमुख शक्ति के रूप में देखा गया।, जबकि आईटी मंत्रालय ने इसका प्रारूप तैयार किया था।

### राजनाथ सिंह देखेंगे सामाजिक क्षेत्रीय सुधार कार्य

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाला 18 सदस्यीय समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, कौशल विकास, सामाजिक कल्याण, आवास, श्रम और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में सुधारों की संभावना तलाशेगा। इस समिति में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया (समूह संयोजक) प्रमुख सदस्य हैं। यह समूह कानूनी सुधार, संस्थागत ढाँचे में सुधार और बहुस्तरीय (केंद्र, राज्य, नगरीय निकाय) सुधारों की सिफारिश करेगा।

# अजिंक्य रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी

एजेंसी। मुंबई

दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने घरेलू क्रिकेट के अगले सीजन (2025-26) की शुरुआत से पहले मुंबई क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ दी है। रहाणे ने सोशल मीडिया के माध्यम से कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रहाणे ने लिखा, "मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नया घरेलू सत्र शुरू होने वाला है। मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का सही समय है। इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है।" रहाणे ने लिखा, "मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मुंबई क्रिकेट टीम के साथ अपनी यात्रा जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफी जीत सकें। आने वाले सीजन का बेसब्री से इंतजार है।" अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 सीजन में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। मुंबई रहाणे की कप्तानी में 2024-25 के रणजी सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। मुंबई ने पिछले सीजन में सैयद मुश्ताक अली और ईरानी ट्रॉफी जीती थी। रहाणे का इसमें अहम रोल रहा था। मुश्ताक अली ट्रॉफी में वह टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे थे। अजिंक्य रहाणे का नाम मुंबई क्रिकेट के दिग्गजों में शुमार है।



वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई के लिए सर्वाधिक रन और शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। रहाणे ने 2007 से 2025 के बीच 76 मैचों की 124 पारियों में 19 शतक लगाते हुए 5,932 रन बनाए हैं। जाफर ने 1997 से लेकर 2015 के बीच 100 मैचों की 159 पारियों में 29 शतक लगाते हुए 8,178 रन बनाए हैं। घरेलू करियर में रहाणे ने अब तक 201 प्रथम श्रेणी मैचों की 340 पारियों में 45.16 की औसत से 14,000 रन, 192 लिस्ट ए मैचों की 187 पारियों में 39.84 की औसत से 6,853 रन और 284 टी20 मैचों की 267 पारियों में 29.92 की औसत से 7,242 रन बनाए हैं।

## महिला एशिया कप हॉकी

# सलीमा टेटे होंगी भारतीय टीम की कप्तान



एजेंसी। नई दिल्ली

चीन में होने वाले महिला एशिया कप हॉकी के लिए हॉकी इंडिया ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। 20 सदस्यीय टीम की कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है। टूर्नामेंट चीन के हांग्जो में 5 से 14 सितंबर तक आयोजित होगा। टूर्नामेंट के लिए चुनी गई टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संयोजन है। गोलकीपर के रूप में बंसरी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम को जगह दी गई है। डिफेंस में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी जैसी युवाओं को मौका दिया गया है। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा टेटे, लालरेम सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। वहीं, बतौर फॉरवर्ड नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल को जगह दी गई है। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, "हांग्जो में होने वाले महिला एशिया कप के लिए चुनी गई टीम को लेकर हम उत्साहित हैं। हमने अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है। टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है। हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा, और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।" उन्होंने कहा, "महिला एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैंपियनशिप है, बल्कि 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए एक सीधा क्वालीफाइंग इवेंट है। विजेता टीम को सीधे प्रवेश मिलना है। हर मैच हमारे धैर्य, फिटनेस और रणनीति की परीक्षा लेगा। हमें विश्वास है कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भारत को गर्व होगा।" भारत को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज का पहला मैच 5 सितंबर को थाईलैंड, 6 सितंबर को जापान और 8 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगी।

## ओबेड मैककॉय ने झटके 4 विकेट

**नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग के सातवें मैच में एंटिगुआ और बरबुडा फॉल्कंस ने त्रिनबागो नाइट राइडर्स को 8 रन से हरा दिया। एंटिगुआ की जीत में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेड मैककॉय ने 4 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। एंटिगुआ और बरबुडा फॉल्कंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 167 रन बनाए। एंटिगुआ की तरफ से कप्तान इमाद वसीम ने 27 गेंद पर 2 छक्के और 1 चौका लगाते हुए नाबाद 39 रन की पारी खेली। वहीं, फेबियन एलेन ने 20 गेंद पर 3 छक्के और 3 चौके लगाते हुए 45 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू ने 22 रन बनाए। त्रिनबागो के लिए नाथन एडवर्ड और ओसामा तारिक ने 2-2 जबकि अकिल हुसैन और मोहम्मद आमिर ने 1-1 विकेट लिए।

## यौन उत्पीड़न मामले में यश दयाल पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम सुनवाई

एजेंसी। प्रयागराज



क्रिकेटर यश दयाल पर गाजियाबाद की एक महिला के लगाए यौन उत्पीड़न के आरोप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुरुवार को अहम सुनवाई होनी है। यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी या नहीं, हाईकोर्ट इस पर अपना फैसला सुनाएगा। महिला द्वारा लगाए यौन उत्पीड़न के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 15 जुलाई को यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि जब तक सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक एफआईआर के आधार पर यश दयाल पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पीड़िता, उत्तर प्रदेश सरकार और गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने के एसएचओ को नोटिस भेजा था। अदालत ने सभी से तीन सप्ताह के भीतर अपना जवाब देने को कहा था ताकि मामले पर विस्तृत विचार किया जा सके। यश दयाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में 6 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

एफआईआर दर्ज होने के बाद यश दयाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए अपने ऊपर लगाए आरोप को निराधार बताया था और एफआईआर को रद्द किए जाने का आग्रह किया था। यश दयाल का कहना है कि उनकी छवि को धूमिल करने के लिए उन पर आरोप लगाए गए हैं।

## अदाणी स्पोर्ट्सलाइन की हर्षा देशपांडे का कमाल

# टेनिस सिंगल्स अंडर-14 का जीता खिताब

एजेंसी। जयपुर




अदाणी स्पोर्ट्सलाइन की प्रतिभावान टेनिस खिलाड़ी हर्षा देशपांडे ने पिछले सप्ताह जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप सीरीज (7) टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-14 गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता। हर्षा का यह पहला खिताब है। 12 वर्षीय हर्षा देशपांडे ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। हर्षा ने प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान की तेजस्वी यादव को हराया (6-2, 6-1)। वहीं, क्वार्टर फाइनल में गुजरात की जिया ठक्कर के खिलाफ उन्होंने (6-2, 6-3) से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में हर्षा ने राजस्थान की खुशवी पडियार के खिलाफ एक संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में जीत (6-0, 4-6, 7-5) दर्ज की। हर्षा का फाइनल मुकाबला गुजरात की नायसा सोलंकी के खिलाफ था। उन्होंने बेहद आसानी से ये मैच 6-2, 6-1 से जीत खिताब अपने नाम किया। सातवीं कक्षा की छात्रा हर्षा अदाणी स्पोर्ट्सलाइन टेनिस अकादमी में 2024 से प्रशिक्षण ले रही हैं। यहां प्रशिक्षण लेते हुए उन्हें सुव्यवस्थित कोचिंग, प्रतिस्पर्धी अनुभव और समग्र विकास का लाभ मिला है।

## बारिश बनी विलेन यूएस ओपन के क्वालीफाइंग मैच रद्द

**न्यूयॉर्क।** विंबलडन के बाद टेनिस प्रेमियों को यूएस ओपन का बेसब्री से इंतजार रहता है। यूएस ओपन के क्वालीफाइंग मैच चल रहे हैं, जिस पर बारिश का प्रकोप जारी है नतीजतन मैचों को रद्द करना पड़ा है। बारिश के कारण बुधवार को यूएस ओपन के क्वालीफाइंग मैच रद्द कर दिए गए। सिर्फ 45 मिनट का खेल हो सका था, जब बारिश ने खलल डाला। लंबे समय तक बारिश नहीं रुकी तो मैचों को रद्द करने का निर्णय लिया गया। बारिश के कारण छह पुरुष मैचों को रद्द करना पड़ा। यूएस ओपन सीजन का आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है। डिनो प्रिजमिक, अलेक्जेंडर ब्लॉक्स, री सकामोटो, मार्टिन लैंडालूस और रोड्रिगो पाचेको मेंडेज टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने की कोशिश कर रहे हैं। टूर के दिग्गज बर्नार्ड टॉमिक, लॉयड हैरिस और जान-लेनार्ड स्ट्रफ क्वालीफाइंग ड्रॉ में बने हुए हैं। नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला-जैक ड्रेपर और नंबर 3 वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक-कैस्पर रूड ने आर्थर ऐश स्टेडियम की बंद छत के नीचे एक कड़े, उच्च-गुणवत्ता वाले मुकाबले में 2025 मिश्रित युगल सेमीफाइनल की शुरुआत की।

# सीपीएल 2025 में खेलेंगे रिजवान



एजेंसी। नई दिल्ली

एशिया कप 2025 के लिए पाकिस्तान टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान अब कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 (सीपीएल 2025) में खेलते हुए नजर आएंगे।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक मोहम्मद रिजवान को सीपीएल 2025 के बचे हुए मैचों के लिए सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने साइन किया है। रिजवान को अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी की जगह टीम में शामिल किया गया है। फारूकी एशिया कप 2025 से पहले यूएई में पाकिस्तान-अफगानिस्तान-यूएई के बीच होने वाली त्रिकोणीय टी20 सीरीज में अफगानिस्तान टीम से जुड़ने के लिए सेंट किट्स से अलग हो गए हैं।

यह अभी स्पष्ट नहीं है कि रिजवान गुरुवार को बारबाडोस रॉयल्स के खिलाफ पैट्रियट्स के मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं। लेकिन पाकिस्तान द्वारा उन्हें उस त्रिकोणीय श्रृंखला और एशिया कप के लिए अपनी टी20 टीम से बाहर रखने के साथ, रिजवान के अन्यत्र खेलने का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। ऐसा समझा जाता है कि पीसीबी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), जो खिलाड़ियों को विदेशी लीग में भाग लेने की अनुमति देता है, एक औपचारिकता है।

मोहम्मद रिजवान टीम की तरफ से अपना पहला मैच कब खेलेंगे? इस पर तस्वीर अभी साफ नहीं है। यह पहला मौका है जब मोहम्मद रिजवान सीपीएल में खेलते हुए दिखेंगे। हालांकि, कई पाकिस्तानी क्रिकेटर सीपीएल में खेलते रहे हैं। इस सीजन की बात करें तो मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, नसीम शाह, उसामा मीर, अब्बास अफरीदी, और सलमान इरशाद खेल रहे हैं।

पीसीबी ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल खिलाड़ियों के लिए दो विदेशी लीग में खेलने की अनुमति दी है। सीपीएल रिजवान की दूसरी विदेशी लीग है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ भी करार किया है। रिजवान की स्ट्राइक रेट से जुड़ी समस्या को देखते हुए उन्हें पाकिस्तान टी20 टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। रिजवान ने पाकिस्तान के लिए 106 टी20 मैचों की 93 पारियों में 1 शतक और 30 अर्धशतक लगाते हुए 3,414 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 125.38 रहा है।

## एशिया कप से श्रेयस अय्यर को बाहर रखना चौंकाने वाला निर्णय : जतिन परांजपे



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता जतिन परांजपे ने एशिया कप 2025 की टीम इंडिया स्क्वाड से श्रेयस अय्यर को बाहर रखने के फैसले को चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि अय्यर को इस बड़े टूर्नामेंट का हिस्सा होना चाहिए था। आईएएनएस से बात करते हुए जतिन परांजपे ने कहा, "मेरे लिए श्रेयस अय्यर को बाहर रखने का निर्णय चौंकाने वाला है। मेरे हिसाब से उन्हें एशिया कप के लिए चुनी गई टीम का हिस्सा होना चाहिए था।" परांजपे ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज हर्षित राणा को चुने जाने पर भी हैरानी जताई। उन्होंने कहा, "हर्षित राणा को टीम में देखकर मैं थोड़ा हैरान था। लेकिन, उन्हें कोच का पूरा समर्थन हासिल है। मुझे लगता है कि प्रसिद्ध कृष्णा बेहतर विकल्प हो सकते थे।" पूर्व क्रिकेटर ने एशिया कप के लिए कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के रूप में स्पिनरों के चयन का स्वागत करते हुए कहा कि यूएई की परिस्थितियों में दोनों उपयोगी साबित हो सकते हैं। इन्हें अक्षर पटेल का भी पूरा सहयोग मिलेगा।



## सोने की कीमतें फिर 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में लगातार पांच दिन की गिरावट के बाद गुरुवार को तेजी देखी गई। इस कारण सोने की कीमत एक बार फिर से 99,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार चली गई है। वहीं, चांदी का दाम भी 1.12 लाख रुपए प्रति किलो से अधिक हो गया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 98,946 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 90,819 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 74,360 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़त देखी गई। बीते 24 घंटे में चांदी का दाम 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गया है। आईबीजेए की ओर दिन में दो बार हाजिर बाजार में सोने और चांदी की कीमतें जारी की जाती है। एमसीएक्स पर भी सोने और चांदी की कीमतों में मिलाजुला कारोबार हुआ। गोल्ड के 03 अक्टूबर, 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.04 प्रतिशत गिरकर 99,263 रुपए पर था। वहीं, चांदी के 05 सितंबर, 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.05 प्रतिशत बढ़कर 1,12,609 रुपए हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमैक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में मिलाजुला कारोबार हुआ।

# दिवाली और छठ पूजा के लिए 12,000 से अधिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी : अश्विनी वैष्णव



- भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों और खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नई सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी।

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि 13 से 26 अक्टूबर के बीच आगे की यात्रा करने वाले यात्रियों और 17 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच वापसी यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए वापसी टिकटों पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी दिवाली और छठ त्योहारों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने कहा, "यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को उनकी वापसी यात्रा के दौरान कोई कठिनाई न हो"। इसके अलावा, गया से दिल्ली, सहरसा से अमृतसर, छपरा से दिल्ली और मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के लिए चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों और खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक नई सर्किट ट्रेन भी शुरू की जाएगी। यह ट्रेन वैशाली, हाजीपुर, सोनपुर, पटना, राजगीर, गया और कोडरमा तक जाएगी। बक्सर-लखीसराय रेल खंड का विस्तार चार-लाइन वाले कॉरिडोर में किया जाएगा, जिससे ज्यादा ट्रेन चल सकेंगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पटना के चारों ओर एक रिंग रेलवे प्रणाली विकसित की जाएगी, जिसमें सुल्तानगंज और देवघर को रेल से जोड़ा जाएगा। पटना और अयोध्या के बीच एक नई रेल सेवा भी चलाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि लौकहा बाजार में एक वाशिंग पिट सुविधा स्थापित की जाएगी और बिहार में कई नए स्वीकृत सड़क ओवरब्रिजों पर काम किया जाएगा।

## ई-श्रम पोर्टल पर 30.99 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृत : केंद्र

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद में गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार, 12 अगस्त तक 30.99 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों ने सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने आधार से जुड़े असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) तैयार करने के लिए ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया है। एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित कामगारों को स्व-घोषणा के आधार पर एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर प्रदान कर उनका पंजीकरण और सहायता करना है। यह पोर्टल विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही पोर्टल में इंटीग्रेट करता है। इससे ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं और अब तक प्राप्त लाभों को देख सकते हैं।

## जीओएम ने दो-स्लैब जीएसटी के प्रस्ताव को स्वीकारा




एजेंसी। नई दिल्ली

वस्तु एंव सेवा कर (जीएसटी) को तर्कसंगत बनाने को लेकर हुई राज्यों के ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (जीओएम) की बैठक में गुरुवार को केंद्र सरकार के टैक्स स्लैब की संख्या घटाने के प्रस्ताव को स्वीकार लिया गया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली जीओएम के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। इसका उद्देश्य जीएसटी में मौजूदा टैक्स स्लैब (5 प्रतिशत,12 प्रतिशत,18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) की संख्या को घटाकर दो (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) करना है। नए जीएसटी स्ट्रक्चर में दो दरें- मेरिट और स्टैंडर्ड होंगी। मेरिट में शामिल वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। वहीं, स्टैंडर्ड में शामिल वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का टैक्स लगेगा। इसके अलावा, सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत टैक्स का भी प्रावधान है। इसमें तंबाकू, सॉफ्ट ड्रिंक्स, फास्ट फूड और अन्य प्रकार के टैक्स शामिल है।

## उत्पादों के लिए केवल अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय वैकल्पिक बाजारों की हो पहचान : एपी चैंबर्स के

एजेंसी। नई दिल्ली




अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को लेकर आंध्र प्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन (एपीसीसीआईएफ) के अध्यक्ष पोटलुरी भास्कर राव ने गुरुवार को कहा कि जलीय उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, चावल जैसी कृषि वस्तुएं, हथकरघा, हस्तशिल्प और ऑटो कंपोनेंट जैसे सेक्टर हमारे राज्य में सबसे अधिक प्रभावित हैं। राव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, "हम राज्य और केंद्र दोनों सरकारों से अनुरोध करते हैं कि ब्याज अनुदान योजना के लिए पैरवी करें और इन उद्योगों को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी सीमा प्रदान करें। साथ ही, इन उत्पादों के लिए केवल अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय वैकल्पिक बाजारों की पहचान करें।" उन्होंने कई देशों के साथ हस्ताक्षरित विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत निर्यात की संभावनाएं तलाशे जाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि इन उत्पादों को तुरंत उन बाजारों में भेजा जा सके और उद्योग जीवित रह सकें। उन्होंने वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमएसएमई क्षेत्र को लेकर चिंता व्यक्त की। राव ने जानकारी देते हुए बताया, "आज, हमने राज्य सरकार से जुड़ी वर्तमान समस्याओं और राज्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को समझने के लिए बैठक की।

# वित्त वर्ष 25 में ज्यादातर भारतीय एयरलाइंस को हुआ घाटा

एजेंसी। नई दिल्ली




वित्त वर्ष 2024-25 में ज्यादातर भारतीय एयरलाइंस ने नुकसान दर्ज किया है और सबसे ज्यादा घाटा टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को हुआ है। यह जानकारी सरकार की ओर से गुरुवार को संसद को दी गई। लोकसभा में एक सवाल का लिखित में जवाब देते हुए केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि एयर इंडिया और उसकी बजट एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने वित्तीय वर्ष के दौरान कर से पूर्व 9,568.4 करोड़ रुपए का संयुक्त घाटा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एयर इंडिया को 3,890.2 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस को 5,678.2 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अन्य एयरलाइन जैसे अकासा एयर को कर से पूर्व 1,983.4 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वहीं, इस दौरान स्पाइसजेट को 58.1 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। इंडिगो, देश की एकमात्र बड़ी एयरलाइन है, जिसे वित्त वर्ष 25 में मुनाफा हुआ है। इंडिगो को पिछले वित्त वर्ष में कर से पहले 7,587.5 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। प्रोविजनल डेटा से जानकारी मिली है कि एयर इंडिया पर 26,879.6 करोड़ रुपए, इंडिगो पर 67,088.4 करोड़ रुपए, एयर इंडिया एक्सप्रेस पर 617.5 करोड़ रुपए, अकासा एयर पर 78.5 करोड़ रुपए और स्पाइसजेट पर 886 करोड़ रुपए का कर्ज है।

# पेट्रोल पंप चोरीकांड का खुलासा, दो आरोपी जेल भेजे गए

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बिंगलात स्थित पेट्रोल पंप कार्यालय में 10 अगस्त को हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने कर लिया है।

थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि 20 अगस्त को छापेमारी के दौरान पचड़ा (केरेडारी थाना क्षेत्र) निवासी आशिष कुमार पासवान (19 वर्ष) और संतोष पासवान (18 वर्ष) को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर कंप्यूटर सेट, सीसीटीवी कैमरा समेत चोरी का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी दल में पुअनि उपेंद्र कुमार, सअनि बाबूलाल टोप्पो समेत रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## पलामू के क्रांतिकारियों के नामों में त्रुटि, परिजन बोले- सुधारे प्रशासन

- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जताई नाराजगी, चौक-चौराहों का नामकरण करने की भी मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता संग्राम में पलामू के क्रांतिकारियों का योगदान किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अफसोस की बात है कि आज भी उन्हें उचित पहचान और सम्मान नहीं मिल पाया है। पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन द्वारा लिखी गई पुस्तक "पलामू के क्रांतिकारी" ने इस क्षेत्र के कई वीर सपूतों की दास्तान सामने लाई, जिससे परिजन और समाज गौरवान्वित हैं। लेकिन मेदिनीनगर के सदर प्रखंड परिसर तथा नगर आयुक्त आवास के बगल में स्थापित शीलापट्ट पर दर्ज कई क्रांतिकारियों के नामों में गंभीर त्रुटियां हैं। इसे लेकर लंबे समय से स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन प्रशासन से सुधार की मांग कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी गणेश प्रसाद वर्मा और नंदकिशोर प्रसाद वर्मा की पौत्रवधू शर्मिला वर्मा के नेतृत्व में कई बार जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया। निराश परिजनों ने सोमवार को संविधान सभा के सदस्य एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यदुवंश सहाय के आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई कि शहीदों के नामों में सुधार किया जाए और उन्हें उचित सम्मान दिया जाए। साथ ही मांग की गई कि जिले के विभिन्न चौक-चौराहों का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके योगदान को याद रख सके। कार्यक्रम में स्वर्गीय यदुवंश सहाय जी के पोते सुधीर सहाय, स्वर्गीय वेद प्रकाश भसीन के पुत्र प्रेम प्रकाश भसीन, नंदकिशोर प्रसाद वर्मा के पौत्र विवेक वर्मा, पौत्रवधू शर्मिला वर्मा और पुस्तक "पलामू के क्रांतिकारी" के लेखक प्रभात मिश्रा सुमन मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय समिति की बैठक लातेहार प्रखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने की।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव तथा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी हरेंद्रपाल भगत मौजूद थे। चर्चा के दौरान तय किया गया कि योजना के तहत ग्राम सभाओं के माध्यम से लाभुकों के आवेदन लिए जाएंगे। खासतौर से दिव्यांग और आपदा पीड़ित परिवारों को 90% अनुदान पर लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।इस बार योजना में 19 गांवों का चयन किया गया है, जिनमें मूरगू, जगलदगा, साबानो, अरागुंडी, हुटार, गुरगु, बचरा, होटवाग, बरैनी, नारायणपुर (धनकारा), निंदिर, हरखा, पतरातु, चोपे, मननचोटाग, अंबाझरन, दुगिला, कोदाग (बेंदी) और मानिकपूरा शामिल हैं।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह योजना पशुपालकों को सशक्त करेगी और रोजगार सृजन में भी सहायक होगी।

## शराब के नशे में कार से भाई-बहन को रौंदा

# युवक की मौत, बहन गंभीर ग्रामीणों ने जताया गुस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के इटको मोड़ पर बुधवार को शराब के नशे में धुत मुखिया के बेटे ने तेज़ रफ़्तार कार से स्कूटी सवार भाई-बहन को कुचल दिया। इस हादसे में 22 वर्षीय त्रिपुरारी मेहता की मौत हो गई, जबकि 18 वर्षीय बहन जानवी कुमारी गंभीर हालत में रांची रेफर की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी युवक उल्टी दिशा से तेज़ गति में कार चला रहा था और शराब की वजह से गाड़ी पूरी तरह बेकाबू थी। जब पुलिस ने जांच की तो आरोपी के अल्कोहल स्तर 99% पाया गया। ग्रामीणों ने घटना के बाद गुस्सा जताते हुए कहा कि "एक शराबी की गैरजिम्मेदारी ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया।" लोग आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




## सांसद ने नीतिन गडकरी से मुलाकात की, सड़क परियोजनाओं को दी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में मुलाकात कर क्षेत्रीय जनता की आकांक्षाओं से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने झारखंड के चतरा, लातेहार और पलामू जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों के तेज विकास और नई सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति का आग्रह किया। उन्होंने प्रमुख प्रस्तावों में चंदवा से डोभी (गया, बिहार) तक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, रांची (रातु, काठीटांड) से डोभी तक उच्च स्तरीय सड़क, धार्मिक स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी और एनटीपीसी, हिंडाल्को, डीवीसी, टीवीएनएल जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ने वाले मार्गों को शामिल किया।सांसद ने कहा कि इन परियोजनाओं से धार्मिक पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेशक आकर्षित होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रस्तावित परियोजनाओं की स्वीकृति से चतरा लोकसभा क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक प्रगति होगी और ग्रामीण क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह ने कहा कि इन मार्गों के स्वीकृत होते ही इलाके का चौमुखी विकास तय है।




## संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत कांग्रेस का चंदवा पूर्वी पंचायत कमिटी का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** कांग्रेस कमिटी की ओर से संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत चंदवा पूर्वी पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। यह आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और जिला प्रभारी धीरज प्रसाद साहू के निर्देशानुसार हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदवा प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने की। नवनियुक्त पंचायत कमिटी में अध्यक्ष अमित कुजूर, उपाध्यक्ष छठन राम और शिवचरण मिस्त्री, महामंत्री सीवियर एक्का व अन्य शामिल किए गए। सभी को नियुक्ति पत्र वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सौंपा। असगर खान ने कहा कि नई पंचायत कमिटियां गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों की आवाज बनेंगी और कांग्रेस का संदेश घर-घर तक पहुँचाएंगी। इस मौके पर रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, श्रीराम शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता अभियान के तहत सुआ गोदाम के शिव मंदिर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला जनसंपर्क विभाग और पिरामल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से किया। नाटक 'हाथी का पैर' मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसका निर्देशन सैकत चटर्जी ने किया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि वे एमडीए-आईडीए कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली दवाओं का सेवन अवश्य करें और परिवार व समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहभागी बनें। कार्यक्रम की विशेषता रही महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। जेएसएलपीएस की जेंडर सीआरपी दीदियों ने लोगों को एकत्र कर जनता को समझाने का काम किया।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा मेन चौक समेत कई स्थानों पर गुरुवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 एवं सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का आधारस्तंभ हैं, उनके सम्मान और देखभाल में ही परिवार और समाज की असली संस्कृति झलकती है। इस दौरान उपस्थित लोगों को वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने, उनके प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास, अमलेश कुमार, किरण कुमारी और अजीत कुमार ने आमजन को जागरूक किया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया था। आयोजन का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और उनकी सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## रानी सती दादी का भादी मावस महोत्सव

# तीन दिवसीय महापर्व में गूंजेगा दादी का जयकारा, भक्तों में दिखा अलौकिक उत्साह

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** "भादी मवास है आई, भगतो ने ज्योत जलाई..." भक्ति और आस्था से ओतप्रोत यह वंदना पूरे वातावरण में गूंज रही है। 21 अगस्त से 23 अगस्त तक रानी सती दादी का भादी मावस महोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। आयोजन का दायित्व श्री रानी सती सेवा समिति ने उठाया है। महोत्सव का शुभारंभ ध्वज पूजन और गणेश पूजन से हुआ। इसके उपरांत 251 महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी जी का मंगल पाठ किया। भक्तिमय वातावरण में महिलाएं झूम-झूमकर दादी जी का गुणगान करती रही। दिन का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। दूसरे दिन दादी जी का मेहंदी एवं हल्दी का मंगल आयोजन हुआ जिसमें 150 महिलाएं शामिल हुईं। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में डाल्टनगंज श्री श्याम मित्र मंडल और आमंत्रित कलाकारों ने सुरमयी वाणी से दादी जी के भजन प्रस्तुत किए। पूरा पंडाल "जय दादी की" के उद्घोष से गूंज उठा। 23 अगस्त को दादी जी का भादी मावस मनाया जाएगा। प्रातः 5 बजे से ही मारवाड़ी समाज के सभी श्रद्धालु दादी जी की पूजा-अर्चना और साधना में लीन होंगे। संध्या बेला में होने वाली महाआरती के साथ इस तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। महाआरती के समय भक्ति और अलौकिक शक्ति का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य एक माह से तन-मन-धन से जुटे रहे। इसमें भरत सवारिया, श्याम पोद्दार, आलोक सवारिया, प्रभात उदयपुरी, गिरधारी गर्ग, संजय केजरीवाल, मनोज भिवानिया, अनुपम तुलस्यान, संदीप केजरीवाल, सौरभ सराफ, अंकित तुलस्यान, ललित तुलस्यान, पप्पू लाठ, हेमंत सोनी, अमित सुरेखा, प्रभात अग्रवाल सहित अनेक सेवाभावी कार्यकर्ता सक्रिय रहे। मंगल पाठ में शामिल गुड्डी पोद्दार, ममता पोद्दार, लवली मोदी, शालिनी सिंघानिया, अलका सिंघानिया, रेणु सवारिया, मीरा कामदार, रितिका सवारिया, निधि केजरीवाल, नीतू केजरीवाल सहित अनेक महिलाओं ने दादी जी के चरणों में अपनी श्रद्धा समर्पित की।

## बाबा गणिनाथ जी की जयंती 23 अगस्त को, तैयारियां अंतिम चरण में

- डाल्टनगंज में होगा 41वां वार्षिक महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा हलवाई समाज द्वारा झारखंड समेत पूरे देश में 23 अगस्त को बाबा गणिनाथ जी की जयंती पूजन महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ आयोजन को लेकर जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि बाबा गणिनाथ जी की जयंती पूजन महोत्सव भादो माह के जन्माष्टमी के बाद पड़ने वाले प्रथम शनिवार को मनाई जाती है। हालांकि पूरे भादो माह में हर शनिवार को भक्तजन विशेष पूजा-अर्चना कर बाबा की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं।

इस बार डाल्टनगंज में भी 23 अगस्त, शनिवार को बाबा श्री गणिनाथ जी की जयंती का 41वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन कोयल नदी किनारे दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में किया जाएगा।

जयंती समारोह में मध्यदेशीय वैश्य परिवार के महिला-पुरुष, बच्चे और युवा भारी संख्या में शामिल होंगे और श्रद्धा-भक्ति के साथ बाबा का पूजन करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### ग्रामीणों ने फर्जी जमाबंदी रद्द करने का मांगपत्र सौंपा

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सराढु गांव में भू-माफियाओं द्वारा अवैध जमाबंदी कराने की शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन देकर की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ भू-माफिया राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से खाता संख्या 126, 66, 88, 101, 102 समेत दर्जनों खेसरा नंबरों पर बड़े पैमाने पर अवैध जमाबंदी करा चुके हैं। इससे आमलोगों की निजी भूमि पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच कर अवैध जमाबंदी रद्द नहीं की गई तो वे अंचल कार्यालय का घेराव करेंगे। आवेदन पर विक्रम सिंह, बलराम सिंह, राजेंद्र राम, आशिक मियां, अशोक राम, जीतन महतो, सुबोध सिंह, नूनी सिंह, बिजय सिंह, महेश सिंह, कैलास मुंडा, राजेश कुमार, शमीम मियां समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### सिंदूवारी गुरु मठ में भगवान कृष्ण की छठीयारी आज

**मयूरहंड (चतरा)।** सिंदूवारी राम जानकी गुरु मठ में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की छठीयारी मनाई जाएगी। आयोजक श्यामब्रज विलास दास ने बताया कि इसमें झारखंड समेत अन्य राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम में भागवत कथा, पालकी प्रभात फेरी, राधा-कृष्ण अभिषेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद वितरण होगा।

### लाभुकों के बीच धोती-साड़ी वितरण

**मयूरहंड (चतरा)।** कुम्हारी जन वितरण प्रणाली दुकान में गुरुवार को सोना-सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच 10 रुपये में धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। लाभुकों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों को काफी राहत मिल रही है। मौके पर डीलर सीताराम सिंह और दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बज्रपात से बैल की मौत, पशुपालक हताहत

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत के सरजामातु गांव निवासी संतोष यादव के बैल की गुरुवार को बज्रपात से मौत हो गई। भुक्तभोगी ने बताया कि उनका बैल जमुनियातरी जंगल में चर रहा था, तभी अचानक बारिश के दौरान वज्रपात हुआ और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से उन्हें लगभग 20 हजार रुपये की क्षति हुई है। संतोष यादव ने प्रखंड प्रशासन से आपदा प्रबंधन मद से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### एसएसबी ने किया पौधरोपण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**हेरहंज।** 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कमांडेंट संजीव कुमार के निर्देश पर ई-समवाय हेरहंज के कंपनी कमांडर पार्थ घोष के नेतृत्व में गुरुवार को दो महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले कार्यक्रम के तहत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करनदाग परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सागौन, आमला, शरीफा, अर्जुन और ग्रीन सीमार के पौधे लगाए गए। कंपनी कमांडर ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। दूसरे कार्यक्रम के तहत राजकीय मध्य विद्यालय मेराल में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। प्रधानाध्यापक अजय राम और संजय कुमार ने इस पहल को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में एसएसबी जवानों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### गणेश चतुर्थी 27 को, महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी में धूमधाम से पूजा की तैयारी

**लातेहार।** पूरे जिले में गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर ठाकुर दुर्गाबाड़ी समिति द्वारा लगातार 22 वर्षों से पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। समिति के सदस्य राजेश अग्रवाल और अरविंद कुमार ने बताया कि इस बार भी तीन दिवसीय महोत्सव में कलश स्थापना, सुबह-शाम महाआरती और भंडारा का आयोजन होगा। समिति के संरक्षक निर्मल महलका, पवन गुप्ता, अध्यक्ष रविनाथ गुप्ता, कोषाध्यक्ष ब्रजेश अग्रवाल, सचिव विजय प्रसाद तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

## पेज एक के शेष

### ये सामान सस्ते...

पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे प्रोडक्ट भी 12% के टैक्स स्लैब में आते हैं। दो स्लैब की मंजूरी के बाद इन पर 5% टैक्स लगेगा।

### 12,000 रुपए रिश्वत...

एसीबी अधिकारियों का कहना है कि किसी भी सरकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता को भी अपील है कि अगर उनसे कोई अधिकारी या कर्मचारी घूस मांगता है तो इसकी शिकायत तुरंत एसीबी से करें।इस कार्रवाई के बाद इलाके के आम लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

### उग्रवादियों का तांडव...

बताया जाता है कि पूर्व में पुलिस ने पोस्ता की फसल (खोती) नष्ट करने के अभियान में संतन गंझू का ट्रैक्टर इस्तेमाल किया था, जिसके बाद कई लोगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया था। हाल ही में जेल से बाहर आया एक युवक उग्रवादियों से मिल गया और उसी की मिलीभगत से इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही उग्रवादियों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस घटना को भाकपा माओवादी के टॉप कमांडर मनोहर गंझू के दस्ते ने अंजाम दिया है।

### वज्रपात की चपेट...

बाद अपने घर वापस लौट गई थी। लेकिन परिजनों के अनुसार बारिश होता देख छतरी लेकर वह अपने भाई को स्कुल से वापस लाने स्कूल गई थी ।पर वहां से स्कूल बारिश आता देख वह अपने अन्य दोस्तों को स्कूल से वापस लाने गई हुई थी। इसी दौरान छाते के अंदर खड़ी तीनों बच्चियों वज्रपात का शिकार हो गए घटना की जानकारी मिलते ही आनन फानन में ग्रामीण तीनों बच्चियों को लेकर मांडर मिशन स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में शामिल अंजलिका के पिता सतीश उराँव दो दिन पूर्व ही काम करने के उद्देश्य से बेंगलुरु गए हैं। परिजनों ने बताया कि वह आज ही बेंगलुरू पहुंचे साथ ही बताते चले कि परी उरांव के पिता सुखदेव उरांव व बासमती के पिता शिवनाथ उरांव खेतीबाड़ी कर अपना जीवनयापन करते है।गांव मे तीन बच्चियों के एक साथ हादसे का शिकार होने से पूरे गांव के लोग सदमे में है। हादसे के बाद एक ओर जहां परिजनों में चीख पुकार मची हुई थी वहीं दूसरी ओर गांव के सारे लोग उदास थे। घटना की जानकारी मिलते ही नरकोपी पुलिस गांव पहुंची और आगे की कार्रवाई में लगी हुई थी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के बेयासी पंचायत अध्यक्ष इमरान अंसारी ने आपदा राहत कोष से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त मृतका के परिजनों को को दो-दो लाख रुपए की मांग सरकार से की है।

## चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तिब्बत का दौरा किया, 12 सालों में दूसरी बार पहुंचे



**नई दिल्ली ।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 अगस्त को तिब्बत की राजधानी ल्हासा पहुंचे। यहां उन्होंने तिब्बत पर चीनी कब्जे की 60वीं सालगिरह मनाई। यह जिनपिंग का 12 सालों में 2 तिब्बत दौरा है। इस दौरान उन्होंने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और तिब्बत में काम कर रहे प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इससे पहले जिनपिंग ने गलवान में भारतीय सेना से झड़प के बाद 2021 में इस क्षेत्र का दौरा किया था।तिब्बत पर चीन ने 1950 में कब्जा किया था और 1965 से आधिकारिक तौर पर इस इलाके का शासन कर रहा है।

## पूर्व पीएम इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों



से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई के नेताओं, समर्थकों और देश की राजनीति के लिए यह निर्णय बेहद अहम है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे, ने गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू की। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश अफरीदी ने नकवी से पूछा, "आपने लाहौर उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा होगा।

## बांग्लादेश : बीएनपी ने कहा लोकतंत्र बहाल नहीं हुआ

**ढाका ।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने कहा है कि देश में अभी तक लोकतंत्र पूरी तरह से बहाल नहीं हुआ है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव भी नहीं हो पाए हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को दी। बुधवार को ढाका में बीएनपी के मुख्य कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रूहुल कबीर रिजवी ने कहा, "हमारा काम अभी खत्म नहीं हुआ है। लोकतंत्र अभी पूरी तरह से बहाल नहीं हुआ है। इसे बहाल करने के लिए हमें और भी कठिन रास्ते से गुजरना पड़ सकता है। हमारी पार्टी और राष्ट्रवादी ताकतों के सभी नेता और कार्यकर्ता तैयार हैं।

### अमेरिकी आयात पर भारत की कड़ी कार्रवाई, ट्रंप सरकार की मुश्किलें बढ़ीं

# भारत ने रोक डाला अमेरिका का माल, पंगा लेना ट्रंप को पड़ रहा भारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कभी कभी कुछ फैसले जो किसान के खेत में लिए जाते हैं वो पूरी राजनीति को बदल कर रख देते हैं। आज बात सिर्फ एक बीज की नहीं बल्कि ये लड़ाई आत्मनिर्भरता बनाम विदेशी दबाव की बन गई है। जिसकी आशंका थी आखिरकार वही हुआ। अमेरिका और भारत की ट्रेड बातचीत फाइनल राउंड में थी। लेकिन अचानक रुक गई और वजह अमेरिकी सोयाबीन है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच अबतक पांच राउंड की ट्रेड मीटिंग हो चुकी थी। छठा राउंड अगस्त के आखिर में होना था। लेकिन अचानक खबर आई कि यूएस ट्रेड टॉक होल्ड पर चली गई है। अमेरिकी टीम जो 25 अगस्त को भारत आने वाली थी। उसने अपना दौरा रद्द कर दिया है। इसका सीधा सा मतलब है कि अंतरिम ट्रेड डील फाइनल होने वाली थी। लेकिन अब वो अटक गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्य वजह भारत का अमेरिकी सोयाबीन को एंट्री न देना है। आपको बता दें कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक है। लाखों अमेरिकी सोयाबीन उगाते हैं और वहां की बड़ी कंपनियों में इसे बेचते हैं। इन सबको नए नए बाजार चाहिए। ताकी उनका बिजनेस चलता रहे। भारत दुनिया का सबसे बड़ा फूड ऑयल और प्रोटीन मार्केट है। यहां पर डालों और तेल की भारी खपत होती है। पॉल्ट्री और डेयरी सेक्टर के लिए प्रोटीन विट की भारी डिमांड रहती है।

अमेरिका चाहता था कि भारत अपने दरवाजे खोले और अमेरिकी सोयाबीन यहां टैक्स फ्री आएं। लेकिन भारत ने नो एंट्री फॉर यूएस सोयाबीन साफ कह दिया। दरअसल, भारत के किसानों का सबसे बड़ा फसल आधार सोयाबीन है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और कई राज्यों में लाखों किसान सोयाबीन उगाते हैं। अगर अमेरिका का सस्ता सोयाबीन भारत आ गया तो भारतीय किसानों की फसल बिकना मुश्किल हो जाएगी। प्राइस क्रैश हो जाएगा और छोटे किसानों की हालात खराब हो जाएगी। यही वजह है कि भारत ने चार रेड लाइन सोयाबीन, कॉर्न, एथनॉल, डेयरी के रूप में खीची थी।

**अमेरिका-भारत ट्रेड टॉक पर ब्रेक**

- कभी-कभी खेत में लिए फैसले पूरी राजनीति बदल देते हैं।
- अमेरिका और भारत की ट्रेड बातचीत अंतिम दौर तक पहुँची थी।
- अगस्त के आखिर में छठा राउंड होना था, लेकिन अचानक यूएस ट्रेड टॉक होल्ड पर चली गई।
- अमेरिकी टीम का 25 अगस्त का भारत दौरा रद्द कर दिया गया।

**विवाद की जड़**

**अमेरिकी सोयाबीन**

- मुख्य वजह भारत का अमेरिकी सोयाबीन को एंट्री न देना है।
- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक है।
- लाखों अमेरिकी किसान और कंपनियाँ इसे उगाकर निर्यात करती हैं।



एआई जेनरेटेड

## भारत ने कृषि पर झुकने से किया इनकार अमेरिका ने दोगुना किया टैरिफ वार

अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद के सीईओ जिम सटर ने बीते दिनों इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा था कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक मुद्दे सुलझ सकते हैं, जिससे भारतीय पोल्ट्री उद्योग को 'स्थायी रूप से सत्यापित' अमेरिकी सोयाबीन फ़ीड उत्पादों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जबकि अमेरिका को चीन के साथ व्यापार तनाव से उत्पन्न होने वाले संभावित नुकसान की आंशिक रूप से भरपाई करने की अनुमति मिलेगी। सटर ने कहा कि वह भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) उत्पादों से जुड़ी नियामक चुनौतियों को गैर-शुल्क बाधा नहीं मानते, क्योंकि अमेरिकी सोया किसानों के पास भारत और अन्य जगहों पर आपूर्ति करने के लिए जीएम और गैर-जीएम, दोनों तरह के उत्पाद उपलब्ध हैं।

# स्मार्टफोन के ज्यादा उपयोग से न केवल आंखो बल्कि दिमाग पर भी असर

### आंख से लगभग 16-20 इंच दूर रखें फोन

**ब्यूरो**



- मोबाइल फ़ोन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों व रेटिना के लिए खतरनाक हो सकती है, यह कॉर्निया व लेंस द्वारा अवरुद्ध नहीं होती है, इसलिए बहुत नुकसानदायक होती है
- नींद की समस्या, स्ट्रेस, याददाश्त की कमजोरी व आंखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ सकता है

**नई दिल्ली।** इन दिनों यदि किसी का मोबाइल घर छूट जाता है तो उसका ज्यादातर काम रुक जाता है। न भी रुके तो उसको बहुत कुछ सूना-सूना लगने लगता है। कई लोग तो इसके इतने आदी हो गये हैं कि उनसे मोबाइल एक दो दिन के लिए अलग रख दिया जाये तो डिप्रेश होने लगते हैं। इस तरह मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा के अलावा गंभीर आदत भी बन चुका है। सुबह उठते ही सबसे पहले और रात को सोने से पहले आखिरी बार लोग मोबाइल का ज़रूरी काम के अलावा अंड-बंड चीजें देखते रहते हैं। स्क्रॉल करते -करते उनको पता ही नहीं होता है कि कितना समय बीत गया। लेकिन फोन का इस तरह आरती इस्तेमाल लोगों के आंखों के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों के लिए भी हानिकारक साबित होने लगा है।ऐसे में स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल से आंखों को होने वाले नुकसान से बचाने की जरूरत अब बहुत ज्यादा हो गई है, क्योंकि इन दिनों तेजी से लोगों की आंखें कमजोर हो रही हैं। ऐसे में हर किसी को यह जानना चाहिए कि आंख और स्मार्टफोन के बीच कितनी दूरी होनी चाहिए और ऐसा नहीं करने से सेहत पर क्या असर पड़ता है। क्योंकि आजकल फोन का इस्तेमाल छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई कर रहा है।

कोरोना के समय से जो लत लगी , उसके बाद पढ़ाई हो, ऑफिस का काम हो या एंटरटेनमेंट, हर जगह स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ चुका है, लेकिन फोन का ज्यादा इस्तेमाल केवल आंखों को ही नहीं, बल्कि दिमाग को भी नुकसान पहुंचा सकता है। कई प्रसिद्ध नेत्र अस्पतालों में हुए सर्वे की एक रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल फ़ोन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों व रेटिना के लिए खतरनाक हो सकती है, क्योंकि यह कॉर्निया व लेंस द्वारा अवरुद्ध नहीं होती है, इसलिए काफी नुकसानदेह होती है।विशेषज्ञों के अनुसार, फोन को चलाने की दूरी और समय का सही ध्यान न रखने से नींद की समस्या, स्ट्रेस, याददाश्त की कमजोरी और आंखों की रोशनी पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में फोन का इस्तेमाल करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है।ज्यादा समय तक फोन का इस्तेमाल करने से आंखों पर सीधा असर पड़ता है। फोन की स्क्रीन को नजदीक से देखने पर आंखों पर दबाव पड़ता है। फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट के कारण आंखों में ड्राइनेस, जलन, धुंधलापन और हेडेक जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। जिसके चलते आंखें कमजोर होने लगती है। आमतौर पर लोग फोन को पास से देखते हैं। लोग लगभग चेहरे से करीब 8 इंच की दूरी पर रखते हैं। फोन का पास से इस्तेमाल करना आंखों के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। आंख के विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल का इस्तेमाल हमेशा 40 से 50 सेंटीमीटर यानी लगभग 16-20 इंच की दूरी से करना चाहिए। फोन का ज्यादा इस्तेमाल आंखों के साथ-साथ दिमाग के लिए भी हानिकारक होता है। स्मार्टफोन से निकलने वाली रेडिएशन और लगातार स्क्रीन देखने से मस्तिष्क पर असर पर पड़ता है। इससे ब्रेन की कार्यक्षमता और न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। इसके साथ ही फोन का ज्यादा इस्तेमाल नींद में खलल, चिड़चिड़ापन व तनाव, किसी विषय पर ध्यान व याददाश्त में कमी आदि की समस्या हो सकती है।

## गरीब बच्चों के छात्रावास में बिस्तर गीला करने पर वार्डन छड़ गर्म कर बच्चों को दागता था

- **घायल बच्चों में से एक रात में गुरुकुल से भाग गया, यातना के बारे में बताया, मां का रो-रो कर बुरा हाल**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** यह घटना 17 अगस्त को राजस्थान के सेड़वा क्षेत्र के हरपालिया गांव में हरपालेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा संचालित एक गुरुकुल में हुई। 2022 से संचालित इस गुरुकुल में गरीब, खानाबदोश व अनाथ परिवारों के बच्चे रहते हैं। पुलिस ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब घायल बच्चों में से एक रात में गुरुकुल से भाग गया और अपने परिवार को कथित यातना के बारे में बताया। उसकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों के शरीर पर दागने के घावों और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीण संस्थान के बाहर इकट्ठा हो गए और सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। चौहटन के पुलिस उपाधीक्षक जीवन लाल खत्री ने पुष्टि की कि भरतपुर निवासी व गुरुकुल के वार्डन-सह-शिक्षक नारायण गिरि को हिरासत में लिया गया है। खत्री ने कहा, ''एक वीडियो में बच्चों ने आरोप लगाया है कि उन्हें गर्म छड़ से दागा गया। इसके बाद, हमने नारायण गिरि को हिरासत में ले लिया।'' ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) प्रकाश चंद विश्नोई ने कहा कि विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। बिश्नोई ने कहा, ''घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। हमने गुरुकुल का दौरा किया और बच्चों, उनके अभिभावकों व कर्मचारियों से बातचीत की है। रिपोर्ट जल्द सौंप दी जाएगी।'' प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपी ने 10 और 11 साल के बच्चों द्वारा सोते समय बिस्तर गीला किए जाने पर उन्हें लोहे की गर्म छड़ से दागा। एक अधिकारी ने कहा, ''बच्चों ने पिटाई किए जाने और चुप रहने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।'' वीडियो में ग्रामीणों ने वार्डन पर पहले भी उन पर लाठियों से हमला करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच में यह भी देखा जाएगा कि गुरुकुल की उचित निगरानी की जा रही थी या नहीं। इस बीच, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने लापरवाही का दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई और गुरुकुल को बंद करने की मांग की।

## भारत अमेरिका से बढ़ा रहा तेल खरीद, हम नहीं हैं रूस के सबसे बड़े ऑयल बायर : विदेश मंत्री

**मॉस्को ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका से लगातार कच्चे तेल की खरीद को



बढ़ा रहा है। साथ ही, बताया कि हम रूस के सबसे बड़े क्रूड ऑयल खरीदार नहीं हैं। जयशंकर की ओर से यह बयान ऐसे समय पर दिया गया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लगाने का ऐलान किया गया है। मीडिया से बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं है, बल्कि वह चीन है। हम रूसी एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, बल्कि वह यूरोपियन यूनियन है। हम वह देश नहीं हैं, जिसका 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे बड़ा उछाल आया। मुझे लगता है कि ऐसे कुछ देश दक्षिण में हैं। उन्होंने आगे कहा, "भारत एक ऐसा देश है, जहां अमेरिकी पिछले कुछ वर्षों से कह रहे है।

## केंद्रीय संचार मंत्री ने डाक सेवाओं के एक नए डिजिटल युग की शुरूआत की

### आई.टी. 2.0 का शुभारंभ - उन्नत डाक प्रौद्योगिकी

**एजेंसी । नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पना और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया



के मार्गदर्शन में डाक विभाग ने आईटी. 2.0 - उन्नत डाक प्रौद्योगिकी को सफलतापूर्वक लागू किया है। यह ऐतिहासिक डिजिटल उन्नयन, विभाग के 1.65 लाख डाकघरों में से प्रत्येक के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो भारत सरकार के डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है। आई.टी. 2.0 देश के हर कोने में तेज, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-केंद्रित डाक और वित्तीय सेवाएँ लाता है, जो समावेशिता और सेवा उत्कृष्टता के प्रति भारतीय डाक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 1.0 की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, हाल ही में लॉन्च किया गया उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) प्लेटफॉर्म एक माइक्रोसर्विस-आधारित एप्लिकेशन प्रस्तुत करता है जो तेज, अधिक विश्वसनीय और उपयोगकर्ता-अनुकूल, नागरिक-केंद्रित सेवाएँ प्रदान करता है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित, यह एप्लिकेशन भारत सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया गया है और बीएसएनएल की राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी द्वारा समर्थित है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया कहते हैं, एटीपी भारतीय डाक को एक विश्वस्तरीय सार्वजनिक लॉजिस्टिक्स संगठन में परिवर्तित कर देगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, यह पूरी ताकत के साथ आत्मनिर्भर भारत है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर डिजिटल इंडिया का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह रोलआउट चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। कर्नाटक डाक परिमंडल (मई-जून 2025) में एक सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद, सिस्टम और रणनीति को और बेहतर बनाने के लिए लर्निंग्स को शामिल किया गया। मई-जून 2025 के महीने में कर्नाटक डाक परिमंडल में एक सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद, इस योजना को चरणबद्ध और सुव्यवस्थित तरीके से लागू किया गया। प्रमुख समस्याओं की पहचान की गई और प्रणाली व रणनीति को बेहतर बनाने के लिए लर्निंग्स को शामिल किया गया। इसके बाद, झारखंड डाक परिमंडल में 08 से 22 जुलाई 2025 तक एक सावधानीपूर्वक चरणबद्ध तरीके से योजना को लागू किया गया । 4 अगस्त 2025 को सभी 23 डाक परिमंडलों में इसकी शुरूआत हुई, जिसमें 1.70 लाख से ज्यादा कार्यालय, जिनमें सभी डाकघर, डाक कार्यालय और प्रशासनिक इकाइयाँ शामिल हैं, जो एपीटी पर लाइव हैं।

### बेटे की हत्या कर फरार अमेरिकी महिला भारत में गिरफ्तार

## एफबीआई की टॉप-10 मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल, 2 रुपए करोड़ का इनाम था

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की



एक टॉप-10 मोस्ट वांटेड भगोड़ी महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी रॉड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त 2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टॉप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी।



**बिग बॉस 19**

## सलमान खान की फीस उड़ा देगी होश, कन्फर्म कंटेस्टेंट्स टीआरपी बढ़ाएंगे सितारे!

बिग बॉस 19 का प्रीमियर 24 अगस्त को होगा और यह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगा। इस सीज़न में "घरवालों की सरकार" थीम पेश की गई है और यह अपने रोमांचक एपिसोड्स के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। सलमान खान की भारी भरकम फीस और भी बहुत कुछ। प्रशंसक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि इस शो में कौन-कौन शामिल होगा। अभिनेता सलमान खान होस्ट के रूप में वापसी करेंगे। इसके अलावा, फराह खान और अनिल कपूर भी बिग बॉस 19 के सह-होस्ट के रूप में शामिल हो सकते हैं।

कहानी फिल्म जगत की

